kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-11 | अंक-345 | शुक्रवार, 19 जनवरी 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



राहुल गांधी को बाल की खाल खींचने की आदत पड़ गयी है। केन्द्र प्रदेश व देश के सहयोग से प्रभु राम का भव्य मंदिर निर्माण हुआ है और भगवान अपने घर में आ रहे है। जहां एक ओर जनभावनायें परवान चढ़ रही है वहीं दूसरी ओर आमजन की भावनाओं का अनादर करना दुर्भाग्यपूर्ण है। अनिल राजभर

ईडी ने पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले में मारे छापे 11

'बिल लाओ ईनाम पाओ' योजना के तहत 14वें लकी ड्रॉ की घोषणा 12

# गन्ना मूल्य में 20 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने किसान हक में निर्णय लेते हुए गन्ना मूल्य में 20 रुपये प्रति कुंतल की बढ़ोतरी का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को लोकभवन में हुई कैबिनेट बैठक में गन्ना मूल्य में वृद्धि के साथ सेमी कंडक्टर नीति समेत कई अन्य प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी है।

बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना एवं उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने पत्रकारों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गन्ना मूल्य में 20 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि का प्रस्ताव पास हुआ है। इस वृद्धि के बाद गन्ना का मूल्य उप्र में 370 रुपये प्रति कुंतल खरीदा जाएगा। पिछले छह वर्षों में गन्ना मूल्य में अब तक 55 रुपये की बढ़ोतरी हो चुकी है। वर्तमान सत्र में किसानों का 86 प्रतिशत गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा चुका है। एकमुश्त करना होगा गन्ना भुगतान कैबिनेट ने पेराई सत्र 2023-24 के लिए प्रदेश की सभी चीनी मिलों (सहकारी क्षेत्र, निगम एवं निजी क्षेत्र) द्वारा क्रय किये जाने वाले गन्ने का राज्य परामर्शित मूल्य (एसएपी) का निर्धारण कर दिया है। यह भी निर्णय लिया गया है कि चालू पेराई सत्र के लिए निर्धारित किए गए राज्य परामर्शित मूल्य (एसएपी) के अनुसार देय गन्ना मूल्य का भुगतान चीनी मिलों द्वारा किसानों को एक मुश्त दिया जाए। चालू पेराई सत्र के लिए चीनी मिलों के वाह्य क्रय केन्द्रों से गन्ने का परिवहन मिल गेट तक कराये जाने के मद में होने वाली ढुलाई कटौती की दर 45 पैसे प्रति किलोमीटर अधिकतम नौ रुपये प्रति कुन्तल निर्धारित की गई है। ● शेष पेज 11 पर

## योगी कैबिनेट : सेमीकंडक्टर नीति सहित अन्य प्रस्ताव पास



- चीनी मिलों को वाहय क्रय केन्द्रों चीनी मिल गेट तक गन्ना लाने के लिए ढुलाई भाड़े में 65 पैसे प्रति कुंतल की रियायत
- प्रदेश में तीन नये निजी विश्वविद्यालयों का रास्ता साफ
- अयोध्या के एयरपोर्ट का नामकरण महर्षि वाल्मीकि के नाम का प्रस्ताव पास

### अतीक- अशरफ हत्याकांड जांच रिपोर्ट विधानसभा में पेश होगी

लखनऊ। योगी सरकार ने प्रयागराज में अतीक अहम व अशरफ की हत्या के मामले में बने जांच आयोग की रिपोर्ट स्वीकर कर ली है। इसके अलावा प्रयागराज में ही वकील कृष्ण कुमार पाल व उनके दो अंगरक्षकों की हत्या में वांछित अभियुक्तों के साथ पुलिस मुठभेड़ की घटनाओं की जांच संबंधी रिपोर्ट भी कैबिनेट अनुमोदित कर दी। वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि अब इन दोनों रिपोर्टों को विधानसभा के सत्र में पेश किया जाएगा। कैबिनेट ने गुरुवार को इससे संबंधित रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। असल पिछले साल थाना धूमनगंज, प्रयागराज में कृष्ण कुमार पाल उर्फ उमेश पाल एवं उनके 02 अंगरक्षकों की निर्मम हत्या हो गई। इसमें वांछित चल रहे अभियुक्तगण के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ की घटनाओं की जांच के लिए उच्च न्यायालय इलाहाबाद के सेवानिवृत्त न्यायाधीश राजीव लोचन मेहरोत्रा की अध्यक्षता में आयोग बनाया गया। इसमें पूर्व डीजीपी विजय कुमार गुप्ता शामिल किए। इसी तरह पिछले साल प्रयागराज के थाना-शाहगंज अन्तर्गत उमेश पाल हत्याकाण्ड में पुलिस रिमाण्ड पर लिये गये अभियुक्त, अतीक अहमद व खालिद अजीम उर्फ अशरफ को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पुलिस द्वारा मोती लाल नेहरू मण्डलीय चिकित्सालय, प्रयागराज ले गई। वहां अचानक हुई फायरिंग में उक्त अभियुक्तों की मृत्यु हो गई। इस घटना की जांच को उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पूर्व मुख्य न्यायाधीश दिलीप बाबा साहब भोंसलेकी अध्यक्षता में गठित पांच सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग बनाया गया। इस आयोग ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी। कैबिनेट ने इसे मंजूरी देते हुए जांच रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखने को मंजूरी दे दी।

# गर्भगृह में विराजमान हुए रामलला

एजेंसी


अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर के गर्भगृह में गुरुवार को रामलला विग्रह को अपने आसन पर स्थापित कर दिया गया।

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंदिर के गर्भगृह में आज वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रामलला के विग्रह की स्थापना हुयी। गर्भगृह में गणेशाम्बिका पूजन, वरुण पूजन, चतुर्वेदोक्त पुण्याह वाचन, मातृका पूजन, वसोर्धारा पूजन (सप्तघृत मातृका पूजन), आयुष्यमन्त्र जप, नान्दी श्राद्ध, आचार्यादि ऋत्विग्वरण, मधुपर्क पूजन, मण्डप प्रवेश, पृथ्वी-कूर्म-अनन्त-वराह-यज्ञभूमि पूजन, दिग्रक्षण, पंचगव्य प्रोक्षण, मण्डपांग वास्तु पूजन, वास्तु बलिदान, मण्डप सूत्र वेष्टन, दुग्ध धारा, जलधारा करण, षोडश स्तम्भ पूजनादि, मण्डप पूजा (तोरण, द्वार, ध्वज, आयुध, पताका, दिक्पाल, द्वारपालादि पूजा), मूर्ति का जलाधिवास, गन्धाधिवास, सायंकालिक मंत्रोच्चारण के द्वारा अनुष्ठान किया गया। इससे पहले बुधवार देर रात श्रीरामलला की रजत प्रतिमा को पालकी में विराजमान कर श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य एवं यजमान डा. अनिल मिश्रा ने जन्मभूमि परिसर का भ्रमण कराया, जिसमें काशी से आये विद्वान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन करते रहे। इस दौरान गर्भगृह में पुष्प वर्षा की गयी। पूरे परिसर में जगह-जगह पर सुंदर सजावट भी की गयी थी। गर्भगृह से सिंहासन, पूजन शुरू हो गया है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला को कल प्रातः औषधिवास, केसराधिवास, घृताधिवास और सायंकाल धान्याधिवास को मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न कराया जायेगा। इस अनुष्ठान में काशी के श्रद्धेय गणेश शास्त्री, द्राविड़ एवं प्रमुख आचार्य श्री लक्ष्मीकांत दीक्षित सम्मिलित होंगे। गौरतलब है कि कल देर शाम रामसेवकपुरम् से बंद डीसीएम में विग्रह को रखकर रामजन्मभूमि के गेट नं. दो से प्रवेश कराया गया था। मूर्तिकार अरुण योगीराज के द्वारा तराशी गयी 51 इंच की प्रतिमा श्याम रंग की है, जिसका वजन दो टन बताया गया है। फिलहाल प्रतिमा को अभी ढका गया है। डीसीएम धर्म पथ, राम पथ और भक्ति पथ से होता हुआ प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचा, फिर इसके बाद दशरथ महल के रास्ते रंगमहल से होते हुए रामजन्मभूमि परिसर के गेट ● शेष पेज 11 पर

## मोदी ने राम मंदिर पर स्मारक डाक टिकट जारी किया

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को समर्पित छह विशेष स्मारक डाक टिकट जारी किए, साथ ही विश्व के अलग-अलग देशों में प्रभु श्रीराम से जुड़े जो डाक टिकट पहले जारी हुए हैं, उनका भी एक एल्बम आज जारी किया गया।

इस अवसर पर श्री मोदी ने भारत और विदेशों में प्रभु श्रीराम के भक्तों को बधाई देते हुये कहा,ह्लहम सभी जानते हैं कि पत्र या महत्वपूर्ण दस्तावेज भेजने के लिए लिफाफ़े पर ये टिकट चिपकाए जाते हैं। लेकिन वे एक अन्य उद्देश्य भी पूरा करते हैं। डाक टिकट ऐतिहासिक घटनाओं को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने के माध्यम के रूप में भी काम करते हैं। इसलिए जब भी आप किसी को डाक टिकट के साथ कोई पत्र या वस्तु भेजते हैं, तो आप उन्हें



इतिहास का एक टुकड़ा भी भेज रहे होते हैं। ये टिकट सिर्फ कागज का टुकड़ा नहीं, बल्कि इतिहास की किताबों, कलाकृतियों और ऐतिहासिक स्थलों का सबसे छोटा रूप हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये स्मारक टिकट युवा पीढ़ी को प्रभु श्रीराम और उनके जीवन के बारे में जानने में भी मदद करेंगे। इन टिकटों पर कलात्मक अभिव्यक्ति के ● शेष पेज 11 पर

### 22 जनवरी को केंद्रीय संस्थानों में आधे दिन की छुट्टी

नयी दिल्ली। अयोध्या में 22 जनवरी को नवनिर्मित राम जन्म भूमि मंदिर में राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर केन्द्र सरकार के कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहेगा। कार्मिक, जन शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के गुरुवार को जारी एक परिपत्र के अनुसार अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर केन्द्र सरकार के सभी कार्यालय और केन्द्र सरकार के उपक्रम पूर्वाह्न साढ़े नौ बजे से अपराह्न ढाई बजे तक बंद रहेंगे। मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह सूचना सभी संबद्ध विभागों और कार्यालयों को प्रेषित कर दी गयी है।

## नाव झील में डूबी, 12 बच्चों और 2 शिक्षकों की मौत

वडोदरा। गुजरात के वडोदरा में हरणी झील में नाव पलट गई। नाव पलटने से 14 लोगों की मौत हो गई। नाव पर निजी स्कूल के 27 छात्र सवार थे और तो और उन्हें बिना लाइफ जैकेट पहने ही नाव में बिठाया गया था।

गुजरात के गृहमंत्री हर्ष संघवी ने 14 लोगों की मौत कंफर्म की है। हरणी झील में डूबने से 12 बच्चे और 2 टीचर की मौत हुई है। वह वडोदरा के प्रभारी मंत्री भी हैं।

नाव पलटने की घटना को लेकर गुजरात के सीएम ने दुख जताया है. उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'वडोदरा की हरणी झील में नाव पलटने से बच्चों के डूबने की घटना अत्यंत हृदय विदारक है। मैं अपनी जान गंवाने वाले मासूम बच्चों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। दुःख की इस घड़ी में उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ। दयालु ईश्वर उन्हें यह दुःख सहने की शक्ति दे। नाव पर सवार छात्रों और शिक्षकों का बचाव अभियान फिलहाल जारी है। सिस्टम को दुर्घटना के पीड़ितों को तत्काल राहत और उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया गया है।

## ज्ञानवापी में सील वुजूखाने का कल खुलेगा ताला, होगी सफाई

एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी में सील वुजूखाने का शनिवार को ताला खुलेगा। डीएम की मौजूदगी में यहां पर साफ सफाई का काम होगा। वुजूखाने में मरी मछलियों और पानी की सफाई की जाएगी। गुरुवार को वाराणसी के डीएम एस राजलिंगम ने मुकदमे के दोनों पक्षों व पुलिस प्रशासन के साथ बैठक कर इस बारे में निर्णय लिया। सुबह नौ बजे से 11 बजे के बीच सफाई का काम होगा। काशी विश्वनाथ धाम परिसर में हुई बैठक में मुस्लिम पक्ष ने वुजू के लिए और बेहतर व्यवस्था की मांग भी की। हिंदू पक्ष के प्रार्थना पत्र पर सुप्रीम कोर्ट ने दो दिन पहले डीएम की निगरानी में सफाई का आदेश दिया था।

ज्ञानवापी में कोर्ट कमिश्नर के सर्वे के दौरान वुजूखाने में शिवलिंग जैसी आकृति होने की बातें सामने आई थीं। हिन्दू पक्ष ने इसे ही असली शिवलिंग बताया गया था। जबकि मुस्लिम पक्ष ने इसे फव्वारा बताया



था। इसे किसी तरह का नुकसान न पहुंचाया जा सके, इसलिए हिन्दू पक्ष की याचिका पर कोर्ट ने वुजूखाने को सील करने का आदेश दिया था। तभी से इसे सील कर दिया गया था। वुजू के लिए लगे टैंक में मछलिया भी पाली गई थीं। इसके सील होने से मछलियां मरने लगी थी। इसी को लेकर हिंदू महिला पक्ष ने अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया कि वहां मौजूद मछलियां मर गईं हैं। इसके चलते वाटर टैंक से बदबू आ रही है। अर्जी में कहा गया है कि चूंकि वहां मौजूद शिवलिंग हिंदुओं के लिए पवित्र है और उसे सभी गंदगी, मृत जानवरों आदि से दूर रखा जाना चाहिए और साफ स्थिति में होना चाहिए। ऐसे में वहां की सफाई होनी चाहिए।

## सीएम योगी की मौजूदगी में दारा सिंह चौहान ने किया नामांकन

- प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य व ब्रजेश पाठक रहे मौजूद

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान ने गुरुवार को विधान परिषद की एक सीट के लिए हो रहे उपचुनाव में नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे। सपा द्वारा उम्मीदवार न उतारे जाने के चलते दारा सिंह की जीत लगभग तय है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद किसी भी दिन ओमप्रकाश राजभर व दारा सिंह को मंत्री पद की शपथ दिलाई जा सकती है।

दारा सिंह गुरुवार को सुबह पहले भाजपा के राज्य मुख्यालय पहुंचे। वहां पार्टी नेताओं ने उनका स्वागत किया। फिर उन्होंने विधान भवन पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। गौरतलब हो कि राज्यसभा सदस्य



बने डा. दिनेश शर्मा के इस्तीफा देने के बाद रिक्त हुई विधान परिषद की सीट पर पहले मतदान 29 जनवरी को होना था लेकिन 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के कारण सार्वजनिक अवकाश की घोषणा के बाद निर्वाचन आयोग ने सोमवार को संशोधित चुनाव कार्यक्रम जारी किया था। अब 30 जनवरी को उपचुनाव होगा। वहीं नाम वापसी 22 जनवरी के बजाय 23 जनवरी को होगी। डा. शर्मा की एमएलसी सीट का कार्यकाल 30 जनवरी 2027 तक है। नामांकन के दौरान वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, आशीष पटेल, निषाद पार्टी के अध्यक्ष व मंत्री डा. संजय निषाद, सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर, बल्देव सिंह ओलख, भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला सहित अन्य मौजूद रहे।

## अभी और गहराएगी ठंड, 20 जनवरी से बदलेगा हवा का रुख, गिरेगा पारा

लखनऊ। मौसम विभाग के अनुसार ठंड का प्रकोप अभी और बढ़ेगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी 20 जनवरी से हवा का रुख एक बार फिर पुरवा के बजाए पछुवा होने वाला है। इस वजह से रात के तापमान में और गिरावट आएगी। उन्होंने बताया कि पिछले एक सप्ताह से चल रहा कोल्ड डे या सीवियर कोल्ड डे का सिलसिला भी आगे जारी रहेगा। दिन में धूप नहीं निकलेगी और कुहासा बना रहेगा। फिलहाल अगले 24 घंटों के दौरान पश्चिमी यूपी में कुछ स्थानों पर घना से बहुत घना कोहरा और पूर्वी यूपी में एक या दो स्थानों पर घना कोहरा छाया रहने के आसार हैं। राज्य के कुछ स्थानों पर कोल्ड डे या सीवियर कोल्ड का प्रकोप भी बना रहेगा। बीते 24 घंटों के दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कही-कहीं घना तो कहीं बहुत घना कोहरा छाया रहा। पूर्वी यूपी में कहीं-कहीं मध्यम तो कहीं घना कोहरा रहा। बरेली मण्डल में दिन के तापमान में काफी गिरावट आई। गोरखपुर, वाराणसी, ● शेष पेज 11 पर

## अमीर-गरीब बच्चों एक समान मिले शिक्षा : केजरीवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि देश के अंदर अमीर और गरीब सभी बच्चों को एक समान शिक्षा मिलनी चाहिए।

श्री केजरीवाल ने आज यहां त्यागराज स्टेडियम में आयोजित एक्सीलेंस इन एजुकेशन अवार्ड 2023 समारोह में 10वीं और 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 218 बच्चों और स्कूलों को पुरस्कृत करने के दौरान यह बातें कहीं। उन्होंने कहा, देश के हर बच्चे को अगर अच्छी शिक्षा दे दी जाए तो यह बच्चे ही देश को विकसित बना देंगे। दिल्ली में हमने सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर यह दिखा दिया है। देश के अंदर अमीर और गरीब सभी बच्चों को एक समान शिक्षा मिलनी चाहिए। हमारी सरकार ने दिल्ली के अंदर सभी बच्चों को एक जैसी शिक्षा उपलब्ध कराने की उपलब्धि हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा, हमारे स्कूलों और शिक्षा प्रणाली का फर्ज है कि हर बच्चा पूरी तरह



से अपनी क्षमता को हासिल कर पाए, उसके लिए वैसा अवसर प्रदान करें। दिल्ली के सभी सरकारी स्कूलों में तरह-तरह की सुविधाएं देने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि हर बच्चा अपने हुनर को निखार पाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के अंदर आई शिक्षा क्रांति का श्रेय सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को जाता है। दिल्ली सरकार के स्कूलों में 60-70 हजार शिक्षक काम करते हैं। राज्य सरकार ने सरकारी स्कूलों में अच्छा माहौल दिया। आज दिल्ली के सरकारी स्कूलों के ● शेष पेज 11 पर

# 'लाल सागर, अदन की खाड़ी में राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा करेगी भारतीय नौसेना'

### ईरान एवं पाकिस्तान के बीच के मामले में कोई टिप्पणी नहीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने लाल सागर एवं अदन की खाड़ी में ड्रोन हमलों पर चिंता जताते हुए आज स्पष्ट किया कि वह मालवाहक पोतों पर आतंकवादी हमलों को रोकने के लिए कोई बहुपक्षीय गठजोड़ में शामिल नहीं है लेकिन नौवहन के मार्गों की सुरक्षा को लेकर भारतीय नौसेना वहां गश्त कर रही है ताकि भारत के आर्थिक हित प्रभावित नहीं हों।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में यमन के हूती आतंकवादियों के मालवाहक पोतों पर ड्रोन हमलों के बारे में पूछे गये कई सवालों के जवाब में यह स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने कहा, ह्ल जहां तक लाल सागर की स्थिति और विदेश मंत्री के ईरान दौरे का सवाल है, आपने देखा होगा कि जब वह तेहरान में थे तो उन्होंने एक विस्तृत संयुक्त प्रेस वक्तव्य दिया था। लाल सागर और अदन की खाड़ी के मुद्दे, वहां की हिंसा और वहां की चीजों की नाज़ुक प्रकृति पर चर्चा की गई।

श्री जायसवाल ने कहा, ह्लहम वहां की समूची स्थिति को लेकर बेहद चिंतित हैं। इसका न केवल हम पर प्रभाव पड़ता है, बल्कि यह न केवल भारत, बल्कि दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण शिपिंग मार्ग है। इसलिए वहां होने वाली किसी भी अप्रिय गतिविधि से हमारे राष्ट्रीय हित प्रभावित हो रहे हैं। हमारी भारतीय नौसेना इस क्षेत्र में गश्त कर रही है और इन समुद्री मार्गों को सुरक्षित करने का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रही है ताकि हमारे आर्थिक हित प्रभावित न हों।एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने यह भी साफ किया कि भारत अदन की खाड़ी या लाल सागर में हालात पर पैनी नज़र रखे हुए है लेकिन अमेरिका या अन्य किसी देश के साथ बहुपक्षीय गठजोड़ में



शामिल नहीं है। ईरान द्वारा पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों के ठिकानों पर हमला करने और पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई के बारे में पूछने पर प्रवक्ता ने कहा कि भारत ने बुधवार को एक प्रेस वक्तव्य में आतंकवाद को लेकर अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा था कि यह ईरान और पाकिस्तान के बीच का मामला है। जहां तक भारत का सवाल है, आतंकवाद के प्रति हमारा रुख बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करने का है। हम उन कार्रवाइयों को समझते हैं जो देश अपनी आत्मरक्षा में करते हैं। प्रवक्ता ने पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वह ईरान एवं पाकिस्तान के बीच के मामले में कोई टिप्पणी नहीं करेंगे।

भारत एवं चीन के बीच संबंधों को लेकर एक सवाल के जवाब में श्री जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर कह चुके हैं कि हमारे चीन के साथ संबंध सामान्य नहीं है। हम चाहते हैं कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति का वातावरण बने। दोनों देशों के बीच राजनयिक एवं सैन्य स्तर पर बातचीत जारी है। बीते साल अक्टूबर एवं नवंबर में आखिरी बार दोनों स्तर पर बैठकें हुईं थीं। आने वाले दिनों में और भी बैठकें होंगी। मालदीव से जुड़े कुछ सवालों के जवाब में प्रवक्ता ने कहा कि दोनों देशों के बीच हाल में 14 जनवरी को राजनयिक स्तर पर कोर ग्रुप की बैठक हुई है। इस बैठक में जो भी चर्चा हुई उसे प्रेस विज्ञप्ति में साझा किया गया था। यह बातचीत एक सतत प्रक्रिया है। भारतीय हवाई प्लेटफॉर्म्स के उपयोग को लेकर दोनों पक्षों ने पारस्परिक रूप से व्यावहारिक समाधान खोजने पर चर्चा की। यह सतत चर्चा जारी है, इसलिए इसमें प्रगति की उम्मीद है। जल्द ही कोर ग्रुप की अगली बैठक में उन बातों पर चर्चा की जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में इज़रायल के खिलाफ नरसंहार को लेकर दक्षिण अफ्रीका के मामले पर भारत के रुख को लेकर पूछे गये सवाल के जवाब में श्री जायसवाल ने कहा, इजरायल-हमास मुद्दे के बारे में ● शेष पेज 11 पर

# विकसित भारत संकल्प यात्रा ने लिया जन आंदोलन का रूप : केशव प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा लाभार्थियों के साथ किये गये वर्चुअल संवाद कार्यक्रम को सुना। वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाभी वितरित किया व विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया। मौर्य ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा ने जन आंदोलन का रूप ले लिया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा शासकीय योजनाओं से वंचित पात्र हितधारकों के लिए स्वर्णिम अवसर है। विकसित भारत संकल्प यात्रा 2047 तक विकसित भारत संकल्प में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होने कहा कि हम सभी भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र व दुनिया की महाशक्ति बनाने के संकल्प के साथ इस कार्यक्रम से जुड़े। वहीं उन्होने एक अच्छे नागरिक के रूप में अपना कर्तव्य निभाने से सम्बंधित शपथ भी दिलाई। वहीं इस मौके पर उन्होने कहा की सभी लोग 22 जनवरी को दीप जलाने की तैयारी करें। गांव, मोहल्लों मन्दिरों व सभी स्थानों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलायें, रंगोली सजायें और 22 जनवरी को अपने घरों में दीप जलाकर अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की खुशी मनायें।

# 25 जनवरी को होगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में मतदाता दिवस आयोजन के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी आगामी 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा। जनपद के समस्त कार्यालयों एवं विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखने तथा धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने सम्बंधि शपथ ली जाएगी। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जनपद में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। उन्होंने मतदाता जागरूक कार्यक्रम कराने के लिए कॉलेज स्तर पर कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रतियोगिताएं कॉलेज स्तर से प्रारंभ होकर जनपद स्तर तक की जाएं तथा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अच्छे स्लोगन राइटिंग निबंध आदि को संकलित करने के निर्देश दिए ताकि जनपद स्तर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन पुरस्कृत किया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन स्कूल व शैक्षिक संस्थानों में प्रजातात्रिक मूल्यों के उत्प्रेरण हेतु वोट जैस कुछ नही, वोट जरूर डालेंगे हम विषय पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित किये जाने सम्बधी निर्देश दिए।

## कल नगर में निकलेगी श्रीरामोत्सव शोभा यात्रा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** श्री अयोध्याधाम जन्मभूमि मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में एक ऐतिहासिक श्रीरामोत्सव शोभा यात्रा लखनऊ में 20 जनवरी से होने जा रही है। शोभा यात्रा संयोजक उत्तर विधानसभा विधायक डा नीरज बोरा ने कहा कि लखनऊ की धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक संस्थाओं के तत्वावधान तथा भगवद्चरणानुरागी इस शोभा यात्रा में सम्मिलित होंगे। समाज सेविका बिंदु बोरा ने बताया कि 20 जनवरी की शोभा यात्रा हेतु भगवान श्रीराम दरबार के रथ का श्रंगार अलीगंज स्थित श्रीमान शरद के आवास पर प्रारंभ हो चुका है, इस रथ की खूबी यह है कि इसे रस्सी से खींच कर ले जाया जाएगा। भगवान के विभिन्न स्वरूप के दर्शन भी प्राप्त होगें, मार्ग में स्थान स्थान पर आरती और पुष्प वर्षा होगी। वहीं प्रवक्ता अनुराग साहू ने बताया कि शोभा यात्रा प्रात 10 बजे आरम्भ सरस्वती शिशु मन्दिर, निराला नगर होकर डालीगंज बाजार, आईटी चौराहा, हनुमान सेतु होते हुए खाटूश्याम मन्दिर, गोमती तट पर समापन होगा।

## हमारे राम आयेंगे पर आधारित वीडियो एल्बम का लोकार्पण



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने उत्तर प्रदेश सदन 'त्रिवेणी' दिल्ली के कांफ्रेंस हाल में सुप्रसिद्ध कवियित्री, लेखिका एवं साहित्य सेवी डा अंजना सिंह सेंगर द्वारा सृजित गीत 'हमारे राम आयेंगे' पर आधारित वीडियो एल्बम का लोकार्पण किया। परिवहन मंत्री ने गीत की सराहना करते हुए कहा कि डा अंजना सिंह द्वारा सृजित इस गीत में भारत के जन जन का आह्लाद और भाव, शब्दों में पिरो दिया गया है। लोकार्पण के अवसर पर गीत की रचनाकार डा अंजना सिंह सेंगर ने बताया कि यह गीत वस्तुतः विगत 22 जनवरी, 2021 को राम मंदिर निर्माण की घोषणा के समय ही लिखा गया था, और यह ईश्वर की इच्छा और नियति ही है कि यह गीत प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर लोकार्पित हो रहा है।

## लखनऊ स्मार्ट सिटी लिमिटेड की 21वीं बोर्ड बैठक सम्पन्न

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में लखनऊ स्मार्ट सिटी की 21वीं बोर्ड बैठक लखनऊ स्मार्ट सिटी कार्यालय में सम्पन्न हुई। स्मार्ट सिटी के तहत लखनऊ में विभिन्न कार्यों में तेजी लाये जाने के उद्देश्य से मण्डलायुक्त एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा बोर्ड बैठक में परियोजनाओं से सम्बन्धित समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि जनेश्वर मिश्रा पार्क में विकसित मल्टीमीडिया लेजर शो, हेल्थ एटीएम, हैपिनेस पार्क, वेस्ट टू वन्डर पार्क एवं सीनियर केयर सेन्टर जैसे विभिन्न परियोजनाओं का कार्य लगभग पूर्ण करा लिया गया है। शेष निर्माणधींन कार्यो को तेजी से कराया जा रहा है। बोर्ड द्वारा कुछ नई परियोजनाएं जैसे महिला कल्याण विभाग के बालिका ग्रह एवं शिशु ग्रह में कम्प्यूटर प्रशिक्षण व शैक्षिक स्तर बढ़ने के लिए लैपटॉप व विभिन्न सामग्री खरीद के लिये 93 लाख का अनुमति प्रदान की गयी। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में लगभग 06 करोड़ रुपए से सिविल कार्य, सीसीटीवी कैमरे, खेल उपकरण तथा विभिन्न चीजों के लिए सहमति प्रदान की गई। भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में स्मार्ट सिटी के सभी आईटी प्रोजेक्ट की सिक्योरिटी एडिट करने के विषय में अनुमति प्रदान की गई।

## फसलों को चट कर रहे है आवारा मवेशी, किसान परेशान

**सरोजनीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सरोजनीनगर की ग्राम पंचायत निजामपुर मझिगंवा गांव में शासन प्रशासन के अधिकारियो एवं कर्मचारियों की अनदेखी के चलते किसानों द्वारा बोई गई रबी की फसल को खाकर चट कर रहे है ।जिससे किसानों की खून पसीने की गाढ़ी कमाई पानी में मिलती नजर आ रही है।किसानों का कहना है की प्रदेश सरकार द्वारा इन आवारा मवेशियों के लिए गांवों-गांवों में गौशालाओं को निर्मित करवा कर उनको उन गौशालाओं में रख कर किसानों की फसलों को बरबाद होने से बचाया जा रहा है लेकिन सरोजनीनगर का ही एक गांव मझिगांवा है जहां पर किसी भी तरह की कोई व्यवस्था नहीं है। जिसके चलते किसानों द्वारा बोई जाने वाली रबी फसलों में गेहूं , सरसो ,मटर जैसी कई फसलों को यह आवारा मवेशियों द्वारा चर कर बुरी तरस से नस्ट किया जा रहा है इससे किसान काफी परेशान और मायूस है। किसानों का कहना है की मेरे गांव में इन आवारा मवेशियों के आतंक से कब छुटकारा मिलेगा।नगर निगम इसे संज्ञान में नहीं ले रहा है। किसानों ने नगर निगम प्रशासन के अलावा शासन प्रशासन के उच्च अधिकारियों से मांग की है की समय रहते किसानों की समस्याओं का निराकरण किया जाय नही तो उनकी फसलों के नस्ट होने से उनकी गाढ़ी कमाई पर पानी फिर रहा है।

## खाद्य सामग्री एवं गर्म कपड़ों का वितरण

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो एनबी सिंह के निर्देशन में विश्वविद्यालय में चल रही पाठशाला में विश्वविद्यालय परिवार द्वारा विभिन्न खाद्य सामग्री, ऊनी कपड़ो एवं कंबल का वितरण किया गया। विश्वविद्यालय में गरीब एवं वंचित लोगों को यथासंभव सहायता दी जाती है। पाठशाला में पढ़ रहे बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु पाठ्य सामग्री, खिलौने, फल, वस्त्र आदि का वितरण किया जाता रहता है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ नलिनी मिश्रा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभय कृष्णा, डॉ रामदास कुलाशासक, डॉ नीरज शुक्ल, डॉ सुमन मिश्रा मौजूद रही।

## आल इंडिया शिया मुस्लिम महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैदर अब्बास चांद ने कम्बल वितरण किये

**लखनऊ।** बीती रात लखनऊ मे ठंडक के हाल को देखते हुए आल इंडिया शिया मुस्लिम महासभा द्वारा शिया मुसलमानो के 10वे इमाम अली नकी अलेहिसालाम की विलादत (जन्मदिन) के अवसर पर आल इंडिया शिया मुस्लिम महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैदर अब्बास चांद (वरिष्ठ सदस्य, अल्पसंख्यक आयोग उत्तर प्रदेश सरकार) के नेत्रत्व मे लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर यात्रा कर रहे यात्रियों को कम्बल वितरण किया गया. आल इंडिया शिया मुस्लिम महासभा के लखनऊ जिलाध्यक्ष जनाब कुमैल हैदर साहब ने बताया की आज हज़रत इमाम अली नकी अलैहिस सालाम की विलादत के मौके पर हमारी पुरी टीम ने यात्रा कर रहे यात्रियों को कम्बल देकर मकसद इमाम अली नकी अलैहिस्सलाम से हम सबको ये सबक मिलता है कि इंसान को दूसरो के दुख को अपना दुख समझना चाहिए और हर हाल मे दूसरो की मदत के लिए हमेशा आगे रहना चाहिये. इस मौके पर आल इंडिया शिया मुस्लिम महासभा के उत्तर प्रदेश राज्य के प्रदेश संगठन प्रभारी सैय्यद मोहम्मद काजिम ने मीडिया से बातचीत मे ये बताया की उनका संगठन उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश मे इस ठंड के मौसम मे जहां जहां गरीब और बेसहारा लोग है उनको कंबल देकर ठंड से बचाने का काम कर रहे हैं ये भी बताया कि ट्रेन से यात्रा हर समाज हर वर्ग के लोग करते हैं सर्दी के मौसम मे यात्रा करते समय कम्बल की जरूरत होती है यह सर्दी से बचाव करके स्वास्थ्य को सुरक्षित रख़ती है और यात्रा को अधिक सुखद बनाती है कम्बल न केवल वायरसो के ख़िलाफ़ बचाव प्रदान करती है ठंडक से मुकाबले के लिये भी आवश्यक है।

# भाजपा नेता को अधिवक्ता ने साथियों संग जमकर पीटा, मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मोहनलालगंज तहसीलदार न्यायिक के न्यायालय में विचाराधीन वाद की जानकारी लेने पहुंचे भाजपा नेता को प्रतिवादी की शह पर अज्ञात अधिवक्ता ने साथियों संग जमकर पीटा**

मोहनलालगंज। सलेमपुर गांव में चकमार्ग पर अवैध कब्जे के धारा -67 के मोहनलालगंज तहसीलदार न्यायिक के न्यायालय में चल रहे मुकदमें की जानकारी लेने पहुंचे भाजपा नेता की गुरूवार को कब्जेदार प्रतिवादी की शह पर अज्ञात अधिवक्ता ने साथियों संग गाली-गालौज करते हुये जमकर पिटाई कर दी।तहसीलदार न्यायिक के न्यायालय में मारपीट की घटना होने से अफरा तफरी मच गयी। भाजपा नेता ने किसी तरह मौके से भाग कर अपनी जान बचाई।पीड़ित भाजपा नेता ने एसीपी समेत प्रभारी निरीक्षक से लिखित शिकायत कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की।पीड़ित भाजपा नेता की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद समेत अज्ञात अधिवक्ता व साथियों पर मारपीट व एससी/एसटी एक्ट की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी हैं।गोसाईगंज के सलेमपुर निवासी राजेश कुमार कनौजिया ने बताया वो अमेठी मंडल से भाजपा एससी मोर्चा का अध्यक्ष है,उसके गांव में स्थित सरकारी चकमार्ग पर दबंग किस्म के विपक्षी प्रहलाद ने कब्जा कर पक्का मकान बना कर रास्ता बंद कर दिया था।

जिसका वाद मोहनलालगंज तहसीलदार न्यायिक के न्यायालय में चल रहा था.गुरूवार को वो न्यायालय में मुकदमें की स्थिति की जानकारी लेने गया था,जहां प्रतिवादी प्रहलाद की शह पर अज्ञात अधिवक्ता ने अपने साथियों की शह पर गाली-गालौज करते हुये उसकी बुरी तरह पिटाई कर दी।मारपीट की घटना से न्यायालय परिसर में अफरा तफरी मच गयी।पीड़ित भाजपा नेता ने बताया उसके किसी तरह मौके से भाग कर अपनी जान बचाई।तहसील से बाहर निकलकर पीड़ित भाजपा नेता ने स्थानीय सासंद व केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर को फोन कर पूरी घटना बताते हुये कार्यवाही की मांग की।केन्द्रीय राज्यमंत्री ने एसीपी मोहनलालगंज को फोन कर मारपीट के आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दियें।जिसके बाद एसीपी ने मोहनलालगंज पुलिस को फोन कर कार्यवाही के निर्देश दियें।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित भाजपा नेता की तहरीर पर एक नामजद समेत अज्ञात अधिवक्ता व साथियों पर मारपीट व एससी/एसटी एक्ट की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

# एलडीए ने 180 रो-हाउस भवन व व्यावसायिक निर्माण सील किये

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गुरूवार को भी एलडीए के प्रवर्तन दस्ते की सख़्त कार्यवाही जारी रही। इस दौरान काकोरी में लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में की गयी अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। वहीं गुड़म्बा में अवैध रूप से निर्मित किये गये 180 रो-हाउस भवन व जानकीपुरम में एक व्यावसायिक निर्माण को सील किया गया। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि करन यादव, मनोज चंदवानी, मदन गोपाल तिवारी व अन्य द्वारा मौदा, मोहान रोड पर लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए कालोनी विकसित की जा रही थी। जिसको सहायक अभियंता अनिल कुमार व अवर अभियंता भानु प्रकाश वर्मा, भरत पाण्डेय व प्रमोद कुमार पाण्डेय द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त कर दिया गया। वहीं प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी संजय जिंदल ने बताया कि मो उमर रजा, दुर्गेश सिंह व अन्य द्वारा गुड़म्बा के ग्राम-दसौली में लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से 180 रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा मो. शाहिद सिद्दीकी व अन्य द्वारा जानकीपुरम में लगभग 6000 वर्गफिट क्षेत्रफल में अवैध रूप से निर्माण कार्य करवाया जा रहा था। जिसको सहायक अभियंता एनएन चौबे एवं संजय मिश्रा व अवर अभियंता सुभाष शर्मा द्वारा पुलिस बल के सहयोग से सील कर दिया गया।

# संदेह के घेरे में एसटीएम का आदेश, विवाद पहुंचा मंडलायुक्त के पास

**एसडीएम को मिला समाधान करने का आदेश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। इन दिनों उप जिला अधिकारी मोहनलालगंज का एक आदेश विवादो के घेरे में है। उस पर हर तरफ से उंगलियां उठाई जा रही है।यह आदेश उप जिला अधिकारी ने मामले की जांच कराए बिना ही जारी कर दिया।यही शिकायत देवामऊ (अवध विहार योजना) निवासी राजेंद्र यादव पुत्र स्वर्गीय रामेश्वर की ओर से मंडलायुक्त को दिए गए शिकायती पत्र मे की गई है।शिकायत मे गाटा संख्या 781 पर नीम, आम,जमीन और शीशम की बाग लगी होने की बात कही गई है।शिकायत कर्ता की ओर से सभी पेड़ो के 50 वर्ष पुराने होने का दावा किया जा रहा है।बाग का 1/4 भाग लक्ष्मी देवी पत्नी राम जियावन निवासी निवासी तुलसी बिहार शिव पूरी राजा जी पुरम द्वारा 12 वर्ष पहले खरीद लिए जाने की बात कही जा रही है।शिकायत कर्ता के अनुसार क्रय विक्रय के इस मामले में तथ्यों को छिपाते हुए भूमि पर लगे हुए पेड़ो की बात नहीं की गई है।इस प्रकार मामला राजस्व चोरी का बनता है।इस मामले मे धारा 143 का उलंघन किए जाने की बात कही जा रही है।खास बात तो यह है कि इस खरीद फरोख्त मे तथ्यों को छिपाते हुए शिकायत कर्ता को मामले से दूर रखा गया है जबकि वह चौथाई भाग का हिस्सेदार है।शिकायत के आधार पर मंडलायुक्त की ओर से एस डी एम मोहनलालगंज को तथ्यों जांच करने के बाद समस्या का हल निकालने की बात कही गई है।

# सिर्फ नारों से देश का विकास नहीं हो सकता : अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार झूठे सपने दिखाने का प्रपंच करने का आरोप लगाते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सिर्फ नारों से देश विकसित नहीं हो सकता।

श्री यादव ने गुरुवार को कहा कि भाजपा की सरकार ने नौजवानों को धोखा दिया है, इसी तरह से किसानों से भी भाजपा ने झूठा वादा किया। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सिर्फ नारों से देश विकसित नहीं हो सकता है। भाजपा सरकार झूठ बोलती है, झूठे दावे करती है और सिर्फ झूठे सपने दिखाती है। जमीन पर उसका कोई काम नहीं दिखाई देता है।

उन्होने कहा कि भाजपा सरकार ने नौकरियां छीन ली है। नौजवान बायोडाटा लेकर भटक रहा है। भाजपा ने नौजवानों को हर साल दो करोड़ नौकरी देने का झूठा वादा किया था। बड़ी संख्या में पढ़े लिखे नौजवानों को इस सरकार में सम्मानजनक नौकरी नहीं मिल रही है। मजबूरी में युवा डिलीवरी ब्वाय और वेटर का काम करने पर मजबूर है।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा के 10 साल की सरकार में महंगाई और कर्ज से डूबे एक लाख से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या कर ली। महंगाई बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। किसानों की फसलों का लागत मूल्य भी नहीं निकल पा रहा है। भाजपा ने पुराने वादों को पूरा नहीं किया, अब विकसित भारत का सपना दिखा रही है। भाजपा सरकार ने यूपी में इन्वेस्टर समिट किया। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि प्रदेश में 40 लाख करोड़ का एमओयू हुआ है। लेकिन आज तक कोई भी निवेश जमीन पर नहीं दिखाई दे रहा है। प्रदेश के किसी जिले में कहीं भी फैक्ट्री या कोई कंपनी लगती नहीं दिखाई दे रही है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि जो उद्योगपति एमओयू साइन करने के लिए यूपी आये थे, वही बिहार भी गए, वही तमिलनाडु और गुजरात भी गए। देश के अन्य राज्यों के इन्वेस्टर समिट में भी गए। हर राज्य में वही बातें दोहरा कर आए। भाजपा सरकार ने देश के हर वर्ग को तबाह कर दिया है। महंगाई, बेरोजगारी, अन्याय चरम पर है। देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं है। हमारे जवान लगातार शहीद हो रहे हैं।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र, संविधान और लोकतांत्रिक अधिकारों को खत्म कर रही है। जनता के मुद्दों और उनके सवालों को उठाने पर विपक्ष के सांसदों को लोकसभा से निलंबित कर दिया जाता है। देश में लोकतंत्र, संविधान और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए भाजपा सरकार को हटाना जरूरी है। इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार को देश की सत्ता से हटाएगा। समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में पीडीए- पिछड़ा दलित, अल्पसंख्यक, पीड़ित अगड़ों और आधी आबादी महिलाओं को एकजुट कर इंडिया गठबंधन को मजबूत कर रही है।

**विधायक व ब्लाक प्रमुख समेत प्रधानों ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर किया स्वागत**

# अंतिम पायदान पर खड़े हर व्यक्ति को मिल रहा योजना का लाभ: स्वतंत्र देव सिंह





कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम,लखनऊ। केन्द्र और प्रदेश सरकार से संचालित योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है। जनवरी 22 को श्री राम लला का मंदिर खुलने जा रहा है। इस दिन हम घर घर दीपक जलाकर दीपावली मनायेंगे। यह बातें गुरुवार को नगराम के कनेरी गांव स्थित आलदेव मंदिर परिसर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कही। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने लोगों से अपील की कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प यात्रा से जुड़ कर सशक्त भारत के निर्माण में योगदान दे। और योजनाओं का लाभ उठाएं यदि किसी को विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, राशनकार्ड का लाभ नहीं मिल रहा है , कैम्पों के माध्यम से योजनाओं का लाभ उठाएं। इस दौरान ग्राम ओडिएस होने पर ग्राम प्रधान बृजेश वर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह कार्यक्रम में मौजूद जरूरत मंदों को कम्बल वितरण किया किया। अंत में आवास योजना किसान सम्मान निधि योजना का प्रमाण पत्र दिया गया । इस अवसर पर विधायक अमरेश रावत, ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र जायसवाल, खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, क्षेत्र के प्रधान अशोक रावत, विकास पटेल, अभय दीक्षित, विनीत जायसवाल, समेत क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।

# देश के सभी गांव और शहरों में पहुंच रहा मोदी की गारंटी वाला रथ : पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद के दसवें लाइव प्रसारण कार्यक्रम को लखनऊ महानगर में आयोजित भव्य कार्यक्रमों के दौरान प्रदेश अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्रियों, वरिष्ठ पदाधिकारियों ने लाभार्थियों के साथ देखा। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित विभिन्न वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कैंट विधानसभा के चंद्रभानु गुप्त नगर वार्ड के अंतर्गत मोतीलाल नेहरू पार्क में और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पश्चिम विधानसभा के लालजी टंडन वार्ड में पावर हाउस के पास लाभार्थियों के साथ देखा । प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि विकसित भारत प्रधानमंत्री मोदी का सपना है। भारत विकसित हो और आत्मनिर्भर हो, दुनिया में दुनिया का नेतृत्व करता भारत दिखाई दे, इस संकल्प के साथ प्रधानमंत्री ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' यानी 'मोदी सरकार की गारंटी'' के साथ आपके बीच आए हैं। गरीबों के लिए, गरीबी हटाने के लिए और अंतिम पायदान पर बैठे लोगों के विकास के लिए और उनको विकास की मुख्य धारा में स्थापित करने के लिए लंबे समय से सरकारे काम कर रही है लेकिन भाइयों बहनों आप सब जानते हैं कि अभी तक पुरानी सरकारों की योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती थी और सभी अभियानों को सिर्फ नारे के रूप में आगे बढ़ाती थी लेकिन मोदी सरकार में बिना किसी भेदभाव के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को, समाज में जो पिछड़े हैं, कमजोर हैं उन्हें समाज की मुख्य धारा में कैसे लाना है। सरकार की लाभार्थी परक एक-एक योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को कैसे मिलेगा उस प्रयास को सफलतापूर्वक अंजाम तक पहुंचाने के उद्देश्य से ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' योजना के साथ आपके बीच आए हैं। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' यानी मोदी जी की गारंटी वाला रथ देश के सभी गांव और शहरों में पहुंच रही है और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य हो रहा है। यह पहला अवसर है जब कोई सरकार आपके द्वारा आकर के योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संपर्क कर रही है। जो योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए हैं उन सभी को योजनाओं से अवगत कराकर पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कार्य हो रहा है।प्रधानमंत्री की इस मुहिम से जोड़कर मोदी की गारंटी वाले रथ के माध्यम से योजनाओं का लाभ दिलाएंगे।महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प को शत प्रतिशत पूरा करने के लक्ष्य को लेकर लखनऊ महानगर में प्रतिदिन दो वार्डो में वृहद स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। हमारे जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता अभियान को 26 जनवरी तक चला कर लखनऊ महानगर में वंचितों को ''मोदी की गारंटी'' की गाड़ी योजना के माध्यम से लाभ दिलाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं। जिसका परिणाम यह है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों में लखनऊ महानगर ने पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# राज्यपाल ने 500 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए बांटा प्री स्कूल आंगनवाड़ी किट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि अधिकारी अपने शक्तियों को प्रयोग जनकल्याण के लिए करें।राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने नगर निगम लखनऊ की ओर से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित आंगनवाड़ी किट का वितरण किया। इस कार्यक्रम में 500 आंगनबाड़ी केंद्रों को सुसज्जित करने के लिए प्री स्कूल किट तथा 10 अति कुपोषित बच्चों को 'मिलेट पोषण किट' का वितरण किया।

ज्ञातव्य है कि राज्यपाल की प्रेरणा से प्रदेश में आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाए जाने के लिए 9000 से अधिक आंगनवाड़ी किट प्रदान किए जा चुके हैं।

कार्यक्रम में कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत आंगनबाड़ी किट वितरण के लिए सहयोग करने वाली संस्थाओं स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, रामा कृष्णनन पेस्टीसाइड्स, मेदांता ग्रुप, मेडिकल कार्पोरेशन और करम इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधियों को राज्यपाल ने प्रशस्ति पत्र वितरित किया। राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केन्द्र को सुविधा सम्पन्न बनाये जाने व बच्चों के शिक्षण एवं खेलकूद के लिए साधन प्रदान करने के लिए सहयोगकर्ताओं को बधाई दी। कहा कि गरीब, झोपड़पट्टी में रहने वाले व अनाथ बच्चों की परवरिश, शिक्षण, स्वास्थ्य, संस्कार व उनके भविष्य के लिए समाज को आगे आना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा एवं संस्कार से वंचित बच्चे बड़े होकर गलत कार्यों में लिप्त हो जाते हैं। ऐसे बच्चों को शुरू से ही अच्छा परिवेश दिए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा की यदि समाज से बेकारी घटाना है, कानून और व्यवस्था को अच्छा करना है तो उसका एकमात्र विकल्प शिक्षा है।

## एक बार फिर से मोदी सरकार लेखनी के साथ हुआ लोक सभा चुनाव प्रचार का आगाज़




लखनऊ ।लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत आज मध्य विधानसभा मंडल एक बूथ संख्या 263,264 पोलिंग स्टेशन अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज पर दीवार लेखन अभियान के अंतर्गत महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने पार्टी का चिन्ह कमल का फूल बनाकर और ''एक बार फिर मोदी सरकार'' लिखकर अभियान को आगे बढ़ाया ।इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संजय राय महानगर महामंत्री रामवतार कन्नौजिया नगर मंत्री योगेन्द्र पटेल मंडल अध्यक्ष आनंद पांडे सहित वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार स्कार्पियों ने आटो में मारी टक्कर,मजदूर की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज।उन्नाव जनपद के असोहा थाना क्षेत्र के संडौली गांव

**मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के रानीखेड़ा गांव के पास तेज रफ्तार स्कार्पियों ने आटो में मारी टक्कर,एक मजदूर की मौत,कई सवारियां घायल**



निवासी कल्लू शर्मा ने बताया वो अपने साथी मोहनीश मिश्रा मिश्रा(32वर्ष)निवासी कंचनपुर मोहनलालगंज के माधवखेड़ा में स्थित नील फैक्ट्री में मजदूरी करते थे,गुरूवार की शाम नील फैक्ट्री से मोहनलालगंज कस्बा आकर वहा से आटो में बैठकर दोनो अपने घर जा रहे थे,जैसे ही आटो रानीखेड़ा गांव के पास पहुंचा ही था तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियों ने आटो में सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिसके बाद आटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया ओर उसमें बैठी अन्य सवारियों समेत वो ओर साथी मोहनीश मिश्रा गम्भीर रूप से घायल हो गये।दुर्घटना के बाद मौके से भाग रही स्कार्पियों कार व चालक को पुलिस ने मोहनलालगंज कस्बे में पकड़ा।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गम्भीर रूप से घायल मोहनीश मिश्रा व कल्लू समेत अन्य घायल को सीएचसी लेकर गयी,जहां डाक्टर ने मजदूर मोहनिश को मृत घोषित कर दिया।वही घायल कल्लू समेत अन्य सवारियों को प्राथमिक उपचार के बाद मौके पर पहुंचे परिजन अपने घर लेकर चले गये।मृतक मोहनीश के परिजन मौके पर पहुंचे तो कोहराम मच गया।मृतक के परिवार में पत्नी ज्योति व एक बेटा व बेटी है वो मजदूरी कर अपने परिवार के लिये दो जून की रोटी जुटाता था।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया दुर्घटना में मृतक मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

# लखनऊ सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के निदेशक मण्डल की हुई 45वीं बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ, । मण्डलायुक्त एवं अध्यक्ष, लखनऊ सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड की अध्यक्षता में लखनऊ सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के निदेशक मण्डल की 45वीं बैठक लखनऊ स्मार्ट सिटी में हुई। बैठक में निदेशक मण्डल के निदेशकों से विचार विमर्श उपरान्त बीती 26 सितम्बर को हुई बैठक में लिये गये निर्णयों पर अनुपालन, संचालन प्रतिफलों की समीक्षा, आवंटित बजट के सापेक्ष त्रैमासिक समीक्षा की गई। एलसीटीएसएल में ऐसी सीएनजी बसों, जिनकी निर्धारित आयु पूर्ण हो चुकी है तथा मार्ग पर संचालन योग्य न होने के कारण उन्हे मार्ग पर संचालन से विरत किये जाने से वर्तमान में कार्यरत चालक एवं परिचालक सर प्लस होने की स्थिति के दृष्टिगत एलसीटीएसएल में पीआरडी जवान, जो संविदा परिचालक के रूप में कार्यरत हैं, को उनके मूल विभाग वापस भेजे जाने तथा जो चालक परिवहन निगम में निर्धारित नियम एवं शर्तो के अन्तर्गत संविदा चालक के रूप में तैनात है, वह यदि परिवहन निगम में नवीन संविदा चालक के रूप में आबद्ध होना चाहते हैं, उनके आवेदन प्राप्त कर परिवहन निगम को संदर्भित किये जाने का निर्णय लिया गया। वहीं बैठक में वन यूपी वन कार्ड को प्राथमिकता के आधार पर यात्रियों मे जागरूकता स्थापित करते हुए उनका विक्रय कराये जाने, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं छात्रों को सस्ती एवं सुविधाजनक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराये जाने की दृष्टि से 60 ट्रिप की यात्रा करने हेतु 30 ट्रिप के किराये के आधार पर एमएसटी निर्गत किये जाने का निर्णय लिया गया। संविदा चालकों एवं परिचालकों को उत्तम व उत्कृष्ठ योजना का लाभ प्रदान किये जाने हेतु 05 वर्ष की बाध्यता को समाप्त करते हुए 03 वर्ष की स्वच्छ सेवा पूर्ण करने पर उक्त योजना का लाभ प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया।

# शब्द साक्षी सम्मान से सम्मानित हुए नवल किशोर त्रिपाठी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल भारतीय अनागत साहित्य संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय प्रसून के जन्मदिवस पर भरत नगर कालोनी स्थित सरस्वती अकादमी में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें इस कवि सम्मेलन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष नवल किशोर त्रिपाठी को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। जिसमें उन्हे शब्द साक्षी सम्मान से नवाजा गया। वहीं इस मौके पर कृतिकार पंडित बे अदब लखनवी की पुस्तक यारों हम बे अदब हो गए तथा प्रवीण पांडे आवारा की पुस्तक रिश्ते खून के एवं कवि राम राज भारती की पुस्तक आनाकानी का भी लोकार्पण हुआ।

# पीडब्लूडी, सहायक अभियंता ने बिजली ठेकेदार के विरुद्ध की शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता चांदनी सेठ की ओर से बिजली ठेकेदारों के खिलाफ रोड कटिंग व क्षतिग्रस्त करने की शिकायत गोसाईगंज कोतवाली मे करते हुए मुकदमा दर्ज करने की बात कही गई है। पीडब्ल्यूडी विभाग के प्रांतीय खंडसहायक अभियंता द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि बिजली विभाग की ओर से ईश्वरीय ब्रम्ह कुमारीज आश्रम के निकट बिना अनुमति के रोड कटिंग करके विजली का केबल डालने का काम किया गया है।शिकायत में ट्रांसफार्मर भी लगाये जाने की लिखी गई है। सहायक अभियंता के मुताबिक प्रदेश मे सड़को के गड्ढा मुक्त अभियान में यही लोग (बिजली विभाग के लोग) रोड़ा बन रहे है। ऐसे लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाये। इस मामले मे गोसाईंगंज एस एच ओ महेंद्र कुमार शुक्ला न की ओर से जानकारी दी गई कि लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता की तहरीर के आधार पर जांच कराई जाएगी, उसके बाद ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## पारा में बंद पड़े मकान को अज्ञात चोरों ने बनाया निशाना

पारा लखनऊ। पारा जलालपुर में बंद पड़े मकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया और मेनगेट व अंदर के कमरे का ताला तोड़कर चोरी कर ले गए।जलालपुर संतोषी माता मंदिर के पास रहने वाले रेलवे कर्मी भुवन चंद्र जोशी बीते सोमवार को घर में ताला लगाकर अपने पैतृक गांव उत्तराखंड रायपुर गए थे और बेटा मोहित एक्जाम देने गया था। अज्ञात चोरों ने भुवन चंद्र जोशी के बंद पड़े मकान को निशाना बनाया और मेनगेट व अंदर कमरे का ताला तोड़कर चोरी कर ले गए। सुबह मेनगेट का ताला टूटा देख पड़ोसियों ने मामले की जानकारी भुवन चंद्र जोशी व 112 पर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई। वहीं पुलिस के मुताबिक अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। पीड़ित बाहर है।

## जरूरतमंदो में बांटे कंबल

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तरी क्षेत्र से विधायक डा नीरज बोरा ने गुरुवार को विभिन्न स्थानों पर जरुरतमंदों में कम्बल वितरित किए। इस मौके पर उन्होने सक्षम लोगों से आह्वान किया कि वे जरुरतमंदों की मदद जरूर करें। शुरुआत फैजुल्लागंज प्रथम वार्ड अन्तर्गत महर्षि नगर से हुई जहां जरुरतमंद महिलाओं को कंबल बांटे गए।




इस अवसर पर स्थानीय पार्षद रश्मि सिंह, अशोक रावत, मण्डल अध्यक्ष रामशरण सिंह, सत्यदेव सिंह व अन्य मौजूद रहे। वहीं सीतापुर रोड स्थित मूंगफली मंडी में कंबल वितरण के दौरान पार्षद देव शर्मा मिश्र उर्फ मुन्ना मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष लवकुश त्रिवेदी, योगेन्द्र सिंह, गौरव अवस्थी, मुकेश शुक्ला, मनीष सिंह, आनन्द तिवारी व रोहित गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे।

## राज्य परामर्शित मूल्य में वृद्धि

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने बताया कि योगी सरकार की कैबिनेट बैठक में चीनी मिलों के द्वारा क्रय किये जाने वाले गन्ने का राज्य परामर्शित मूल्य में वृद्धि का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों की समृद्धि एवं विकास में गन्ने की फसल की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका है। कृषि मंत्री ने बताया कि प्रदेश के गन्ना किसानों को उनकी उपज का लाभप्रद मूल्य दिलाये जाने की दृष्टि से राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष गन्ने का राज्य परामर्शित मूल्य निर्धारित किया जाता है।

## सफर के दौरान महिला यात्री का छूटा पर्स लखनऊ मेट्रो ने लौटाया

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के जनसंपर्क विभाग के द्वारा बताया गया कि लखनऊ मेट्रो के बेहद चर्चित लॉस्ट एंड फाउंड सेल ने एक बार फिर यात्री का खोया 50 हजार रुपयों से भरा पर्स उन्हें सुरक्षित लौटा दिया। 17 जनवरी को शाम 07 बजे एक महिला यात्री सीसीएस एयरपोर्ट से विश्विद्यालय मेट्रो स्टेशन तक यात्रा कर रही थी। विश्विद्यालय मेट्रो स्टेशन पर यात्रा समाप्त कर महिला अपना पर्स ट्रेन में भूल कर चली गईं। महिला यात्री को कुछ देर बाद पर्स खोने का एहसास हुआ तो उन्होंने विश्विद्यालय स्टेशन पर तैनात कंट्रोलर को सूचित किया। स्टेशन कंट्रोलर ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रेन आईडी एवं पर्स की जानकारी भूतनाथ मेट्रो स्टेशन पर दे दी। भूतनाथ मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन रुकते ही सुरक्षा कर्मियों ने ट्रेन में पर्स ढूंढ कर स्टेशन कंट्रोलर को सौंप दिया। महिला यात्री ने अपना खोया पर्स एवं उसमें रखे 50 हजार रुपये, मोबाइल फोन सुरक्षित वापस पाकर खुशी जाहिर की।

## रुदौली उद्योग व्यापार मण्डल का हुआ गठन




लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय उद्योग किसान व्यापार मण्डल (पंजी0) की नयी इकाई का आज प्रदेश उपाध्यक्ष एवम् लखनऊ जिलाध्यक्ष नीरज गुप्ता के अथक प्रयास से रुदौली उद्योग व्यापार मण्डल का गठन किया गया साथ ही साथ महत्वपूर्ण पदों पर जिसमें राम नारायण अग्रवाल को संरक्षक शिवाजी अग्रवाल को अध्यक्ष, अमित कुमार शर्मा को महामंत्री, मोहम्मद् राशिद खान को कोषाध्यक्ष, राजकमल गुप्ताको उपाध्यक्ष, डॉक्टर उदयराज राजपूत को मंत्री पद पर रुदौली के अनेकों व्यापारी उपथिति मे बियुक्त किया गया इस अवसर पर व्यापार मण्डल कार्यकारिणी की ओर से राष्ट्रीय प्रभारी हाफ़िज़ जलील अहमद सिद्दीकी, राष्ट्रीय अध्यक्ष रितेश गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष अजय त्रिपाठी (मुन्ना), प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लखनऊ जिलाध्यक्ष नीरज गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष ताज खान एवं अनुज साहू, लखनऊ जिला महासचिव आशुतोष खरे, लखनऊ जिला उपाध्यक्ष विवेक सक्सेना, सर्वेश राजपूत (राजा) मो राजा उपथित रहे।

# दिव्यांगजनों की प्रतिभा को निखारने के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए : नरेन्द्र कश्यप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ।पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग में संचालित शादी अनुदान योजना में अधिक से अधिक लोगो को लाभ लेने हेतु प्रेरित किया जाय। पिछड़े वर्ग विभाग में संचालित छात्रवासों के मरम्मत का कार्य हेतु कार्ययोजना बनाकर तीव्र गति से मरम्मत कार्य पूर्ण किये जाय। जनपदस्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से दिव्यांगजनो को कृत्रिम एवं सहायक उपकरण देने का कार्य करे। उक्त निर्देश प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने अधिकारियों को दिये। मंत्री नरेन्द्र कश्यप गुरुवार को अपने कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनो एवं पिछड़ा वर्ग के लोगो के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है और उनके हितों का ध्यान देते हुए विभिन्न योजनाओं को संचालित कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर प्रत्येक दिव्यांगजनो एवं पिछड़ा वर्ग के लोगो तक पहुंचाने का कार्य किया जाय। योजनाओं हेतु धनराशि की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनो एवं पिछड़ा वर्ग के लोगो के लिए नई योजनाओं का प्रस्ताव तैयार किया जाय तथा योजनाओं के लिए बजट की आवश्यकता होने पर तत्काल उसकी मांग की जाय। दिव्यांगजनो की प्रतिभा को निखारने के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाय। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि पिछड़े वर्ग के छात्र व छात्राओं को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति निर्धारित समयसीमा में प्रदान किया जाय। पिछडे वर्ग के युवाओं के लिए संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण में शत प्रतिशत बायोमैट्रिक उपस्थिति ली जाय। डॉ. शकुंतला मिश्रा पुर्नवास विश्विद्यालय लखनऊ एवं जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट में प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के लिए दी जा रही सुविधाओं की जानकारी अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराई जाए। विश्वविद्यालय में दिव्यांगजनों के हितों का ध्यान रखा जाय और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाय। विश्वविद्यालय में रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही की जाय। दिव्यांगजनो के लिए संचालित पेंशन योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजनों को दिलाया जाय। बैठक में विशेष सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण सुनील कुमार चौधरी, राज्य आयुक्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण अजीत कुमार, निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण भूपेंद्र एस. चौधरी, निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ. वंदना वर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बड़े भाई की ससुराल में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के खुजेहटा गांव निवासी अजय ने बताया उसका छोटा भाई सुमेर(26वर्ष)बुधवार की शाम साढे छःबजे के करीब उसकी खुजौली गांव में स्थित ससुराल गया था,जहां रात आठ बजे के करीब वो ससुराल स्थित घर के पास बने जानवरो के बधाने वाले तबले जहा पर भूसा लगा था वहा जाकर छत की टीनशेड मे लगे लोहे की राड में मफलर के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।ससुरालीजनो ने काफी देर तक आहट ना मिलने पर खोजना चालू किया तो जानवरो के बंधाने वाले तबेले में भाई सुमेर का शव लटकता देख फोन कर सूचना दी।जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे ओर कोहराम मच गया।सूचना के बाद खुजौली चौकी इंचार्ज ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर मृतक युवक के शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया प्रथम दृष्टया जांच में पता चला है मृतक स्मैक के नशे का आदी था ओर नशे की लत के चलते आर्थिक तंगी से जूझ रहा था जिसके चलते आत्महत्या कर जान दे दी।

## लखनऊ पहुँची साध्वी ऋतम्भरा का हुआ भव्य स्वागत

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। अयोध्याधाम में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए निकलीं साध्वी ऋतम्भरा गुरुवार की सायं लखनऊ पहुंचीं। श्रीराम जन्मभूमि आन्दोलन की अग्रगण्य नेताओं में शुमार साध्वी ऋतम्भरा का लखनऊ में भव्य स्वागत किया गया। सीतापुर रोड स्थित विधायक डा नीरज बोरा के आवास पर एकत्र रामभक्तों ने ढोल नगाड़े, पुष्प वर्षा और गगनभेदी नारों के साथ साध्वी का जोरदार स्वागत किया। शुक्रवार की प्रातः वे पत्र प्रतिनिधियों और रामभक्तों से मिलेंगी। इसके बाद सड़क मार्ग से अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगी। यह जानकारी देते हुए समाजसेविका बिन्दू बोरा ने बताया कि लखनऊ में रामभक्तों ने जगह जगह उनके स्वागत की तैयारी की है।

## पारम्परिक वेशभूषा में प्रस्तुत हुआ झोड़ा नृत्य

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पर्वतीय महापरिषद लखनऊ द्वारा आयोजित 10 द्विवसीय उत्तरायणी कौथिंग का चल रहा है। जिसमें कौथिंग के पंचम दिवस पर प्रथम सत्र में 6 झोड़ा दलो की विभिन्न क्षेत्रो से आये महिलाओ की पारम्परिक वेश भूषा में झोड़ा नृत्य प्रस्तुत किया एवं सांयकालीन सत्र में उत्तराखण्ड के सुप्रसिद्ध लोक गायक जगदीश काण्डपाल रानीखेत व रंजीत दफोटी अल्मोडा ने शानदार एकल प्रस्तुति दी।

# बेबी अभिषेक गुप्ता को नगर गौरव सम्मान से किया गया विभूषित

**पालिका अध्यक्ष को नगर गौरव सम्मान से किया गया विभूषित तथा श्री राम जन्मभूमि संघर्ष गाथा 500 वर्ष नामक पुस्तक का लोकार्पण भी पालिका अध्यक्ष ने किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद। स्थानीय पंडित सूर्य दत्त आनंदी सहगल इंटर कॉलेज खैराबाद में आज नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी अभिषेक गुप्त को नगर गौरव सम्मान से विद्यालय ने सम्मानित किया विदित हो?? कि बहुत ही अल्पकाल में खैराबाद नगर क्षेत्र में विकास के कार्यों की समीक्षा करते हुए विद्यालय के प्रबंधक श्री राम जी मिश्रा तथा पूरे विद्यालय नै आज श्रीमती बेबी अभिषेक गुप्त पालिका अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खैराबाद को नगर गौरव सम्मान से सम्मानित किया इस अवसर पर श्री राम जी मिश्रा ने कहा कि नगर खैराबाद में पहली बार निर्वाचन के जरिए सनातन की सरकार आई है यह हम सभी के लिए बहुत ही गौरव की बात है तथा पालिका अध्यक्षा तथा उनके पति खैराबाद के प्रमुख समाजसेवी अभिषेक गुप्त के द्वारा नगर क्षेत्र में लगातार उत्तरोत्तर विकास की गंगा बहाने की पुरजोर कोशिश की जा रही है तथा उन्हें पर्याप्त जन समर्थन भी मिला है इसी से सरोबार होकर विद्यालय के शिक्षक तथा छात्रों के मध्य आज पालिका अध्यक्ष को नगर गौरव सम्मान से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया इस अवसर पर श्री राम जन्मभूमि संघर्ष गाथा 500 वर्ष नामक पुस्तक का भी लोकार्पणसंयुक्त रूप से मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्त तथा उनके पति समाजसेवी अभिषेक गुप्त के द्वारा किया गया तथा विद्यालय परिसर में उपस्थित गण तथा सम्मानित जनों को उसकी प्रतियां वितरित की गई इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष बेबी गुप्ता ने कहा की विद्यालय परिवार ने उन्हें जो सम्मान दिया है उसका गौरव सदा कायम रहे इसके लिए आप सभी बुजुर्गों एवं अभिभावकों के आशीष की आवश्यकता है तथा मैं भाग्यशाली हूं की आप सभी अपने परिवार की एक सदस्य मानकर मुझे प्रेरित एवं प्रोत्साहित कर रहे हैं इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रभु श्री राम के जीवन से सरोबार कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा विद्यालय परिवार के द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर प्रांत कार्यवाहक प्रशांत शुक्ला विभाग प्रचारक अभिषेक अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्त नगर शिक्षा अधिकारी विश्राम सागर राठौर सुनील मिश्रा ओमप्रकाश त्रिपाठी मोहन बिहारी वाजपेई राम जी मिश्रा बलराम कृष्ण पांडे आदमियों के पर मौजूद थे।

# गौ आश्रय स्थल में कमियां देख अधिकारियों पर भड़के एसडीएम



**गौ आश्रय स्थल पर अर्थव्यवस्थाओं को देख लगाई कड़ी फटकार, तत्काल आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहम्मदी-खीरी। क्षेत्र में गोवंश के लिए बनाए गए आश्रय स्थल का रात्रि में औचक निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम अव्यवस्थाओं को देखकर अवाक रह गए। मौजूद पशु कड़कड़ाती ठंड में बेहाल और उनके खाने के लिए हरा चारा, भूसा आदि नदारत मिला और पशुओं की रखवाली कर रहे चौकीदार नशे में टल्ली पाया गया उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को दूरभाष पर जानकारी देकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने की बात कही है। बुधवार की रात एसडीएम डॉ अवनीश कुमार गांव गुलौली में बने स्थाई गोआश्रय स्थल पर ठंड में पशुओं के लिए अलाव, हरा चारा, भूसा की उपलब्धता न पाए जाने पर उन्होंने जिम्मेदार लोगों पर नाराजगी जताते हुए कार्रवाई के लिए तैयार रहने को कहा है वहां केयरटेकर न होने के साथ पशुओं की रखवाली करता चौकीदार नशे की हालत में मिलने पर सेक्रेटरी को व्यवस्था में सुधार करने की नसीहत भी दी उन्होंने बताया केंद्र पर 299 पशु रखे जा रहे हैं जिनके लिए 50 प्रति पशु के लिए आहार शासन से दिया जाता है जिससे ग्राम निधि के खाते में 14950 प्रति दिन व्यवस्था के लिए दिया जा रहा है। इसके बाद भी स्थिति बद से बदतर बनी हुई है।

क्या बोले खण्ड विकास अधिकारी

बीडीओ अश्वनी कुमार सिंह ने बताया गौआश्रय स्थल पर अव्यवस्थाओं को लेकर जांच कराई जा रही है दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

(बीडीओ मोहम्मदी अश्वनी कुमार)

# सीतापुर में घर-घर से राम बनने के उपलक्ष्य में राममय वातावरण निर्माण हेतु राम रथ यात्रा का संचलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां।सीतापुर। आज दिनांक 17 जनवरी 2024 दिन - बुधवार को सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवां , सीतापुर में घर-घर से राम बनने के उपलक्ष्य में राममय वातावरण निर्माण हेतु राम रथ यात्रा का संचलन डीजे एवं घोष के साथ बिसवां नगर में किया गया , जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवां - सीतापुर / बालिका विद्या मंदिर बिसवां सीतापुर के लगभग 235 भैया / बहिन भारत माता , राम-सीता , लक्ष्मण , हनुमान के रूप में सजकर सम्मिलित हुए तथा नगर के गणमान्य व्यक्ति , शिशु मंदिर / बालिका विद्या मंदिर की प्रबंध समिति के बंधु बहिनें , बिसवां जिले के जिला प्रचारक जी , नगर प्रचारक जी , बिसवां जिले के वर्तमान विधायक श्री निर्मल वर्मा जी , पूर्व विधायक श्री महेंद्र सिंह यादव जी सम्मिलित हुए संचलन का प्रारंभ सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवां - सीतापुर के यशस्वी प्रबंधक श्री दिनेश चंद्रगुप्त जी ने किया , आए हुए गणमान्य व्यक्तियों ने ईश्वररूप में सजे हुए भैया / बहिनों की आरती उतारी , सभी पधारे हुए भक्तजनों , अभिभावक बंधु , माताओं / बहिनों का साथ में पुलिस प्रशासन का आभार ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रामानुज चौरसिया जी द्वारा किया गया , प्रभु श्रीराम विश्व के सभी बंधु / बहिनों एवं भैया /बहिनों का कल्याण करें , विद्यालय परिवार की ओर से सभी को राम रथ यात्रा की बहुत - बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं ।

# वन संपदा का मंडरा रहे जातिवादिता के बादल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**जातिगत समानता के चलते टाली जा रही कार्यवाही**

**मध्यम,निम्न व उच्च पदों पर जाति विशेष का कब्जा**

सकरन(सीतापुर): क्षेत्र में इन दिनों वन संपदा पर जातिवाद के बादल मंडराते नजर आ रहे हैं,जिसके चलते आलम यह है कि वन प्रभाग बिसवां क्षेत्र में इन दिनों वन संपदा संकटग्रस्त होती नजर आ रही है। यहां एक तरफ जहां प्रतिबंधित लकड़ी बिना किसी परमिशन के काटी जा रही है,वहीं कुछ अन्य दुर्लभ प्रजाति के पेड़ महज चंद कमीशन के दम पर रातों- रात गायब कर दिए जा रहे हैं। बीते महज चंद दिवसों में यहां लगभग 2 एकड़ भूखंड पर लगे प्रतिबंधित वन क्षेत्र को वन विभाग की सरपरस्ती के चलते मैदान में तब्दील कर दिया गया। संबंधित जानकारी तथा प्राप्त सूत्रों की मानें तो प्रतिबंधित लकड़ी के इस कटान में वन दरोगा नरेंद्र पाल यादव, रेंजर कमाल अहमद सिद्दीकी, डिप्टी रेंजर एस के शैलेश तथा एसडीओ वन प्रभाग विकास यादव ने वनमाफिया के साथ सांठ- गांठ कर साझी संलिप्तता निभाई। क्षेत्र में चल रहे प्रतिबंधित लकड़ी के इस कटान को लेकर जब रेंजर कमाल अहमद सिद्दीकी तथा अन्य को सूचना दी गई तो उन्होंने उल्टे शिकायत कर्ता को ही धमका कर मामले से किनारा कर लिया। यहां प्रतिबंधित लकड़ी कटान के कई मामले ऐसे भी हैं,जिनमें शिकायतकर्ता द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद वन विभाग की तरफ से लेश मात्र भी कार्यवाही नहीं की गई। ठीक ऐसे ही कुछ अन्य मामलों में वन दरोगा नरेंद्र पाल यादव ने उचित जानकारी होने के बाद भी वन माफिया के खिलाफ कोई उचित कार्यवाही नहीं की।

वन क्षेत्र में चल रहे इस अंधाधुंध कटान से जंगली जानवर अपना प्राकृतिक निवास खो रहे हैं तथा मजबूरन ग्रामीण क्षेत्रों की ओर पलायन को मजबूर हो रहे हैं। वन प्रभाग बिसवां में प्रतिबंधित लकड़ी कटान संबंधी मामलों में टाल- मटोल व ढिलाई के पीछे कमीशन खोरी तथा जातिवाद एक बड़ी वजह के रूप में सामने आ रहे हैं। यहां विभाग के निम्न पदों से मध्यम व उच्च पदों तक आसीन अधिकारी लगभग एक ही जाति से हैं, जिनमें वन दरोगा नरेंद्र पाल (यादव), एसडीओ वन प्रभाग विकास (यादव) तथा कई अन्य पदाधिकारी भी यादव समाज से संबंध रखते हैं। जाति विशेष से संबंध रखने वाले इन अधिकारियों को जहां एक तरफ शिकायतें रास नहीं आ रही, वहीं दूसरी तरफ़ ये एक दूसरे को बचाने की भी पुरजोर कोशिश करते नजर आते हैं। जातिगत समीकरण तथा अधिकारियों की हठधर्मिता के चलते वन प्रभाग बिसवां में प्रतिबंधित लकड़ी कटान संबंधी अधिकतम शिकायतें महीनों तक लंबित रहती हैं।

## रेउसा थाने में पीस कमेटी की बैठक का किया गया आयोजन

रेउसा सीतापुर। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर ट्रस्ट क्षेत्र में प्राण प्रतिष्ठा को ध्यान में रखते हुए पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कस्बे के संभ्रांत व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थाना प्रभारी रेउसा घनश्याम राम के द्वारा बताया गया की हम सभी का परमदायित्व है की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर न जाकर घर पर ही दीप प्रज्वलित कर राम उत्सव मनाए प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत सामान्य दिनों में यदि कोई भक्त अयोध्या जाना चाहता है तो रामलला के दर्शन करें। इसके साथ ही बैठक में उपस्थित संदीप बाजपेई ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का संदर्भ देते हुए थाना प्रभारी रेउसा को बताया की कोर्ट के आदेश के बावजूद भी सुबह-सुबह ही लाउडस्पीकर पर तेज ध्वनि में अभी भी नमाज़ पढ़ी जा रही है। जिस पर थाना प्रभारी के द्वारा जल्द ही लाउडस्पीकर को उतरवाकर कोर्ट का आदेश न मानने वालों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया।

## मानसिक स्वास्थ्य का प्रशिक्षण शुरू,बुवि के दो शिक्षकों ने लिया हिस्सा

झांसी। राज्य परिवार नियोजन सेवा अभिनवीकरण परियोजना एजेंसी लखनऊ (सिफ्सा) के अंतर्गत संचालित मानसिक स्वास्थ्य एवं जीवन कौशल के प्रशिक्षण कार्यक्रम में बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय की दो शिक्षक डॉ. श्वेता पाण्डेय और डॉ. शुभांगी निगम ने हिस्सा लिया। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन लखनऊ में किया जा रहा है। नोडल अधिकारी सिफ्सा बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय इकाई डॉ. श्वेता पाण्डेय ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य की समस्या बहुत ही तेजी बढ़ती जा रही है।

इसके लिए प्रशिक्षकों को तैयार करने का कार्य राज्य परिवार नियोजन सेवा अभिनवीकरण परियोजना एजेंसी लखनऊ द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत प्रदेश के 35 शैक्षणिक संस्थानों का चयन किया गया है। प्रत्येक संस्थान से 2 प्रतिभागी को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी इसका प्रशिक्षण 2022 में आयोजित किया गया था, जिसमें बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के चार शिक्षकों ने हिस्सा लिया था। इसके बाद प्रशिक्षित शिक्षकों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए 14 कार्यशालाओं का आयोजन किया था। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शुभांगी निगम ने बताया कि इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य जांच, संभावित लक्षण एवं कानूनों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी के आधार पर विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को जागरूक किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय मानसिक स्वास्थ्य एवं जीवन कौशल के अंतर्गत निरंतर कार्यशालाओं का आयोजन, विद्यार्थियों की काउंसिलिंग के लिए मन कक्ष का निर्माण और अन्य कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर करता रहा है। इसके साथ ही साथ मानसिक स्वास्थ्य के लिए मोबाइल नंबर भी जारी किया गया है जहां पर विद्यार्थी किसी भी समय फोन कर अपनी समस्या के बारे में बात कर सकते हैं।

## स्वच्छ तीर्थ अभियान:महापौर ने मंदिर परिसर में सफाई कर अभियान चलाया

गाजियाबाद । स्वच्छ तीर्थ अभियान के अंतर्गत महापौर सुनीता दयाल ने गुरुवार को पटेल नगर स्थित ए ब्लॉक में श्री शिव मंदिर में महापौर सुनीता दयाल ने सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया है जिसमें स्थानीय पार्षद शीतल देओल,नगर निगम के कर्मचारियों एव स्थानीय लोग शामिल हुए। महापौर ने कहा कि भविष्य में इसी प्रकार देवालयों के लिए अभियान चलते रहना चाहिए ।इससे लोगों में मंदिर के प्रति जन जागृति होगी और 14 से 21 जनवरी तक नगर निगम ने भी 40 मंदिरों को चिन्हित किया है, जिनमें रोजाना सफाई अभियान चलाया जा रहा है और 22 जनवरी को अयोध्या में 500 वर्ष बाद श्री रामलला की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। जिसे गाजियाबाद शहर भी धूम धाम से मनाएगा। सभी घरों में दीपोत्सव मनाया जाएगा। दीपावली की तरह यह पर्व मनाया जाएगा। मन्दिर परिसर में सफाई अभियान के बाद महापौर सुनीता दयाल ने सभी को कपड़े के थैले वितरण किए,जिससे शहर में प्लास्टिक का प्रयोग बन्द किया जा सके और हमारा जीवन प्लास्टिक मुक्त हो सके। उन्होंने सभी शहरवासियों से प्लास्टिक का प्रयोग न करने की अपील भी की।

## आगंतुकों की सेवा के लिए तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की टेंट सिटी तैयार

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा मणि पर्वत के निकट तीर्थ क्षेत्र पुरम में तैयार सभी टेंट सिटी में व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। आवासीय व्यवस्था के तहत मणि पर्वत के पास तैयार किए गए तीर्थ क्षेत्र पुरम में आठ हजार बेड आगंतुकों के लिए हैं। पूरे परिसर को छह क्षेत्र में बांटा गया है। इसके अलावा छावनी के योग केंद्र और कारसेवकपुरम में भी आवासीय व्यवस्था पूर्ण हो गई है।

# रैन बसेरे का औचक निरीक्षण कर एसडीएम ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**नगर पंचायत धौराहरा में बने रैन बसेरे का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण**

**ठंड के मद्देनजर रैन बसेरे का उपजिलाधिकारी धौरहरा ने लिया जायजा, परखी व्यवस्थाएं**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। शीतलहर के दृष्टिगत जनपद खीरी में किसी भी गरीब, असहाय एवं बेसहारा व्यक्तियों को किसी भी प्रकार की परेशानी व असुविधा न हो, इसके लिए बीती रात नगर पंचायत धौरहरा में स्थित रैन बसेरों का व्यापक निरीक्षण कराया गया उप जिलाधिकारी धौरहरा अचानक रैन बसेरा पहुंच कर व्यवस्थाओं का मुआयना किया। जिला प्रशासन के निर्देश के क्रम में विभिन्न रैन बसेरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। आगंतुकों के लिए पर्याप्त मात्रा में बिस्तर उपलब्ध कराने तथा उचित साफ सफाई करने व अलाव जलाए जाने के निर्देश दिए गए। रैन बसेरे में आने वाले व्यक्तियों को रजिस्टर मेंटेन करते हुए उसका अंकन करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपजिलाधिकारी धौरहरा द्वारा नगर पंचायत धौराहरा के रैन बसेरों का निरीक्षण किया गया। आगंतुक रजिस्टर भी चेक किया गया। पानी एवं शौचालय की व्यवस्था ठीक पाई गई। यदि किसी आगंतुक को खाने की समस्या हो, उसके प्रबंध के लिए ईओ नगर पंचायत धौरहरा को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी धौरहरा धीरेन्द्र सिंह द्वारा नगर पंचायत स्थित रैन बसेरा का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

रैन बसेरे के औचक निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी धीरेन्द्र सिंह, ईओ धौरहरा दिनेश कुमार शुक्ल, नगर पंचायत अध्यक्ष, वरिष्ठ लेखाकार नोमान सहित नगर पंचायत कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# शाहजलालपुर के सिंहपुर में अक्षत वितरण का हुआ आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कमलापुर सीतापुर। प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होना है उसके उपलक्ष में अक्षत वितरण किया गया सभी ग्राम वासियों को बताया गया की 22 जनवरी को अपने-अपने घर में प्रभु श्री राम की पूजा करें और अपने-अपने घर और मंदिरों को सजाएं दीपावली मनाएं जिसमें मुख्य अतिथि कुंवर दिनकर प्रताप सिंह कुंवर दिनकर प्रताप सिंह ने कहा की बड़े ही सौभाग्य की बात है जो हम लोगों को यह अवसर प्राप्त हुआ और मंडल अध्यक्ष अमर बाजपेई ने भी कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कर कमलों से मंदिर मे प्रभु श्री राम विराजमान होंगे जिसमे उपस्थित मंडल महामंत्री नागेंद्र सिंह जी सेक्टर संयोजक जवाहर लाल शुक्ला बूथ अध्यक्ष छोटू मिश्रा बूथ अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह राम जीवन मिश्रा रामचंद्र मिश्रा राजकुमार मिश्रा राधेश्याम मिश्रा राजकुमार मिश्रा कपिल मिश्रा कमल मिश्रा अंजनी कुमार विपिन मिश्रा आदि सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उप्र अलर्ट मोड पर, 19 को अयोध्या आएंगे मुख्यमंत्री

अयोध्या। श्रीराम मंदिर उद्घाटन व रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या आएंगे। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत 19 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या आएंगे और अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में प्राण प्रतिष्ठा संबंधी कार्यक्रमों की समीक्षा कर तैयारी परखेंगे। वहीं अधिकारी-कर्मचारी भी सेवा भाव से पूरे जोश के साथ कार्य में जुटे हैं। वैसे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा उत्तर प्रदेश अलर्ट मोड पर है तो श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या की धरती कड़ी निगरानी और सुरक्षा के घेरे में है। उल्लास व आनंद भरे पल को सुरक्षित माहौल में यादगार बनाने के लिए पग-पग पर पुलिस तैनात है। मंडलायुक्त गौरव दयाल, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार खुद सब कुछ ओके करने में जुटे हैं। वहीं सूचना निदेशक शिशिर ने भारत सरकार के आदेशों का शत-प्रतिशत पालन करने का निर्देश दिया है।

# पलिया में हाई अलर्ट, ड्रोन से निगरानी और रात में पुलिस की गश्त

**राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा और 26 जनवरी को लेकर सुरक्षा चाक-चौबंद**

**प्राण प्रतिष्ठा एवं गणतंत्र दिवस के सुरक्षा को लेकर चला सघन चेकिंग अभियान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पलियाकलां-खीरी। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह और 26 को गणतंत्र दिवस समारोह की सुरक्षा तैयारी मे खीरी पुलिस समेत सभी एजेंसियां जोरशोर से जुट गई हैं। इस बार सबसे अधिक संभावित आतंकी खतरे की संभावना के मद्देनजर सुरक्षा के बेहद खास बंदोबस्त किए जा रहे हैं ताकि कोई परिंदा भी पर न मार सके। इसी क्रम में जनपद खीरी के पलियाकलां उपजिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह ने प्रभारी निरीक्षक पलियाकला विवेक उपाध्याय की पुलिस टीम के साथ नगर के समस्त होटलों में रुके यात्रियों सहित आते जाते संदिग्ध व्यक्तियों की जांच पड़ताल करते हुये। पलिया गौरीफंटा रोड की पुलिस चौकी पर भी चेकिंग अभियान चलाया गया। उल्लेखनीय है कि अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को आयोजित विशिष्ट कार्यक्रमों के क्रम सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गम्भीरता पूर्वक विचार विमर्श एवं मंथन करते हुए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को चौबीसों घण्टे सुरक्षा में मुस्तैद रहने के निर्देश उपजिलाधिकारी द्वारा दिये गये। इसी क्रम उपजिलाधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक ने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा है कि क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु अथवा गतिविधियों की जानकारी होते ही तत्काल अधिकारी द्वय या नजदीकी पुलिस चौकी/थाने या अधिकारी को देकर अपने जागरूक नागरिक होने के दायित्व का निर्वाहन करें।

# खेवनहारों ने विकास कार्य के नाम पर लाखों रुपये का किया वारा-न्यारा

**अंत्येष्ठि स्थल के निर्माण पर साढ़े अठारह लाख से अधिक रुपया खर्च**

**स्वच्छ भारत मिशन पर लाखों रुपया खर्च के बावजूद गंदगी का बोलबाला**







कैनविज टाइम्स संवाददाता

जायस अमेठी। बहादुरपुर विकास खण्ड की ग्राम पंचायत बोझी भूलामऊ में विकास के लिए आवंटित सरकारी धन के बंदरबांट का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में विकास कार्य के नाम पर धांधली का आरोप लगाते हुये जिलाधिकारी से जांच की मांग की है।क्षेत्र की ग्राम पंचायत बोझी भूलामऊ में विकास कार्यों पर खर्च किये गये रुपयों का आंकड़ा जब ई ग्राम स्वराज पर देखा गया तो हकीकत से परे निकला जिस तरह से भारी भरकम रकम खर्च की गई है उस हिसाब से गांवों में विकास कार्यों की हकीकत उसके विपरीत ही निकली। गांव के विकास के नाम पर धन तो निकलता गया लेकिन विकास दूर दूर तक नजर नही आ रहा है।ई ग्राम स्वराज द्वारा जारी किये गये आंकड़ों के अनुसार गांव में वित्तीय वर्ष 2022-23 में टाइड अन टाइड फंड व मनरेगा से काफी धन खर्च किया गया है।गांव में खर्च किये गये रुपये के हिसाब से विकास कार्य नजर नही आ रहा है। ग्राम पंचायत में हैण्डपम्प मरम्मत व मटेरियल के नाम पर लाखों रुपये खर्च किये गये हैं।तालाब में पानी भरवाने, प्रशासनिक मद में भी बजट का दुरुपयोग किया गया। सरकारी संस्थाओं को छोड़कर निजी फर्म से महंगे रेट पर सामान की खरीदारी की गई है।गत वर्ष में स्वस्छ भारत मिशन के तहत साफ सफाई के नाम पर लाखों रुपये, पंचायत भवन में बैटरी, इन्वर्टर, सोलर, पैनल के नाम पर एक लाख बीस हजार पांच सौ रुपये खर्च किये गये हैं। अंत्येष्ठि स्थल पर अनुमानित पैंतीस मीटर इंटरलाकिंग बने खड़ंजे पर एक लाख अठारह हजार उनतीस रुपये, अंत्येष्ठि स्थल निर्माण में अठारह लाख सतहत्तर हजार तीन सौ बयासी रुपये खर्च किये गये है लेकिन परिसर में न बैठने की व्यवस्था है और न ही पेय जल की व्यवस्था की गई है।ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय ध्वज कार्य में बारह हजार पांच सौ रुपये, बघेल के गो आश्रय स्थल में पशुओं के नैतिक भरण पोषण के लिए दस हजार रुपये, नाली निर्माण पर चौवन हजार पांच सौ इकसठ रुपये, एक अन्य इंटरलाकिंग निर्माण के नाम पर एक लाख सात हजार दो सौ अट्ठासी रुपये, हैण्डपम्प मरम्मतीकरण व मटेरियल के नाम पर इक्कीस हजार रुपये व अन टाइड फंड के तहत गांवों के विकास के नाम पर इक्कीस लाख दस हजार नौ सौ पन्द्रह रुपये खर्च किये गये है।ई ग्राम स्वराज पर अपडेट वाउचर की जब सचिव परम हंस दुबे से पुष्टि करनी चाही गई तो वह आनाकानी करने लगे और जानकारी देने से साफ तौर पर मनाकर दिया।

### डीपीआरओ ने बीडीओ को सौंपी जांच

जायस अमेठी। जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव ने बताया कि ग्राम पंचायतों को शासन द्वारा आवंटित बजट का टाइड फंड के तहत साठ प्रतिशत व अनटाइड फंड के तहत चालीस प्रतिशत धनराशि खर्च करने के निर्देश निर्गत किये गये हैं।टाइड फंड के तहत प्रतिबंधित कार्य जैसे नाली का निर्माण, स्वच्छता संबंधित कार्य कराया जा सकता है। अनटाइड फंड के तहत इंटर लाकिंग निर्माण के साथ साथ अन्य विकास कार्य कराये जा सकते है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच खण्ड विकास अधिकारी को सौंपी गई है अगर धन का दुरुपयोग किया गया है तो जांचोपरांत कार्यवाही की जायेगी।

## जामो पुलिस ने वांछित युवक को जेल भेजा

अमेठी। थाना जामो पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में वांछित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को निरीक्षक अजयेन्द्र कुमार मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर धोखाधड़ी के मामले में वांछित अवधेश कुमार सिंह पुत्र भारत सिंह निवासी सम्भई थाना जामो जनपद अमेठी उम्र बावन वर्ष को ग्राम सम्भई से गिरफ्तार किया गया।थाना जामों पुलिस ने पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया है।

## महिला के ऊपर रासायनिक पदार्थ फेंकने वाला युवक गिरफ्तार

अमेठी। थाना गौरीगंज पुलिस ने महिला के ऊपर रासायनिक पदार्थ फेंककर मोबाइल चोरी करके भागने वाले युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को उप निरीक्षक संजय सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर महिला के ऊपर रासायनिक पदार्थ फेंककर मोबाइल छीनने के मामले में प्रकाश में आये अमरनाथ उर्फ राजू पुत्र विजय कुमार निवासी मौलवी कला थाना जायस उम्र बत्तीस वर्ष को काजीपट्टी के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा की गई पूंछतांछ में आरोपी युवक ने बताया कि हम दोनों लोगों की आपसी मित्रता थी किसी बात को लेकर हम दोनों के बीच कहासुनी हो गयी थी और गुस्से में आकर मैंने कस्बा जायस में स्थित नजीर अहमद की दुकान से ई रिक्शा की बैट्री में डालने वाला तेजाब का पानी खरीदकर महिला के ऊपर फेंक कर उसका मोबाइल लेकर मोटरसाइकिल से भाग गया था। घटना से संबंधित मोबाइल रात में ही तोड़कर फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपी युवक की निशानदेही पर लोदी नाला से घटना से संबंधित मोबाइल के टुकड़े व महिला के गांव के बाहर तालाब के किनारे से घटना में प्रयुक्त एक कटी हुई स्प्राइट की बोतल व एक बिसलेरी की बोतल बरामद की गयी है। थाना गौरीगंज पुलिस ने पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया है।

## एसपी ने यातायात नियंत्रण कक्ष का किया गया उदघाटन

अमेठी। पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय में निर्मित यातायात नियंत्रण कक्ष का उदघाटन किया। यातायात नियंत्रण कक्ष से जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्र के चौराहों, मुख्य बाजारों आदि पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से यातायात नियंत्रण में मदद मिलेगी।इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## 43 साल बाद हत्या के केस में पूर्व प्रधान सहित 2 हत्यारों को आजीवन कारावास

सुलतानपुर। 43 वर्ष पूर्व रंजिश में हुई हत्या के दो दोषियों को एडीजे अंकुर शर्मा ने आजीवन कारावास व 80 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। घटना कोतवाली नगर के इमिलिया गांव में हुई थी। सहायक शासकीय अधिवक्ता विजय शंकर शुक्ल ने बताया कि समर बहादुर ने 21 मार्च 1980 को एफआईआर लिखाई थी। जिसके अनुसार उसके पिता जदुनाथ सुबह करीब दस बजे खलिहान जा रहें थे तभी रास्ते में उन्हें घेर लिया गया। दल सिंगार, बल्लम अम्बिका व गया प्रसाद ने लाठी तथा शिव प्रसाद ने फरसा से मारा। हल्ला-गुहार पर लोग पहुंचें तब आरोपित भाग गए। गंभीर हालत में जदुनाथ को अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें इलाहाबाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा। विचारण के दौरान ही गया प्रसाद और अम्बिका की मौत हो गई। अभियोजन ने 8 गवाह परीक्षित कराए। दल सिंगार बाद में गांव के प्रधान भी चुने गये थे। साक्ष्यों व चोटों के आधार पर जज ने दोनों को धारदार हथियार से मारकर हत्या करने का दोषी ठहराकर बुधवार को जेल भेजा था। अब सजा काटने के लिए भेज दिया है। अर्थदंड से पचास हजार रूपये क्षतिपूर्ति के रूप में वादी को देने का आदेश दिया है।

## राजस्व वसूली में शिथिलता बरतने वाले विभागों के अधिकारियों पर सख्त हुये डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर, राजस्व वसूली एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत देय, खनन, आबकारी, परिवहन विभाग, नगर निकाय, स्टाम्प ड्यूटी, बाट-माप, जीएसटी सहित अन्य विभागों की राजस्व वसूली की समीक्षा किया तथा कम वसूली वाले विभाग को सुधार लाने के निर्देश दिये। जीएसटी की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने जीएसटी वसूली में तेजी लाने एवं लक्ष्य की पूर्ति हेतु निर्देशित किया। स्टाम्प वसूली की समीक्षा में जिलाधिकारी ने स्टाम्प की कमी की सम्बन्धित निर्गत आरसी की वसूली कराये जाने एवं लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति हेतु एआईजी स्टाम्प को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने आइजीआरएस पोर्टल प्राप्त शिकायतों के निस्तारण, रिट याचिकाओं, खतौनी अंश निर्धारण की कार्यवाही, स्वामित्व योजना, रोस्टर के अनुसार खतौनियों का दाखिला, एंटी भू माफिया जैसे कार्यों पर अब तक की प्रगति के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। तहसीलवार आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये तथा शिकायतकर्ता को भी इससे अवगत कराया जाये। शिकायतकर्ताओं द्वारा फीड बैक दिये जाने पर उन बिन्दुओं का त्वरित निस्तारण किया जाये। उन्होने सभी उपजिलाधिकारियों/तहसीलदारों को निर्देशित किया कि सार्वजनिक स्थलों जैसे तालाबों, चारागाहों, चकरोडों आदि पर जो भी अवैध कब्जे किये गये उनको चिन्हित कर अभियान चलाकर अवैध कब्जेदारों को बेदखल किया जाये इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। इसके अतिरिक्त उन्होंने विभिन्न न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा किया एवं लंबित वादों को त्वरित गति से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अन्त में सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाये इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, जिन विभागों द्वारा आरसी जारी की गयी है राजस्व अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर उनकी वसूली सुनिश्चित करायें। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की प्राथमिकता है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही है। उन्होने कहा कि राजस्व वसूली में शिथिलता बरतने पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी, इसलिये सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का सम्यक निर्वहन करें, लापरवाही कदापि न बरते। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, एआरटीओ, एआईजी स्टांप, समस्त उपजिलाधिकारी/तहसीलदार सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## कमरौली में शराब लदी डीसीएम पलटने से चालक घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जगदीशपुर अमेठी। थाना कमरौली क्षेत्र के लखनऊ वाराणसी राष्टीय राजमार्ग पर स्थित गांव पूरे नोती दुबे मजरे कठौरा के पास गुरुवार की सुबह लगभग ग्यारह बजे तेज़ रफ्तार में डी सी एम अनियंत्रित होकर पलट गई जो कि लखनऊ के मोहनलालगंज से अंग्रेजी शराब लादकर वाराणसी जा रही थी जिसमें चालक मामूली रुप से घायल हो गया है पुलिस ने घायलावस्था में चालक को सीएचसी जगदीशपुर में भर्ती कराया गया है।गुरुवार को लखनऊ के मोहनलाल गंज से डीसीएम संख्या यूपी 32 एटी 1212 शराब लादकर वाराणसी जा रही थी वह कमरौली थाना क्षेत्र के गांव पूरे नोती दुबे के पास पहुंची ही थी कि अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें डीसीएम चालक इकबाल निवासी ग्राम बिकौली थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी मामूली रुप से घायल हो गया।वही डीसीएम पलटने से दर्जनों पेटी शराब की बोतलें टूट गई।वही राहगीरों की सूचना पर स्थानीय पुलिस के पहुंच जाने के चलते शराब लूटे जानें से बच गई।इस सम्बंध में थानाध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि एक शराब लदी डीसीएम पलट गई है चालक घायल हो गया है जिसे इलाज के लिये सीएचसी जगदीशपुर भेजा गया है।आबकारी विभाग को सूचना दी गई है।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।घटना की सूचना मिलते ही मुसाफिरखाना के आबकारी निरीक्षक चंद्रभान वर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गये हैं।

## पायल का श्री राम लला का भजन हुआ रिलीज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का उत्साह देश ही नहीं विदेशों में भी झलक रहा है, हर राम भक्त के मुख पर श्री राम का ही नाम है।

ऐसे में आज जनपद की बिटिया कुमारी पायल मालवीय जो स्टेला मैरीस कॉन्वेंट स्कूल नारायणपुर सुल्तानपुर की संगीत शिक्षिका हैं और अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय की बहन है उनके द्वारा श्री राम लला का भजन बहुत ही सुंदर शब्दों एवं आवाज में गाया भजन।

गीत के बोल जय श्री राम लला, जय जनक लाली इतना सुंदर गीत है कि सुनने के बाद आदमी राममय हो जाता है, और एक अलग ही धुन उसके ऊपर सवार हो जाती है। इस भजन को अरोमा कैसेट के बैनर तले एस के सिंह डायरेक्टर एवं संगीत डॉ केपी सिंह एवं अरुण राय द्वारा दिया गया। भजन के बोल खुद पायल मालवीय द्वारा ही लिखा गया एवं गाया गया। पायल मालवीय से बात करने के उपरांत उन्होंने बताया यह भजन उनका श्री राम के चरणों में उनकी श्रद्धा को समर्पित है एवं उनके द्वारा ऐसे ही श्री राम के ऊपर और भी भजन लिखने एवं गाने की तैयारी है।

## हाईटेक सुविधाओं से लैस होगा धोपाप, 300 श्रमवीर दे रहे नया रूप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। मुख्यालय 32 कि.मी दूर वाराणसी रोड पर लंभुआ तहसील अन्तर्गत भगवान राम के पाप धोने वाले तीर्थराज धोपाप को हाईटेक बनाने की कवायद तेज हो गई है। सांसद मेनका गांधी के निर्देश पर प्रतिनिधि रणजीत कुमार की देख-रेख व जिला प्रशासन और लोगों के जन सहयोग से प्रतिदिन 300 श्रमवीर घाट और मंदिर परिसर को नया रूप देने में दिन-रात काम कर रहे हैं।

यहां पर सुरक्षा के दृष्टि से 18 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। जल्द ही एक पुलिस चैकी की स्थापना भी तीर्थराज धोपाप के नाम से की जा रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बलों की तैनाती रहेगी और तीसरी आंख से देखने के लिए पूरा एक कंट्रोल रूम स्थापित होगा। पखवाड़े भर से अधिक की हर गतिविधियों की रिकॉर्डिंग मौजूद होगी। श्रद्धालुओं को स्वच्छ और शीतल पानी मिले इसके लिए 5 हजार लीटर की दो टंकिया और मिनरल वाटर मिले इसके लिए आरओ मशीन भी लगाई जा चुकी है। आरओ मशीन के माध्यम से मिनरल वाटर सप्लाई करने के लिए मंदिर परिसर में जगह-जगह नलों को लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। प्रकाश व्यवस्था पर्याप्त हो इसके लिए पांच हाई मास्क लाइट लगाई जा रही है। इससे रात में धोपाप धाम जगमगाएगा। विद्युत विभाग द्वारा धाम के चारों ओर विद्युत पोल लगाकर केबिल खींच कर सप्लाई चालू कर दी गई है। मुख्य मंदिर तक विकलांगों को पहुंचने के लिए मंदिर के पश्चिम गेट तक सीसी रोड बनाई जा रही है।जिसमें लोग कार और ट्राई साइकिल को आसानी से मंदिर तक ला सकते है। मंदिर के मुख्य द्वार पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सीढ़ी पर चढ़ने के लिए स्टील की रेलिंग लगाईं जा रही है। मंदिर परिसर की दीवालों पर बनाए जा रहे चित्र और चलचित्रों को देखकर ही रामायण काल को याद कर सकते हैं।

बता दे आर्टिस्ट प्रदीप चैबे अपनी टीम के साथ दीवारों पर भगवान राम से जुड़ी एक-एक यादों को कलाकृतियों से उकेर रहे हैं। बाहर से आए हुए लोगों के लिए एक अतीथि ग्रह भी बनाया जा रहा है। जिनमें सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। घाटों को भी सजाने और संवारने की कार्य योजना बन चुकी है।और जल्द ही मंदिर परिसर के बगल एक हरे-भरे पार्क की स्थापना करने की भी योजना बनाई जा चुकी है। आगामी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दिन मंदिर परिसर में भी भजन कीर्तन, सांस्कृतिक कलाकारों द्वारा मंचन और भंडारे आदि व्यवस्था की जा रही है। शाम ढलते ही 51000 दीपों से घाटों को जगमग किया जाएगा और पूरे मंदिर परिसर को रोशनी से नहलाया जाएगा। मंदिर के पुजारी अक्षैवर उपाध्याय ने बताया कि इसी स्थल पर भगवान राम ने रावण के वध के बाद ब्रह्महत्या जैसे दोष से मुक्ति पाने के लिए इसी घाट पर स्थान किया था। तब से इसका नाम धोपाप धाम रख दिया गया।

## राहुल गांधी मामले में सुनवाई 20 फरवरी को

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। कंाग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से बृहस्पतिवार को एमपीएमएलए कोर्ट में अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला अपेयर हुए। उन्होंने एप्लीकेशन डालते हुए कोर्ट से जमानत के लिए समय मांगा। कोर्ट अब इस मामले में 20 फरवरी को सुनवाई करेगी। केंद्रीय मंत्री अमित शाह के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने के मामले में पांच वर्ष पूर्व राहुल के खिलाफ परिवाद दायर हुआ था।

राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने कोर्ट में अपेयर होने के बाद मीडिया से बात किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राहुल गांधी भारत जोड़ों न्याय यात्रा के संदर्भ में नागालैंड और असम के बीच में व्यस्त हैं। पूर्व में जानकारी नहीं होने और कम समय के कारण नहीं पहुंच सकते हैं। लिहाजा हमको समय दिया जाए कि उस तारीख पर पहुंचकर हम जमानत करा सके। हमने कोर्ट से कहा है कि हमको परिवाद की कोई नकल नहीं दी गई है नकल दिलाई जाए ताकि हम आपत्ति दाखिल कर सके। मुकदमें में कोर्ट ने 20 फरवरी नीयत की है।

कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी व विजय मिश्र ने चार अगस्त 2018 को कंाग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ अदालत में मानहानि का केस (परिवाद) दायर किया था। विजय मिश्र का आरोप है कि कंाग्रेस नेता राहुल गांधी ने 15 जुलाई 2018 को कर्नाटक की राजधानी बंगलुरू में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस मामले में विजय मिश्रा की ओर से अधिवक्ता संतोष पाण्डेय ने परिवाद दायर किया है। जिसमें कोर्ट ने पूर्व में राहुल के विरुद्ध वारंट जारी किया है।

## सांसद के पत्र के बाद रेलवे स्टेशन को सजाकर किया गया भगवामय

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने उत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक सचिंदर मोहन शर्मा को 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन की साज- सज्जा कराने हेतु पत्र लिखा था। सांसद के पत्र के बाद रेलवे प्रशासन ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से आए रहे महान साधु-संतो को लेकर रेलवे स्टेशन को सजाने काम पूरा कर लिया है। रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार को फूल व पूरे परिसर को भगवा कपड़े से सजाया गया हैं। आने वाले साधू-संतो के ठहरने के लिए वर्तमान पुरुष प्रतीक्षालय को रेड मैट लगाकर सुसज्जित किया गया है। वहीं अधिकारी विश्रामगृह की भी साज-सज्जा की गई है।स्टेशन परिसर में स्वागतकर्ता हेतु कुर्सी एवं एक नंबर प्लेटफार्म पर मैट लगाकर सुसज्जित किया गया है। कल देर शाम विभाग प्रचारक श्रीप्रकाश, जिला प्रचारक आशीष, सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार, भाजपा नेता रूपेश सिंह, मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी, प्रदीप यादव आदि ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। देश के विभिन्न हिस्सों से रेलवे स्टेशन पहुंच रहे साधु संतों का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद उनको यहां से चार पहिया गाड़ियों से अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा स्थल तक पहुंचाया जाएगा।

## छुट्टा जानवर फसलों को पहुंचा रहे नुकसान : ओपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका गांधी के संसदीय क्षेत्र सुल्तानपुर में कंाग्रेस छुट्टा जानवरों के मुद्दे पर आक्रमक हो गई है। गुरुवार को किसान दिवस के मौके पर किसान कंाग्रेस के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने डीएम से कहा है कि छुट्टा जानवर किसानों की अच्छी खासी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। लोगों की इसके चलते जान जा रही है। किसान बेबस है अतः छुट्टा जानवरों पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। विकास भवन में कृषि विभाग द्वारा आज किसान दिवस का आयोजन आज हुआ। किसान दिवस के अवसर पर आज बड़ी संख्या में किसान व किसान नेता बैठक में उपस्थित रहे। इस दौरान किसानों ने खेती में आ रही समस्याओं से अधिकारियों को रूबरू करवाया। बैठक में किसान कंाग्रेस के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने 15 बिंदुओं पर कृषि विभाग व अधिकारियों का ध्यान केंद्रित करवाया। ओम प्रकाश सिंह ने कहा नहरो व सरकारी ट्यूबेलो की मरम्मत की जरूरत है जिससे किसानों को सही समय पर खेती के लिए पानी मिल सके। साथ ही उन्होंने गांव देहात में विद्युत कटौती पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि बिजली महकमा दिन भर गांवों में बिजली कटौती किया रहता है रात को बिजली आपूर्ति बहाल होती है ऐसे में किसान ठंड में खेतों में जाकर फसलों की सिंचाई करता है। ओम प्रकाश सिंह ने मंडी समिति में बने चबूतरों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा की किसान अपना फसल उत्पाद को बेचने के लिए मंडी जाता है तो वहां दलाल लोग जबरन चबूतरों पर कब्जा कर लेते हैं जिससे किसानों को अपना सामान बेचने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। साथ ही उन्होंने हर घर जल पहुंचाने वाली योजना के अंतर्गत बिछने वाली पाइपों को खड़ंजा खोद कर खड़ंजा खराब कर देने की बात अधिकारियों के समक्ष रखी उन्होंने कहा की पाइपों को खड़ंजा खोद कर लगा दिया गया पर गावों में खडंजो की मरमत नही की गई जिससे आए दिन किसान उसमे गिरकर चोटिल होते है ओम प्रकाश सिंह ने अपनी 15 सूत्रीय मांग पत्र को किसान दिवस के अवसर पर दिया और उचित कार्यवाही की मांग की।

# कोहरा-कहर और सितम

इन दिनों उत्तर भारत समेत देश के तमाम भागों में शीतलहर और कोहरे का प्रकोप व्याप्त है। जगह-जगह से खबरें आ रही हैं कि मैदानी इलाकों में कहीं तापमान जमाव बिंदु तो कहीं माइनस तक जा पहुंचा है। ऋतुचक्र में बदलाव कुदरत का नियम है। गर्मी के बाद बरसात और फिर ठंड, जीवन सृष्टि का नियम है। लेकिन जब ये स्थितियां चरम की ओर बढ़ती हैं तो लोगों को खासी मुश्किल होती है। खासकर समाज में निर्धन व बेघर लोगों के लिये तो यह कष्टकारी समय है। लेकिन सबसे बड़ी समस्या कोहरे के कारण यातायात में आने वाली बाधा है। देश में तमाम हवाई उड़ानें व रेलों के आवागमन में व्यवधान आम बात होती है। सैकड़ों ट्रेन घंटों देरी से चल रही हैं। निश्चित रूप से यात्रियों के लिये ठंड में घंटों की प्रतीक्षा कष्टकारी होती है। कमोबेश, हवाई यात्रियों के साथ भी ऐसी दिक्कतें इस मौसम में आती हैं। विडंबना यह है कि जिस देश के पास चंद्रमा, मंगल व अंतरिक्ष तक पहुंचने की कूवत है, वहां हम कोहरे के दौरान सुरक्षित यातायात सुनिश्चित नहीं कर पाते? हर बार कोहरे के दौरान हवाई जहाजों व ट्रेनों के सुचारु संचालन के लिये उन्नत तकनीक के प्रयोग की बात होती है। मौसम सामान्य होते ही बात आई-गई हो जाती है। बहरहाल, सोमवार को दिल्ली में उड़ान में देरी से क्षुब्ध एक यात्री द्वारा पायलट के साथ अभद्र व्यवहार की घटना दुर्भाग्यपूर्ण ही कही जाएगी। निश्चित रूप से विलंब परेशान करता है लेकिन हवाई उड़ानों का मामला बेहद संवेदनशील व जोखिमभरा होता है। कोहरे के कारण दृश्यता कम होने पर परिचालन में जरा-सी चूक से सैकड़ों जानों को खतरा पैदा हो जाता है। ऐसे में यदि उड़ान में विलंब होता है तो यह यात्रियों की सुरक्षा के लिये ही होता है। निश्चित रूप से अभद्रता करने वाले यात्री को इस घटना के बाद दंडित किया जाएगा। लेकिन असुविधा के बावजूद संयम खोने की इजाजत किसी को नहीं दी जा सकती। निश्चित रूप से मौसम की प्रतिकूलता के दौरान जीवन व यातायात सामान्य रह सके, इसके लिये युद्धस्तर पर ठोस कदम उठाने की जरूरत है। शासन-प्रशासन को 'आग लगने पर कुआं खोदने' वाली सोच से बचना चाहिए। इसके बावजूद दिल्ली हवाई अड्डे पर गोवा जाने वाली फ्लाइट में तेरह घंटे के विलंब से बौखलाए यात्री द्वारा चालक दल से अभद्रता स्वीकार्य नहीं है। बताया जा रहा है कि यात्री का कहना था कि यदि उड़ान में ज्यादा विलंब हो रहा है तो उसे उतरने की अनुमति दी जाए क्योंकि वह लंबे समय तक बैठा नहीं रह सकता। समाधान का एक पहलू यह भी है कि विमानन सेवा से जुड़े प्रबंधन द्वारा ऐसी विकट स्थितियों की पूर्व सूचना लगातार यात्रियों को देने का तंत्र विकसित किया जाए। उन्हें मौसम के अपडेट से यात्रा पूर्व ही अवगत कराने के प्रयास होने चाहिए। साथ ही उड़ान में यदि ज्यादा देरी है तो उनको सहज बनाने के विकल्पों पर भी विचार किया जाना चाहिए। हालांकि, सुरक्षा कारणों से विमान से यात्रियों को उतरने की इजाजत नहीं होती, लेकिन यदि विलंब ज्यादा है तो सुविधाजनक विकल्प तलाशे जाने चाहिए। यात्री धैर्य न खोएं इसके लिये हवाई अड्डे पर राहतकारी व्यवस्था जरूर होनी चाहिए। वहीं यात्रियों को भी ध्यान रखना चाहिए कि किसी विमान चालक दल के सदस्य के साथ यदि असहज करने वाली स्थितियां उत्पन्न होती हैं तो इसका नकारात्मक असर चालक दल की परिचालन क्षमता और मनोदशा पर पड़ सकता है। एक चालक के हाथ में सैकड़ों यात्रियों का जीवन भी होता है। यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि विमानों की सुरक्षित उड़ान काफी हद तक मौसम की दशा-दिशा पर निर्भर करती है। इसमें जरा-सी चूक अथवा परिस्थितियों का समुचित आकलन न कर पाना बड़ा खतरा पैदा कर सकता है। निश्चित रूप से चालक दल का पहला कर्तव्य होता है कि विमान को सुरक्षित ढंग से गंतव्य स्थल तक पहुंचाया जाए। जिसके लिये वह अपने विवेक से विमान परिचालन करता है। ऐसे में किसी भी तरह की अभद्रता उसकी एकाग्रता को बाधित कर सकती है।

# सिकुड़ते जनाधार के बीच अरमानों के पंख फैला कर क्या दर्शाना चाह रही है बसपा?

बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने जन्मदिन पर पर राजनैतिक धुंध पूरी साफ कर दी। बसपा अकेले चुनाव लड़ेगी, यह घोषणा करके मायावती ने उन लोगों की राह आसान कर दी है जो बसपा से गठबंधन की उम्मीद में एक कदम आगे तो दो कदम पीछे चलने को मजबूर हो रहे थे। मायावती के इस फैसले के निहितार्थ भी निकाले जायेंगे तो बसपा को बीजेपी की बी टीम बताने का सिलसिला भी तेज हो जायेगा। ऐसा इसलिए भी होगा क्योंकि बसपा के अकेले चुनाव लड़ने का सीधा फायदा भाजपा को मिलेगा। वहीं कांग्रेस का मायावती के इस फैसले से उत्तर प्रदेश में पैर पसारने का सपना टूट सकता है। कांग्रेस जानती है कि समाजवादी पार्टी के साथ 2017 के विधान सभा चुनाव में गठबंधन का उसे कोई फायदा नहीं मिला था, जिसके चलते लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस को अपना हश्र 2017 जैसा होता दिख रहा है। कांग्रेस के लिए बसपा की एकला चलो नीति इसलिए भी बड़ा झटका है क्योंकि राहुल गांधी लगातार इस बात की कोशिश में लगे थे कि बसपा भी इंडी गठबंधन का हिस्सा बन जाये। यदि ऐसा हो जाता तो निश्चित ही बीजेपी के लिए यूपी में राह मुश्किल हो सकती थी। वैसे मायावती ने चुनाव बाद गठबंधन की संभावनाओं को जिंदा रखा है। मायावती के पास करीब 18 फीसदी कोर वोटर हैं। मायावती जिस भी पार्टी से हाथ मिलाती हैं उसकी बल्ले-बल्ले हो जाती है, लेकिन दूसरी पार्टियों का वोट बसपा को ट्रांसफर नहीं होता है इसीलिये मायावती गठबंधन को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं रहती हैं। मायावती के सियासी सफर की बात की जाये तो वह चार बार उत्तर प्रदेश की सीएम बन चुकी हैं, जिसमें से तीन बार वह बीजेपी के गठबंधन के साथ मुख्यमंत्री बनीं तो 2007 के विधान सभा चुनाव में मायावती को अपने दम पर बहुमत मिला और चौथी बार राज्य की सीएम वो अकेले अपनी पार्टी के दम पर बनीं थीं लेकिन इसके बाद से ही मायावती की ताक़त घटने लगी। सबसे हालिया विधानसभा चुनाव में बसपा 403 विधासभा सीटों में से महज़ एक सीट जीत पायी। पार्टी का वोट शेयर 13 फ़ीसदी था। थोड़ा और पीछे जाएं तो 2017 के विधानसभा चुनाव में बसपा को 403 में से 19 सीटें मिली थीं। वोट शेयर 22 फ़ीसदी था। बात लोकसभा चुनाव की करें तो साल 2019 का चुनाव बसपा ने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में लड़ा था, बसपा को इस चुनाव में 10 सीटें मिली थीं और सपा का खाता पांच सीटों पर सिमट गया था। इस चुनाव के बाद सपा और बसपा का गठबंधन टूट गया। अखिलेश यादव ने कहा कि हमारा वोट तो बहन जी को ट्रांसफ़र हुआ लेकिन इसमें उनका नुकसान हो गया। वहीं मायावती ने भी चुनाव के बाद दिए गए बयान में कहा कि सपा के साथ जाकर उन्हें चुनाव में नुक़सान हुआ। एक अनुमान के मुताबिक़ उत्तर प्रदेश में दलितों में 65 उपजातियां हैं। इनमें सबसे बड़ी आबादी जाटव समुदाय की है। कुल दलित आबादी का 50 फ़ीसदी हिस्सा जाटव हैं। मायावती ख़ुद इसी समुदाय से आती हैं। मायावती का अब दलितों के बीच वो प्रभाव नहीं रह गया जैसा पहले हुआ करता था। उनकी पार्टी जाटवों की पार्टी बन कर रह गई है। दलितों का एक अच्छा ख़ासा तबका बीजेपी के साथ चला गया है और ये पिछले लोकसभा चुनाव में स्पष्ट दिखाई दिया। जाटव और रैदास जैसी जातियां ही अब मायावती के कोर वोटर रह गई हैं। वाल्मीकि, पासी जातियां अब मायावती के साथ नहीं हैं। अब मायावती की वो सियासी ताक़त नहीं रही, जिसके लिए वो जानी जाती थीं। वो अब वोट काट तो सकती हैं लेकिन किंगमेकर नहीं बन सकतीं। मौजूदा हालात में तो कम से कम ऐसा ही लगता है। बहरहाल, मायवती को सबसे अधिक सियासी नुकसान भी भारतीय जनता पार्टी ने ही पहुंचाया है। साल 2014 के चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में बीजेपी की छवि बहुत बदली है। राज्य की राजनीति को क़रीब से समझने वाले लोग मानते हैं कि बीजेपी की छवि जिस तरह पहले ब्राह्मण और बनियों की पार्टी की थी आज वैसी छवि नहीं रही है। वो आज वैसी नहीं देखी जाती। अब बीजेपी का दायरा ऊंची जातियों की पार्टी से आगे बढ़ कर दलितों और पिछड़ों के बीच भी पहुंच गया है। दलितों में एक तबका बहन जी के सियासी रूप से कमजोर होने के बाद भाजपा की तरफ चला गया है। इसके अलावा बीते कुछ सालों में मायावती ने अपने पार्टी की स्थिति बेहतर करने के लिए कुछ नहीं किया है। उनकी पार्टी राजस्थान, पंजाब और मध्य प्रदेश में एक बड़ी खिलाड़ी हुआ करती थी लेकिन इन राज्यों को तो भूल जाइए वो अपने गृह राज्य यूपी में ही सिमटती जा रही है। आने वाला लोकसभा चुनाव मायावती और उनकी पार्टी के लिए अस्तित्व बचाने की लड़ाई होगी। बीते चुनावों में पार्टी का गिरता प्रदर्शन तो कम से कम इसी ओर इशारा करता है। पार्टी के घटते वोट शेयर और सीटें तो मायावती के लिए चुनौती हैं ही, उनके लिए एक बड़ी चुनौती ये भी है कि उनके बड़े नेता उनका साथ छोड़ चुके हैं या उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया या है। स्वामी प्रसाद मौर्या, लालाजी वर्मा और इंद्रजीत जैसे बड़े क़द्द के नेता अब उनका साथ छोड़ चुके हैं। मौजूदा सांसद दानिश अली को बहनजी ने बाहर कर दिया है। ऐसे में अकेले पार्टी को ज़िंदा रखना मायावती के लिए आने वाले चुनाव में सबसे बड़ी चुनौती होगी क्योंकि उसका मुकाबला सपा और कांग्रेस के साथ-साथ मोदी की 'सेना' से भी होगा, जो लगातार दलित वोटरों को लुभाने में लगे हैं। बीजेपी लम्बे समय से दलित मतदाताओं को साधने की रणनीति पर काम कर रही है। पिछले दिनों हुए उपचुनाव में बसपा प्रत्याशी नहीं होने के बावजूद बीजेपी को सफलता नहीं मिली थी, जिससे बीजेपी को इस बात का अहसास अच्छी तरह से हो गया है कि 2024 की नैय्या दलित मतदाताओं को साधे बिना पार नहीं लगने वाली है। इसलिए बीजेपी का थिंकटैंक दलित बस्तियों में पैठ बनाने की योजना पर काम कर रहा है। बस्ती संपर्क एवं संवाद अभियान के जरिए दलित मतदाताओं में पैठ बनाने के लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा है। बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सभी संगठनात्मक जिलों में अध्यक्षों को दलित बस्तियों के बीच जाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बस्ती संपर्क एवं संवाद अभियान के जरिए बीजेपी की डबल इंजन की सरकार के कामों को बताया जा रहा है। बीजेपी कार्यकर्ता दलित बस्तियों में जाकर फीडबैक लेंगे। दलित बस्तियों से मिले फीडबैक को बीजेपी लोकसभा चुनाव में इस्तेमाल करेगी। **–अजय कुमार**

**मायावती के इस फैसले के निहितार्थ भी निकाले जायेंगे तो बसपा को बीजेपी की बी टीम बताने का सिलसिला भी तेज हो जायेगा। ऐसा इसलिए भी होगा क्योंकि बसपा के अकेले चुनाव लड़ने का सीधा फायदा भाजपा को मिलेगा। वहीं कांग्रेस का मायावती के इस फैसले से उत्तर प्रदेश में पैर पसारने का सपना टूट सकता है। कांग्रेस जानती है कि समाजवादी पार्टी के साथ 2017 के विधान सभा चुनाव में गठबंधन का उसे कोई फायदा नहीं मिला था, जिसके चलते लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस को अपना हश्र 2017 जैसा होता दिख रहा है। कांग्रेस के लिए बसपा की एकला चलो नीति इसलिए भी बड़ा झटका है क्योंकि राहुल गांधी लगातार इस बात की कोशिश में लगे थे कि बसपा भी इंडी गठबंधन का हिस्सा बन जाये। यदि ऐसा हो जाता तो निश्चित ही बीजेपी के लिए यूपी में राह मुश्किल हो सकती थी। वैसे मायावती ने चुनाव बाद गठबंधन की संभावनाओं को जिंदा रखा है। मायावती के पास करीब 18 फीसदी कोर वोटर हैं। मायावती जिस भी पार्टी से हाथ मिलाती हैं उसकी बल्ले-बल्ले हो जाती है, लेकिन दूसरी पार्टियों का वोट बसपा को ट्रांसफर नहीं होता है इसीलिये मायावती गठबंधन को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं रहती हैं। मायावती के सियासी सफर की बात की जाये तो वह चार बार उत्तर प्रदेश की सीएम बन चुकी हैं, जिसमें से तीन बार वह बीजेपी के गठबंधन के साथ मुख्यमंत्री बनीं तो 2007 के विधान सभा चुनाव में मायावती को अपने दम पर बहुमत मिला और चौथी बार राज्य की सीएम वो अकेले अपनी पार्टी के दम पर बनीं थीं लेकिन इसके बाद से ही मायावती की ताकत घटने लगी। सबसे हालिया विधानसभा चुनाव में बसपा 403 विधासभा सीटों में से महज़ एक सीट जीत पायी।**




# क्या आप इस संसद को पहचानते हैं?

**कुमार प्रशांत**

कांग्रेसमुक्त भारत बनाने की बदहवास होड़ को यही रास्ता पकड़ना था। देश भी तेजी से कांग्रेसमुक्त हो रहा है, संसद भी विपक्ष मुक्त हो गई है। संविधान में ऐसी मुक्ति की कोई कल्पना नहीं है। वहां तो संसदीय लोकतंत्र का आधार ही पक्ष-विपक्ष दोनों हैं। विपक्ष अपने कारणों से चुनाव न जीत सके तो वह जाने, लेकिन जो और जितने जीतकर संसद में पहुंचे हैं, उन्हें पूरे अधिकार व सम्मान के साथ संसद में रखना सत्तापक्ष का लोकतांत्रिक दायित्व है। लोकसभा का अध्यक्ष इसी काम के लिए रखा जाता है कि वह संसदीय प्रणाली व सांसदों की गरिमा का रक्षक बनकर रहेगा। 2014 के बाद से संसद का सामान्य शील भी खत्म हो गया और इसे विपक्ष ने नहीं, सत्तापक्ष ने खत्म किया। सबसे पहले तो प्रधानमंत्री ने ही घोषणा कर दी कि हमारा विपक्ष देशद्रोही, राष्ट्रीय एकता का दुश्मन, भ्रष्टाचारी तथा विभाजनकारी ताकतों का सफरमैना है। विपक्ष के लिए जवाहर लाल से मनमोहन सिंह तक, किसी प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं कहा था। बहुमत से सरकार बनाने वाले प्रधानमंत्री को विपक्ष को ऐसा कहने की जरूरत क्यों पड़ी? इसलिए कि वे भयग्रस्त मानसिकता से घिरे थेय घिरे हैं। उन्हें पता है कि यह जो सत्ता हाथ आई है, उसके पीछे आत्मबल नहीं, तिकड़में हैं और तिकड़म का चरित्र ही यह है कि वह कब छल कर जाए, आपको पता भी नहीं चलता। ऐसे में रणनीति यह बनती है कि हर विपक्ष व असहमति को इतना गिरा दो, पतित कर दो कि उसके उठने की संभावना ही न बचे। विपक्ष, संवैधानिक संस्थाओं, स्वतंत्र जनमत, मीडिया, राज्य सरकारों आदि का ऐसा श्रीहीन अस्तित्व पहले कभी नहीं था। विपक्ष, जिसने 60-65 सालों तक देश चलाया है, अगर देशद्रोही, भारत का दुश्मन, विभाजनकारी ताकतों का सफरमैना तथा भ्रष्टाचारियों का सरदार होता, तो क्या आपको वैसा देश मिलता, जैसा मिला? आप चुनाव जीत सके, यही इस बात का प्रमाण है कि विपक्ष पर लगाए आपके आरोप बेबुनियाद हैं। विपक्ष दूध का धुला है, ऐसा कोई नहीं कहेगा, लेकिन आपका दूध शुद्ध है, ऐसा भी तो कोई नहीं कहता। आप यह जरूर कह सकते हैं कि आजादी के बाद से अब तक विपक्ष ने जैसी सरकारें चलाईं, जैसा समाज बनाया उससे भिन्न व बेहतर सरकार व समाज हम बनाएंगे। आपको यह कहने का अधिकार भी है व उसका आधार भी है, क्योंकि आपने सारे देश में एकदम भिन्न विमर्श खड़ाकर अपने लिए चुनावी सफलता अर्जित की है, लेकिन देश आजाद ही 2014 में हुआ, ऐसा विमर्श बनाना व सत्ता की शक्ति से उसे व्यापक प्रचार दिलाना दूसरा कुछ भी हो, स्वस्थ्य लोकतंत्र की जड़ में मत्त्रा डालने से कम नहीं है। अब यह राजनीतिक शैली दूसरे भी सीख चुके हैं। वे भी इतनी ही कटुता से स्तरहीन विमर्श को बढ़ावा दे रहे हैं। लोकतंत्र में सार्वजनिक विमर्श का सुर व स्तर सत्तापक्ष निर्धारित करता है, विपक्ष उसका अनुशरण करता है। संसद जिस स्तर तक गिरती है, देश का सार्वजनिक विमर्श भी उतना ही गिरता है। संसद के दोनों सदनों में अध्यक्ष का पहला व अंतिम दायित्व एक ही हैरू सदस्यों का विश्वास हासिल कर उनका संवैधानिक संरक्षण करना। प्रत्यक्ष या परोक्ष पक्षपात नैतिक पकड़ कमजोर करता है। 2014 से यह लगातार जारी है। यह सच छिप नहीं सकता कि विपक्ष संख्याबल में कमजोर है जिसे आप बराबरी का अधिकार व अवसर न देकर लगातार कमजोर करते जा रहे हैं। आपके ऐसे रवैये से विपक्ष का जो हो सो हो, सदन लगातार खोखला होता जा रहा है। वहां व्यक्तिपूजा, नारेबाजी, जुमलेबाजी तथा तथ्यहीनता का गुबार गहराता जा रहा है। ऐसी संसद, न तो सदन के भीतर और न बाहर, लोकतंत्र को मजबूत व समृद्ध कर सकती है। संविधान इस बारे में गूंगा नहीं है भले हम उसकी तरफ से मुंह फ़ेरकर, निरक्षर व सूरदास बन गए हैं। सांसदों के निलंबन अनुशासन के नाम पर किए गए हैं। अचानक इतने सारे अनुशासनहीन सांसद कहां से आ गए? पहले से सब ऐसे ही थे तो अब तक सदन चल कैसे रहा था? पहले से नहीं थे तो इन्हें अनुशासनहीन बनाने की स्थिति किसने पैदा की? हर निलंबित सदस्य दोनों अध्यक्षों की क्षमता और उनकी मंशा पर सवाल खड़े करता है। संसदीय लोकतंत्र के प्रति आपकी प्रतिबद्धता कैसी है, यह कैसे आंकेंगे हम? आपके व्यवहार से ही न! विपक्ष के इतने सारे सदस्यों को निलंबित कर देने के बाद संसद में लगातार संवेदनशील बिल पेश किए जाते रहे, पारित भी किए जाते रहे, तो यह मंजर ही घोषणा करता है कि संसदीय लोकतंत्र का कोई शील आपको छू तक नहीं गया है।

## सेहत मंत्र

# छह घंटे से कम नींद पुरुषों के लिए है खतरनाक, बढ़ता है हृदय रोगों का है खतरा : शोध

जो पुरुष रात में छह घंटे से कम सोते हैं, उनमें सात और आठ घंटे के बीच सोने वालों की तुलना में हृदय रोगों का खतरा ज्यादा रहता है। यह एक नए अध्ययन से पता चलता है। अध्ययन से पता चलता है कि छह घंटों से कम की खराब गुणवत्ता वाली नींद से एथेरोस्क्लेरोसिस का खतरा सात से आठ घंटे की नींद की तुलना में 27 प्रतिशत बढ़ जाता है। एथेरोस्क्लेरोसिस पूरे शरीर में धमनी की दीवारों पर वसा, कोलेस्ट्रॉल और अन्य पदार्थों के निर्माण करता है। वहीं दूसरी तरह जो महिलाएं आठ घंटे से अधिक सोती हैं उनमें एथेरोस्क्लेरोसिस का खतरा बढ़ जाता है। सेन्ट्रो नैशनल डी इनवेस्टीगेशंस कार्डियोवास्कुलर कार्लोस के रिसर्चर जोस एम ऑर्डोवास के कहते हैं हृदय रोग एक प्रमुख वैश्विक समस्या है और हम शारीरिक गतिविधि और आहार सहित कई दृष्टिकोणों का उपयोग कर इसे रोकने का प्रयास करने के साथ इसका इलाज कर रहे हैं,' साथ यह भी कहते हैं कि, लेकिन अध्ययन में जोर दिया गया है कि हमें नींद को उन हथियारों के रूप में शामिल करना होगा जिनका उपयोग हम हृदय रोग से लड़ने के लिए करते हैं - एक ऐसा कारक जो हम हर दिन समझौता कर रहे हैं। जर्नल ऑफ द अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के लिए, टीम में 3,974 बैंक कर्मचारी शामिल थे, जिनमें से सभी बिना हृदय रोग के थे और दो तिहाई पुरुष थे। रिसर्च में, इन सब के अलावा, शराब और कैफीन का सेवन नींद की कमी और बाधा उत्पन्न करने का कारण पाया गया। ऑर्डोवास कहते हैं कि, बहुत से लोग सोचते हैं कि अच्छी नींद के शराब पीना फायदेमंद है, लेकिन इसका विपरीत प्रभाव पड़ता है। यदि आप शराब पीते हैं, तो आप थोड़ी देर की नींद के बाद जाग सकते हैं और सोने के लिए आपको कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है। और यदि आपको वापस अच्छी नींद नहीं आती तो ये यह खराब गुणवत्ता वाली नींद कहलाती है। नींद की कमी हृदय रोग के जोखिम कारकों जैसे कि ग्लूकोज के स्तर, रक्तचाप, सूजन और मोटापे को बढ़ाकर हृदय रोग के जोखिम को बढ़ाने के लिए जाना जाता है।

## धर्म मंत्र

# श्री गणेश के कई सिद्ध मंदिरों में से एक हैं चिंतामन गणेश

भगवान गणेश के कई सिद्ध मंदिरों में चिंतामन गणेश मंदिर है, ऐसे कुल चार मंदिर हैं। कहते हैं यहां भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। भोपाल, उज्जैन, गुजरात और रणथंभौर में इन गणपति मंदिरों की सिद्धियां इनकी स्थापना की चर्चित कहानियों में छुपी हैं। भोपाल से 2 किलोमीटर की दूरी पर सीहोर में स्थित चिंतामन गणेश मंदिर की दंतकथा बेहद रोचक है। माना जाता है कि इस मंदिर की स्थापना विक्रमादित्य ने की थी लेकिन इसकी मूर्ति उन्हें स्वयं गणपति ने दी थी। प्रचलित कहानी के अनुसार एक बार राजा विक्रमादित्य के स्वप्न में गणपति आए और पार्वती नदी के तट पर पुष्प रूप में अपनी मूर्ति होने की बात बताते हुए उसे लाकर स्थापित करने का आदेश दिया। राजा विक्रमादित्य ने वैसा ही किया। पार्वती नदी के तट पर उन्हें वह पुष्प भी मिल गया और उसे रथ पर अपने साथ लेकर वह राज्य की ओर लौट पड़े। रास्ते में रात हो गई और अचानक वह पुष्प गणपति की मूर्ति में परिवर्तित होकर वहीं जमीन में धंस गई। राजा के साथ आए अंगरक्षकों ने जंजीर से रथ को बांधकर मूर्ति को जमीन से निकालने की बहुत कोशिश की पर मूर्ति निकली नहीं। तब विक्रमादित्य ने गणमति की मूर्ति वहीं स्थापित कर इस मंदिर का निर्माण कराया। मंदिर में स्थापित गणपति की मूर्ति की आंख चांदी की बनी है। वास्तविक मूर्ति की आंख हीरे की थी। स्थानीय लोगों के अनुसार आज मंदिर और मूर्ति की सुरक्षा के लिए रात के समय मंदिर परिसर में ताला लगाया जाता है लेकिन पहले ऐसा नहीं था। 150 साल पहले इस खुले परिसर में मूर्ति की हीरे की आंख चोरी हो गई।

## पर्यटन



# देश के प्राचीन धरोहरों में से एक है कोणार्क का सूर्य मंदिर

वैदिक काल में मंत्रों द्वारा सूर्य देवता की पूजा की जाती थी। पिर राजाओं द्वारा इनके मंदिर का निर्माण शुरू हो गया। ओडिशा स्थित कोणार्क का सूर्य मंदिर देश के प्राचीन ऐतिहासिक धरोहरों में से एक है। सूर्य को वेदों में जगह की आत्मा कहा गया है। हिंदू धर्म के सभी प्राचीन ग्रंथों में इनकी महत्ता को बताया गया है। वैसे तो सूर्य प्रत्यक्ष देवता के रूप में सर्वसाधारण के सामने रहते हैं, इसलिए इन्हें ऊर्जा का प्रमुख स्त्रोत कहा गया है। फिर भी कुछ राजाओं ने सूर्यदेव के प्रति अपनी आस्था प्रदर्शित करने के लिए उपासना स्थलों का भी निर्माण करवाया। कोणार्क का सूर्य मंदिर भी उन्हीं में से एक है। ओडिशा में पुरी जिले से लगभग 23 मील की दूरी पर चंद्रभागा नदी के तट पर कोणार्क का सूर्य मंदिर स्थित है। इसकी कल्पना सूर्य के रथ के रूप में की गई है। इसकी संरचना इस प्रकार है कि रथ में 12 जोड़े विशाल पहिए लगे हैं और इसे 7 शक्तिशाली घोड़े खींच रहे हैं। सूर्य का उदयकाल, मंदिर के शिखर के ठीक ऊपर से दिखाई देता है, ऐसा लगता है कि कोई लाल-नारंगी रंग का बड़ा सा गोला शिखर के चारों ओर अपनी किरणें बिखेर रहा है। यह मंदिर अपनी अनूठी वास्तुकला के लिए दुनियाभर में मशहूर है और ऊंचे प्रवेश द्वारों से घिरा है। इसका मूख पूर्व में उदीयमान सूर्य की ओर है और इसके तीन प्रधान हिस्से- देउल गर्भगृह, नाटमंडप और जगमोहन (मंडप) एक ही सीध में हैं। सबसे पहले नाटमंडप में प्रवेश द्वार है। इसके बाद जगमोहन और गर्भगृह एक ही जगह पर स्थित हैं। यहां अलग-अलग मुद्राओं में हाथियों की सजीव आकृतियां मौजूद हैं। इसके अलावा कई देवी-देवताओं, गंधर्व, नाग, किन्नर और अप्सराओं के चित्र नक्काशी से तैयार किए गए हैं। मंदिर के गर्भगृह में सूर्यदेव की अलौकिक पुरुषाकृति मूर्तियां विराजमान हैं। इसका शिखर स्तूप कोणाकार है और तीन तलों में विभक्त है। इसका निर्माण गंग वंश के नरेश नरसिंह देव (प्रथम) ने करवाया था।

# टी20 विश्व कप से पहले कई विकल्प सामने होना अच्छा है : राहुल द्रविड़

एजेंसी

बेंगलुरू। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला में 3-0 से मिली 'क्लीन स्वीप' पर प्रसन्नता जताई है चूंकि कई युवा खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन से टीम को जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये कई विकल्प मिल गए हैं। भारत ने पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद 11 टी20 खेले हैं। कुछ सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिये जाने के कारण टीम प्रबंधन को जितेश शर्मा और शिवम दुबे जैसे युवा खिलाड़ियों को आजमाने का मौका मिला। द्रविड़ ने तीसरे मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' वनडे विश्व कप के बाद अलग अलग खिलाड़ियों ने खेला है। इसके कई कारण रहे लेकिन यह अच्छा है कि विश्व कप से पहले हमारे पास विकल्प है। उन्होंने कहा ,'' हमे कुछ पहलुओं पर काम करना होगा और इस पर विचार कर रहे हैं। जून में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले यह इस




प्रारूप में भारत का आखिरी मैच था। द्रविड़ ने कहा ,'' एक टीम के रूप में अब हमें उतने मैच नहीं खेलने हैं। आईपीएल है और इन खिलाड़ियों पर सभी की नजरें होंगी। दुबे ने अफगानिस्तान के खिलाफ 124 रन बनाये और दो विकेट लिये। द्रविड़ ने कहा ,''वह लंबे समय बाद लौटा हैऔर पहले से काफी बेहतर खिलाड़ी बनकर आया है। उसमें प्रतिभा हमेशा से थी और उसके प्रदर्शन से मैं बहुत खुश हूं। इससे उसका आत्मविश्वास बढा होगा कि आप वापसी करने के साथ प्लेयर आफ द सीरिज भी बने हैं। विकेटकीपिंग में भारत के पास जितेश, संजू सैमसन, ईशान किशन, केएल राहुल और ऋषभ पंत के विकल्प हैं और कोच ने किसी के भी खेलने की संभावना से इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा ,'' हमारे पास कई विकल्प हैं। संजू, किशन और ऋषभ सभी हैं। देखना होगा कि अगले कुछ महीने में क्या स्थितियां रहती हैं और उसी के अनुसार फैसला लिया जायेगा।

### सुपर ओवर में बिश्नोई को गेंद देने पर द्रविड़ ने कहा- यह रोहित की ओर से वास्तव में अच्छा निर्णय था

बेंगलुरु। अफगानिस्तान और भारत के बीच बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए तीसरे टी-20 मैच में 40 ओवरों में 424 रन बने, जिसके बाद सुपर ओवर की नौबत आई। रोमांच यहीं नहीं खत्म हुआ सुपर ओवर में दोनों टीमों ने 16-16 रन ही बनाया, और फिर दूसरा सुपर ओवर खेला, जिसमें भारत ने 11 रन बनाए और जवाब में रवि बिश्नोई ने भारत की तरफ से सुपर ओवर फ़ेका, जिसमें अफगानिस्तान ने 1 रन पर दो विकेट खो दिये और भारत ने सुपर ओवर में 10 रन से जीत दर्ज की। भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने मैच के बाद ऐसी कठिन स्थिति में बिश्नोई को गेंद देने के सकारात्मक निर्णय के लिए कप्तान रोहित की सराहना की।

# सूर्यकुमार यादव की जर्मनी में हुई सफल ग्रोइन सर्जरी

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने स्पोर्ट्स हर्निया के लिए 17 जनवरी को म्यूनिख में अपनी कमर की सर्जरी सफल सर्जरी कराई। दिसंबर में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान टखने की चोट के बाद हाल के महीनों में यह उनकी दूसरी सर्जरी है। सर्जरी के बाद एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, ''मैं अपने स्वास्थ्य के लिए उनकी चिंताओं और



शुभकामनाओं के लिए सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं और मुझे आप सभी को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मैं बहुत जल्द वापस आऊंगा। सूर्यकुमार टखने की सर्जरी के लिए पुनर्वास के लिए एक सप्ताह पहले तक बेंगलुरु में थे। कमर की सर्जरी के बाद फरवरी के मध्य में उनके पुनर्वास शुरू करने की संभावना है। उनके आईपीएल 2024 में एक्शन में लौटने की संभावना है, जो मार्च के तीसरे सप्ताह में शुरू होने वाला है। रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति में सूर्यकुमार को दक्षिण अफ्रीका में तीन मैचों की श्रृंखला के लिए भारत का टी20ई कप्तान बनाया गया था। उन्होंने 12 दिसंबर को गकेबरहा में दूसरे टी20 में 36 गेंदों पर 56 रन और 14 दिसंबर को जोहान्सबर्ग में तीसरे टी20 में 56 गेंदों पर 100 रन बनाए। वह दक्षिण अफ्रीका में बाद की तीन मैचों की श्रृंखला के लिए भारत की एकदिवसीय टीम का हिस्सा नहीं थे, वह अपनी चोटों के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला के लिए भी चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। भारत ने जून में यूएसए और वेस्ट इंडीज में शुरू होने वाले 2024 टी20 विश्व कप से पहले अपनी आखिरी टी20 सीरीज में अफगानिस्तान को 3-0 से हराया। बेंगलुरु में श्रृंखला का अंतिम मैच इतिहास का पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय था जिसका फैसला दो सुपर ओवर के बाद हुआ।

# कोपा डेल रे : रियल सोसिदाद, गिरोना, सेल्टा क्वार्टरफाइनल में

एजेंसी

पैम्प्लोना, (स्पेन)। रियल सोसिदाद ने बुधवार रात ओसासुना को 2-0 से हराकर कोपा डेल रे के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। रियल सोसिदाद के कप्तान मिकेल ओयारज़ाबल ने 57वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट से गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। इसके बाद इंजुरी टाइम के छठे मिनट में मिकेल मेरिनो ने टीम के लिए दूसरा गोल करते हुए रियल सोसिदाद की जीत सुनिश्चित कर दी। अन्य मुकाबलों में, ला लीगा के लीडर गिरोना ने क्लब के इतिहास में दूसरी बार क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। गिरोना के लिए क्रिस्टियन स्टौनी ने 15वें और 19 मिनट में (पेनल्टी स्पॉट से दूसरा) गोल कर टीम को 2-0 से आगे कर दिया। मैच के 26वें मिनट में डेली ब्लाइंड ने गिरोना के लिए तीसरा गोल किया।



हालांकि मैच के 36वें मिनट में रैंडी नटेका ने रेयो वैलेकेनो के लिए एकमात्र गोल किया और स्कोर 3-1 हो गया। अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ और गिरोना ने 3-1 से जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में सेल्टा विगो ने मेस्टल्ला स्टेडियम में वालेंसिया को 3-1 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। सेल्टा विगो के लिए ग्रीक स्ट्राइकर अनास्तासियोस डोउविकस ने दो और लुका डे ला टोरे ने एक गोल किया, वेलेंसिया के लिए एकमात्र गोल पेपेलु ने किया।

# ईसीबी महिला हंड्रेड के वेतन में अतिरिक्त 800,000 पाउंड का करेगा निवेश

एजेंसी

लंदन। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विदेशी खिलाड़ियों को आकर्षित करने और टूर्नामेंट के लिंग वेतन अंतर को कम करने के लिए 2024 में महिला हंड्रेड के वेतन में अतिरिक्त 800,000 पाउंड का निवेश करेगा, जबकि पुरुषों का वेतन लगातार तीसरे सीज़न के लिए रोक दिया जाएगा। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार, आठ महिला टीमों में से प्रत्येक के लिए वेतन सीमा 250,000 पाउंड से 350,000 पाउंड तक 40% बढ़ जाएगी, शीर्ष तीन वेतन बैंड में 60% की वृद्धि होगी। इसका मतलब है कि प्रत्येक टीम में दो सबसे अधिक कमाई करने वाले 50,000 पाउंड कमाएंगे, जो 2023 में 31,250 पाउंड और 2021 में 15,000 पाउंड से अधिक



है। भारत में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में दी जाने वाली पेशकश की तुलना में महिलाओं की द हंड्रेड में वेतन अभी भी कम है, जहां स्मृति मंधाना 3.4 करोड़ रुपये ( 320,000 पाउंड) के साथ अग्रणी कमाई करने वाली हैं। लेकिन ईसीबी को उम्मीद है कि यह बढ़ोतरी 2024 में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को आकर्षित करेगी, क्योंकि एश्ले गार्डनर और ताहलिया मैकग्राथ सहित कुछ प्रमुख ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने पिछली गर्मियों में हंड्रेड से बाहर होने का विकल्प चुना था। इस वर्ष हंड्रेड विंडो के दौरान आयरलैंड और श्रीलंका के अलावा सभी पूर्ण-सदस्यीय टीमों के लिए महिला भविष्य दौरा कार्यक्रम स्पष्ट है। सितंबर-अक्टूबर में होने वाले एशिया कप और टी20 विश्व कप के साथ, विदेशी खिलाड़ी हंड्रेड को उन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की तैयारी के अवसर के रूप में देख सकते हैं। खिलाड़ियों के वेतन में निवेश से हंड्रेड के लिंग वेतन अंतर में भी कमी आएगी, महिला खिलाड़ियों को अब अपने पुरुष समकक्षों का औसतन 35% भुगतान किया जाएगा, जबकि 2023 में यह 25% था। इंडिपेंडेंट कमीशन फॉर इक्विटी इन क्रिकेट (आईसीईसी) की रिपोर्ट पिछली गर्मियों में इंग्लिश क्रिकेट ने 2025 तक हंड्रेड में समान वेतन का आह्वान किया था, हालांकि ईसीबी उस सिफारिश के लिए प्रतिबद्ध नहीं है। द हंड्रेड, 2024 में जुलाई के अंत से अगस्त के अंत तक चलेगा और शुरुआती चरण वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड के पुरुषों के तीसरे टेस्ट और एमएलसी के अंतिम सप्ताह के साथ टकराएंगे।

### एजेड अल्कमार ने कोच जानसन को बर्खास्त किया, मार्टेंस को दी जिम्मेदारी

द हेग। डच फुटबॉल क्लब एजेड अल्कमार ने बुधवार को कोच पास्कल जानसन को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। अल्कमार में सहायक कोच मार्टेन मार्टेंस, सीज़न के अंत तक जानसन का स्थान लेंगे। 2009 में एक खिलाड़ी के रूप में एजेड के साथ राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतने वाले 39 वर्षीय बेल्जियम के खिलाड़ी मार्टेंस ने पिछले दो सीज़न के लिए एजेड की दूसरी टीम को कोचिंग दी है। 2023 के अंत तक एजेड के निराशाजनक परिणामों और नए साल की कठिन शुरुआत के बाद यह बदलाव कोई आश्चर्य की बात नहीं थी। पिछले शनिवार को, एजेड ने इरेडिविसी सीज़न के दूसरे भाग की शुरुआत एफसी ट्वेंटे से 2-1 की हार के साथ की। एजेड अब इरेडिविसी में चौथे स्थान पर है, नंबर 2 फ़ेनोर्ड से छह अंक पीछे और नंबर 3 एफसी ट्वेंटे से चार अंक पीछे है।

# गोदरेज इंटेरियो ने नया स्टोर लॉन्च किया

लखनऊ। गोदरेज समूह की कंपनी गोदरेज एंड बॉयस ने घोषणा की है कि उसके व्यवसाय गोदरेज इंटेरियो ने लखनऊ में वृन्दावन योजना में अपना नया आउटलेट लॉन्च किया है। 4500 वर्ग फुट का यह अत्याधुनिक फ्लैगशिप स्टोर लखनऊ और भारत के नॉर्दर्न मार्केट (उत्तरी बाजारों) में गोदरेज इंटेरियो की रिटेल प्रेज़न्स (खुदरा उपस्थिति) को बढ़ावा देगा। लखनऊ स्टोर में आपको विशेष रूप से तैयार किए गए गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध होंगे, जिसमें विभिन्न शैलियों, मटेरियल और कलर ऑप्शंस के साथ होम स्टोरेज, घरेलू फर्नीचर और मैट्रेसेस उपलब्ध होंगे। ब्रांड ने एक औपचारिक स्कीम्स पेश की है, जिसके तहत ग्राहकों को चुनिंदा श्रेणियों की खरीदारी पर केवल 2999 रुपये में एक रिक्लाइनर दिया जा रहा है। लखनऊ में नए स्टोर की अहमियत के बारे में उपाध्यक्ष और राष्ट्रीय प्रमुख (सेल्स एंड ऑपरेशंस-बी2सी) मनोज राठी ने कहा, इस एक्सिलेंस लोकेशन पर स्टोर शुरू होने से मार्केट में गोदरेज इंटेरियो की मजबूत और




बढ़ती ब्रांड वैल्यू का भी लाभ मिलेगा और हमें उम्मीद है कि स्टोर का राजस्व प्रति वर्ष 2.50 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। यहां हमारा एक महत्वपूर्ण और मजबूत ग्राहक आधार है। ब्रांड के उत्तर प्रदेश में 55 से अधिक चैनल पार्टनर, 18 एक्सक्लूसिव शोरूम और 120 खुदरा विक्रेता हैं और कुल मिलाकर, पूरे उत्तर भारत में उनके 160 से अधिक चैनल पार्टनर हैं। अपने ग्राहकों के साथ विश्वास और वफादारी कायम करने वाले अनुभवों को अनलॉक करने की गोदरेज इंटेरियो की प्रतिबद्धता के अनुरूप, हम खुद को और अधिक सहज और उपलब्ध बना रहे हैं। हम अगले तीन वर्षों में 15 विशिष्ट शोरूम और 150 खुदरा विक्रेताओं को लॉन्च करके उत्तर प्रदेश के बाजार में अपनी खुदरा उपस्थिति का और विस्तार करने की योजना पर काम कर रहे हैं। हमें यह भी उम्मीद है कि पूरे राज्य और उत्तरी क्षेत्र के लिए राजस्व 80 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। मैक्सिमाइजिंग स्पेस इफिशन्सी के बढ़ते महत्व को देखते हुए, गोदरेज इंटेरियो ने क्रिएशन एक्स3 पेश किया है। यह नवोन्मेषी मॉड्यूलर स्टोरेज सॉल्यूशन किसी भी घर में उपलब्ध जगह में आसानी से फिट हो जाता है। इसे सावधानीपूर्वक डिज़ाइन किया गया है। इसके अलावा, हाल ही में लॉन्च किए गए वी रेंज के विशेष बेड्स, जो आपके बेडरूम में सहज रूप से फिट हो जाते हैं, यह सीमलेस इंटिग्रेशन का शानदान नमूना है। यह ऑफर विभिन्न प्रकार के हेडबोर्ड डिज़ाइन, बेड बेस स्टोरेज, मटेरियल और कलर ऑप्शंस के साथ चयन करने की सुविधा प्रदान करता है।

# मुफ्त शिक्षा और वजीफ़े के लिये अमेरिकी महिला खिलाड़ियों ने थामी हॉकी स्टिक

एजेंसी

रांची। आम तौर पर अमेरिकी खिलाड़ी देश में पेशेवर ढांचे के अभाव की शिकायत नहीं करते लेकिन अमेरिकी महिला हॉकी खिलाड़ी अपवाद है जिनके लिये हॉकी स्टिक थामने का मूल मकसद मुफ्त शिक्षा की सुविधा हासिल करना है। भारत में खिलाड़ियों के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छे प्रदर्शन पर करोड़ों रूपये ईनाम में दिये जाते हैं और इसके अलावा हॉकी का बेहतरीन ढांचा है लेकिन अमेरिका में हॉकी पेशेवर खेल भी नहीं है। अमेरिका में हॉकी खेलने वालों को कॉलेज में स्कॉलरशिप मिलती है। यहां एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर खेल रही अमेरिकी महिला हॉकी टीम में स्टानफोर्ड यूनिवर्सिटी से एक मैकनिकल इंजीनियर भी है। यह खिलाड़ी अमेरिका की गोलकीपर केसले बिंग है। कप्तान अमांडा गोलिनी ने कहा ,'' अमेरिका में हॉकी उतना लोकप्रिय नहीं है। हम अपने कॉलेजों के लिये खेलते हैं लेकिन उसके बाद कोई पेशेवर ढांचा नहीं है। हम देश में हॉकी के विकास की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा ,'' हमारी कुछ खिलाड़ी सोशल मीडिया प्रबंधन में काम करती हैं तो हमारी गोलकीपर एयरोस्पेस इंजीनियर है। कॉलेज हमें हॉकी खेलने के लिये स्कॉलरशिप देता है जिससे मुफ्त शिक्षा मिल जाती है और हम दूसरे कैरियर में आगे बढ सकते हैं। अमेरिकी महिला हॉकी टीम ने छह ओलंपिक खेले हैं और 1984 में लॉस एंजीलिस में कांस्य पदक जीता। विश्व कप में अमेरिकी महिला टीम नौ बार उतरी और 1994 में कांस्य पदक जीता। अमेरिका के कोच डेविड पासमोर ने कहा ,'' अमेरिका में क्लब कल्चर नहीं है। कॉलेज से निकलने के बाद आपके पास हॉकी खेलने के लिये प्लेटफॉर्म ही नहीं है। या तो आप राष्ट्रीय टीम के लिये खेलें या खत्म। जब मैं यूरोप ये यहां पहली बार आया तो भारत में हॉकी का ढांचा देखकर दंग रह गया था।''

## संक्षिप्त समाचार

### आन से यंग और ताइ जू यिंग क्वार्टर फाइनल में, तुनजुंग उलटफ़ेर का शिकार

**नयी दिल्ली।** विश्व चैंपियन और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग ने गुरुवार को यहां तीन गेम तक चले बेहद कड़े मुकाबले में जीत के साथ इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता दक्षिण कोरिया की आन से यंग ने अमेरिका की 2018 की चैंपियन बेइवेन झैंग को दूसरे दौर के मुकाबले में 21-19, 14-21, 21-14 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। आन से यंग को लगातार दूसरे दौर में तीन गेम तक जूझना पड़ा। पहले दौर में थाईलैंड की अनुभवी रत्चानोक इंतानोन के खिलाफ भी उन्होंने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए तीन गेम में 16-21, 21-13, 21-16 से जीत दर्ज की थी। क्वार्टर फाइनल में आन से यंग की भिड़ंत सिंगापुर की यिओ जिया मिन से होगी जिन्होंने उलटफ़ेर करते हुए इंडोनेशिया की सातवीं वरीय ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग को हराया। जिया मिन ने कड़े मुकाबले में सीधे गेम में 25-23, 21-14 से जीत दर्ज की। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता चीनी ताइपे की चौथी वरीय ताइ यू यिंग ने थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग को सीधे गेम में 21-12, 21-11 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता चीन की छठी वरीय ही बिंग जियाओ ने भी आसान जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह सुनिश्चित की। उन्होंने थाईलैंड को पोर्नपावी चोचुवोंग को बेहद एकतरफा मुकाबले में 21-6, 21-11 से शिकस्त दी। क्वार्टर फाइनल में ताइ जू यिंग और ही बिंग जियाओ आमने-सामने होंगी।

### आस्ट्रेलियाई ओपन : स्वियातेक ने कोलिंस को हराया

**मेलबर्न।** शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने तीसरे सेट में 1-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 2022 की उपविजेता डेनियेले कोलिंस को 6-4, 3-6, 6-4 से हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश किया। स्वियातेक ने शुरूआत अच्छी की और पहला सेट जीत लिया लेकिन अमेरिका की कोलिंस ने दूसरा सेट जीतकर वापसी की। वह तीसरे सेट में भी आगे थी लेकिन स्वियातेक ने अपना सारा अनुभव लगाकर उस पर विराम लगाया। स्वियातेक ने पहले दौर में 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन सोफिया केनिन को हराया था जबकि कोलिंस ने 2016 की विजेता एंजेलिक कर्बर को मात दी थी।

### डकार रैली : ब्रांच मुख्य बाइक रेस की ओवरऑल रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

**अल उला।** हीरो मोटोस्पोर्ट्स के राइडर रॉस ब्रांच डकार रैली 2024 की मुख्य बाइक रेस 'रैली जीपी' वर्ग के 10वें चरण में बुधवार को छठे स्थान (ओवर ऑल सातवें पायदान) पर रहे जिससे उनके खिताब जीतने की उम्मीदों को झटका लगा है क्योंकि उनके और शीर्ष पर काबिज रिकी ब्राबेक के बीच फासला 10 मिनट से अधिक का हो गया है। वहीं दूसरी ओर 'रैली 2' वर्ग में नोआ ने एक बार फिर से शीर्ष स्थान किया। तीन दिन में दूसरी बार 'स्टेज ( रेस के चरण)' विजेता बनने के साथ वह ओवरऑल रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गये। इस रैली में अब सिर्फ दो चरण बचे है और बाइक की मुख्य रैली में ब्रांच तालिका में शीर्ष पर काबिज मॉन्स्टर एनर्जी होंडा टीम के रिकी ब्राबेक से अब 10 मिनट 54 सेकंड के बड़े अंतर से पिछड़ रहे हैं। तीसरे स्थान पर इसी टीम के एंड्रियन वैन बीवेरेन है। ब्रांच और बीवेरेन के बीच अब महज 52 सेकंड का फासला रह गया है। रैली के इस 10वें चरण में ब्राबेक और बवेरेन ने इस चरण में शीर्ष दो स्थान हासिल किया। ब्राबेक ने तीन घंटे 51 मिनट 39 सेकंड में इस चरण को पूरा किया जबकि बीवेरेन ने उनसे महज दो सेकंड अधिक लिया। ब्रांच ने अलउला में इस चरण को पूरा करने के लिए ब्राबेक से तीन मिनट 45 सेकंड अधिक समय लिया। 'रैली 2' वर्ग में भारतीय राइडर हरिथ नोआ ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। शेरको टीवीएस फैक्ट्री टीम के इस राइडर ने 10वें चरण को तीन घंटे 53 मिनट और 34 सेकंड में पूरा किया। वह अपने वर्ग में ओवरऑल रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज आर. डुमोंटियर (47 घंटे 18 मिनट और 43 सेकंड ) से चार मिनट 31 सेकंड पीछे है। नोहा ने उम्मीद जतायी की वह अगले दो चरण अपनी इस लय को जारी रखेंगे। उन्होंने कहा रैली के दो और चरण बचे हुए है। मेरे लिए कल एक और सामान्य दिन होगा। मेरा ध्यान नेविगेशन पर होगा। '' इस 29 साल के रेसर ने कहा, '' ' अगले दो चरण के लिए कोई अलग योजना नहीं हैं। मैं रेस के दौरान एक बार में एक किलोमीटर के बारे में सोचता हूं।'' उन्होंने अब तक के प्रदर्शन के बारे में पूछे जाने पर कहा, '' मैं अपने समग्र प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। इस वर्ष मैंने बहुत कुछ सीखा है।

# सैमसंग नोएडा में गैलेक्सी एस24 श्रृंखला के स्मार्टफोन बनाएगी

सैन जोस। कोरियाई इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माता सैमसंग घरेलू बिक्री के साथ ही निर्यात के लिए अपने भारतीय कारखाने में नवीनतम कृत्रिम बुद्धिमत्ता से युक्त गैलेक्सी एस24 श्रृंखला के स्मार्टफोन बनाएगी। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। कंपनी ने अपने नवीनतम फ्लैगशिप स्मार्टफोन ऽ गैलेक्सी एस24 सीरीज का अनावरण किया। इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित अनुप्रयोगों पर खासतौर से ध्यान दिया गया है। इसमें हिंदी सहित चुनिंदा भाषाओं में तत्काल वॉयस कॉल और संदेश अनुवाद, बेहतर छवि संपादन, कंटेंट निर्माताओं को लुभाने के लिए बेहतर कैमरा और मजबूत डिस्प्ले के लिए कॉर्निंग गोरिल्ला आर्मर ग्लास जैसे फीचर शामिल हैं। सैमसंग इंडिया के अध्यक्ष और सीईओ जेबी पार्क ने कहा, यह एक भविष्य का उपकरण है। दुनिया एआई के बारे में अगली बड़ी चीज की बात कर रही है, जबकि गैलेक्सी एस24 श्रृंखला इसे आपके सामने सीधे लेकर आ रही है। मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि गैलेक्सी एस24 श्रृंखला का विनिर्माण भारत में हमारे नोएडा कारखाने में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत में उपभोक्ता 18 जनवरी से गैलेक्सी एस24 श्रृंखला के स्मार्टफोन की प्री-बुकिंग कर सकते हैं और इसकी बिक्री 31 जनवरी से शुरू होगी। सैमसंग ने गैलेक्सी एस24 श्रृंखला के स्मार्टफोन की स्टोरेज क्षमता आठ जीबी सिस्टम मेमोरी (रौम) और 256 जीबी स्टोरेज मेमोरी (रैम) से लेकर 12 जीबी रैम और एक टेराबाइट (टीबी) रैम तक रखी है। ये स्मार्टफोन भारत में 79,999 रुपये से 1,59,999 रुपये के दायरे में उपलब्ध होगा। पार्क ने कहा, सैमसंग में, हमें भारत में प्रीमियम उत्पादों को बढ़ावा देने पर गर्व है। मुझे विश्वास है कि भारत गैलेक्सी एस24 को संचालित करके एआई क्रांति को अपनाने में सबसे आगे होगा।

# सर्राफा बाजार में गिरावट से सोना 800 रुपये तक फिसला, चांदी भी कमजोर

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में गुरुवार को एक बार फिर गिरावट नजर आ रही है। देश के ज्यादातर शहरों में सोना 800 रुपये प्रति 10 ग्राम तक कमजोर हो गया है। आज की गिरावट के कारण चेन्नई के अलावा देश के अधिकांश सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 63 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे गिर कर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 58 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे लुढ़क गया है। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में भी आज गिरावट दर्ज की गई है। दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी 400 रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी के साथ 75,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 62,670



रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,570 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 62,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 63,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 57,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 62,670 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 57,450 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 62,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 62,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 57,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 62,670 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 57,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 62,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में कमजोरी दर्ज की गई है।

# भाजपा-आरएसएस का है लोगों को लड़ाने का काम : राहुल

एजेंसी

जोरहाट, (असम)। कंग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) देश में नफरत फैलाते हैं, धर्म के आधार पर लोगों को लड़ाते हैं और फिर जनता का धन लूटते हैं।

श्री गांधी ने भारत 'जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान गुरुवार को असम नागालैंड सीमा पर स्थित नकाचरी देवरापारा में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी और अब पूरब से पश्चिम की यात्रा पर हैं। भारत जोड़ो यात्रा 4,000 किलोमीटर की थी। तब भाजपा के लोग यात्रा के फायदे को लेकर सवाल करते थे लेकिन सच यह है कि इस यात्रा ने हिंदुस्तान के पॉलिटिकल नेरेटिव को बदल दिया है। उन्होंने कहा, ''जब कन्याकुमारी से कश्मीर तक यात्रा की, तो काफी लोग मेरे पास आए। उन्होंने हमसे कहा देखिए, आपने साउथ से नॉर्थ की यात्रा तो कर ली, मगर अब आपको ईस्ट से वेस्ट या वेस्ट से ईस्ट भी यात्रा करनी चाहिए। इसलिए हमने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' मणिपुर से शुरु की और ये यात्रा मणिपुर, नागालैंड, असम से लेकर महाराष्ट्र तक जाएगी। इस यात्रा का लक्ष्य हर धर्म, हर जाति की जनता को एक करने का तो है, मगर इसमें हमने न्याय शब्द भी जोड़ा है। क्योंकि हम मानते हैं कि देश में, हर प्रदेश में भाजपा और आरएसएस अन्याय कर रहे हैं- आर्थिक अन्याय, सामाजिक अन्याय और राजनीतिक



अन्याय। मणिपुर में आप जानते हैं, गृहयुद्ध जैसा माहौल बना हुआ है, पूरा राज्य बांट दिया गया है और प्रधानमंत्री आज तक मणिपुर नहीं गए। कंग्रेस नेता ने कहा कि नागालैंड से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़े वादे करते हुए नौ साल पहले एक समझौता पर हस्ताक्षर किए थे लेकिन अब तक उसे लागू नहीं किया गया है। नागालैंड के लोग आज पूछ रहे हैं कि समझौते का क्या हुआ, प्रधानमंत्री के वादे का क्या हुआ। असम में भी हाल खराब हैं। शायद देश की सबसे भ्रष्ट सरकार असम में है और वह भारत जोड़ो ने यात्रा के दौरान असम के लोगों से जुड़े सभी मुद्दों को उठाएंगे। नागालैंड की यात्रा को सफल बनाने के लिए उन्होंने प्रदेश कंग्रेस अध्यक्ष तथा इस कार्यक्रम की सफलता के लिए काम करने वाली टीम को धन्यवाद देते हुए कहा, ''आपने यात्रा को बहुत अच्छे तरीके से नागालैंड में चलाया, बहुत अच्छा रिस्पांस मिला और अब मुझे लगता है कि असम में वैसा ही रिस्पांस बहुत गहरा, प्यार भरा रिस्पांस हमें मिलेगा। आपने शंकर देव जी की बात की, ये यात्रा शंकर देव जी की विचारधारा की यात्रा है। जो उन्होंने कहा और जो असम का इतिहास है उसी को हम फिर दोहरा रहे हैं। शंकर देव जी ने सबको रास्ता दिखाया था, सबको जोड़ने का काम किया था, अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी, उसी प्रकार से उसी रास्ते पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा चलने जा रही है।

## गरीबी घटने का सरकार का आकड़ा झूठा : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने सरकार की गरीबों की संख्या घटने के आंकड़े को गुलाबी माहौल का झूठा आंकड़ा करार देते हुए गुरुवार को कहा कि यदि सच में देश में गरीबी कम हुई है तो उपभोग करने वालों का आंकड़ा बढ़ने की बजाय घट क्यों रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनाथ ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार का यह दावा गलत है कि देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से उबारा गया है। उनका कहना था कि यदि सच में गरीबों की संख्या घटी है तो फिर उपभोग करने वालों की संख्या क्यों काम हो रही है। उन्होंने सरकार के दावे पर तंज करते हुए, ''तुम्हारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है, मगर ये आंकड़े झूठे हैं, ये दावा किताबी है। ये लाइनें मोदी सरकार के उस नए दावे पर चरितार्थ होती हैं जिसमे कहा जा रहा है कि गत नौ साल में 24.82 करोड़ भारतीयों को गरीबी से उबारा गया है। लेकिन असल में यह गरीब के खिलाफ एक बहुत बड़ी साजिश है। यह दावा जमीनी हकीकत के विपरीत है। इसमें चार बड़ी समस्याएं हैं। अगर गरीबों की संख्या घट गई है, तो उपभोग क्यों नहीं घट रहा है। अगर गरीबी 11.7 प्रतिशत तक गिर चुकी है यानी सिर्फ 15 करोड़ लोग ही गरीब हैं तो सरकार 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन क्यों दे रही है।

# बीसीआई का राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह पर अदालतों में अवकाश देने का अनुरोध

एजेंसी

नयी दिल्ली। बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर 22 जनवरी को राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर देश भर की सभी अदालतों में छुट्टी घोषित करने का अनुरोध किया है।

श्री मिश्रा ने पत्र में लिखा है कि इस दिन अयोध्या में भगवान राम मंदिर का प्रतिष्ठा समारोह निर्धारित है। प्राण प्रतिष्ठा एक लंबी कानूनी लड़ाई का परिणाम है, देश और दुनिया भर के लाखों लोगों के लिए अत्यधिक धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अनेक गणमान्य हस्तियां समारोह में मौजूद रहेंगी। उन्होंने प्राणप्रतिष्ठा आयोजन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इस समारोह ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया है। एशिया, अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका के 55 देशों से करीब 100 गणमान्य व्यक्तियों के समारोह में हिस्सा लेने भारत आने की उम्मीद है।अतिथि सूची में विभिन्न देशों के राजदूत और सांसद शामिल हैं। प्रभु श्री राम वंशज के वंश का होने का दावा करने वाली कोरिया क्वीन भी इस सूची में है। उन्होंने कहा कि भगवान राम का सार्वभौमिक महत्व सांस्कृतिक और धार्मिक सीमाओं से परे है, जो दुनिया भर के लोगों के दिलों को छूता है। उन्होंने अपने पत्र में कहा, ्समारोह के धार्मिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के मद्देनजर मैं विनम्रतापूर्वक आपसे शीर्ष न्यायालय समेत उच्च न्यायालयों, जिला न्यायालयों और अन्य अदालतों में 22 जनवरी को अवकाश घोषित करने पर विचार करने का अनुरोध करता हूं। यह अवकाश कानूनी समुदाय के सदस्यों और अदालत के कर्मचारियों को अयोध्या और देश भर में अन्य संबंधित कार्यक्रमों में उद्घाटन समारोहों में भाग लेने या देखने की अनुमति देगा। बीसीआई अध्यक्ष ने कहा कि वह न्याय प्रणाली के निरंतर कामकाज के महत्व को समझते हैं इसलिए यह सुझाव देना चाहते हैं कि तत्काल मामलों को विशेष व्यवस्था के माध्यम से समायोजित किया जा सकता है।

# देश की शान हैं आदिवासी: धनखड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आदिवासी समुदाय को देश की शान करार देते हुए कहा है कि आदिवासी क्षेत्रों की पहचान खनन से नहीं, बल्कि प्रतिभाशाली व्यक्तियों से होनी चाहिए।

श्री धनखड़ ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के आदिवासी छात्र-छात्राओं से उपराष्ट्रपति निवास पर भेंट करते हुए कहा कि आदिवासी हमारे देश की शान हैं। उन्होंने कहा कि आज का भारत बदल गया है और यही कारण है कि भारत के तीन सर्वोच्च पद- नंबर एक पर एक ट्राइबल महिला हैं, नंबर दो पर किसान पुत्र है और नंबर तीन पर अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं। दुनिया में क्रांति भारत की वजह से आ रही है। श्री धनखड़ ने कहा, मैं आपको यही कहूंगा कि आप इस देश के मालिक हैं। आप जमीन से जितना जुड़े हुए हैं, और कोई नहीं जुड़ा हुआ है।ङ्क उन्होंने कहा कि जनजाति की ताकत को यदि समझना है, इसके महत्व को समझना है, इसकी प्रतिभा



को समझना है तो राष्ट्रपति भवन चले जाइए। जनजाति की महिला श्रीमती द्रौपदी मुर्मू भारत की राष्ट्रपति हैं।

श्री धनखड़ ने कहा, भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति में जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है जो हमें प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आज भारत अमृत काल में है और दुनिया हमारी प्रगति को देखकर आश्चर्यचकित है। छात्रों को भविष्य के भारत का कर्णधार बताते हुए श्री धनखड़ ने कहा, ''सदा स्वस्थ रहें, स्वस्थ सोचे, बिल्कुल नहीं डरें। कई बार हम लोग गांव से आते हैं तो हमें डर लग जाता है शहर की चमक दमक से। मत डरिए, क्योंकि शहरों में भी ताकत ग्रामीण की ही है, ट्राइबल की ही है। उपराष्ट्रपति निवास पर भेंट के बाद सभी छात्र-छात्राओं ने संसद का भ्रमण किया। इनमें से 140 छात्र छत्तीसगढ़ के बीजापुर, सुकुमा, बस्तर, दंतेवाड़ा, कांकेर, नारायणपुर और राजनंदगांव से हैं जबकि 60 छात्र मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले से हैं।

## ईडी ने पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले में मारे छापे

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले के संबंध में गुरुवार को छापे की कार्रवाई शुरू की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि महानगर और उसके आसपास के करीब सात स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद घोटाले की जांच कर रही संघीय एजेंसी ने सुबह से कोलकाता और उसके आसपास सात स्थानों पर एक साथ छापे की कार्रवाई शुरू की। घोटाले में प्रसन्ना रॉय सहित कथित तौर पर बिचौलियों की भूमिका निभाने वाले लोगों के आवासों और कार्यालयों पर छापेमारी की जा रही है। ये बिचौलिए पैसे इकट्ठा करते थे और उसे विभिन्न पतों पर ट्रांसफर करते थे। बड़ी संख्या में सशस्त्र केंद्रीय बलों (सीआरपीएफ) की सहायता से ईडी के अधिकारियों ने कोलकाता के पूर्वी किनारे पर न्यू टाउन और नयाबाद में तलाशी अभियान शुरू किया। सूत्रों ने बताया कि रॉय पर अयोग्य उम्मीदवारों की कथित भर्ती के घोटाले में बिचौलिया होने का आरोप है।

# नीदरलैंड, डोमिनिक गणराज्य और इक्वाडोर के साथ चिकित्सा उत्पाद विनियमन पर सहयोग की स्वीकृति

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नीदरलैंड ,डोमिनिक गणराज्य और इक्वाडोर के साथ चिकित्सा उत्पाद विनियमन सहयोग पर अलग-अलग समझौता ज्ञापनों को स्वीकृति प्रदान की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक को इन समझौता ज्ञापनों से अवगत कराया गया। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इन समझौता ज्ञापनों का पूर्व प्रभाव से अनुमोदन किया है।

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) और मानव विषयों से जुड़े अनुसंधान के बारे में चिकित्सा मूल्यांकन बोर्ड ने नीदरलैंड के संबद्ध संस्थान के बीच ''चिकित्सा उत्पादों के विनियमन के क्षेत्र में सहयोग पर सात नवंबर, 2023 को हस्ताक्षर किए गए थे। इसी तरह से केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और डोमिनिक गणराज्य के बीच चिकित्सा उत्पाद विनियमन के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन को मंजूरी दी। सीडीएससीओ तथा डोमिनिक गणराज्य के चिकित्सा, खाद्य और स्वच्छता उत्पाद संगठन महानिदेशालय, सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक सहायक मंत्रालय के बीच चिकित्सा उत्पाद विनियमन के क्षेत्र में सहयोग परचार अक्टूबर, 2023 को हस्ताक्षर किए गए थे। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने चिकित्सा उत्पाद विनियमन के क्षेत्र में सहयोग पर भारत और इक्वाडोर के बीच हुए समझौता ज्ञापन का भी अनुमोदन किया है। सीडीएससीओ और एजेंसिया नैशनल डी रेगुलेशन, कंट्रोल वाई विजिलेंसिया सैनिट्रिया - एआरसीएसए, डॉक्टर लियोपोल्डो इज़िक्वएटा पेरेज़, इक्वाडोर गणराज्य के बीच चिकित्सा उत्पाद विनियमन के क्षेत्र में सहयोग पर सात नवंबर 2023 को हस्ताक्षर किए थे। तीनों देशों के नियामक प्राधिकरणों के बीच ये समझौते फार्मास्युटिकल उपयोग के लिए कच्चा माल, जैविक उत्पादों, चिकित्सा उपकरणों और कॉस्मेटिक उत्पादों सहित फार्मास्यूटिकल्स के संबंध में चिकित्सा उत्पादों के विनियमन की बेहतर सुविधा प्रदान करेंगे। ये चिकित्सा उत्पादों के निर्यात की सुविधा प्रदान करेंगे जिससे विदेशी मुद्रा आय में वृद्धि होगी और यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ाया गया कदम होगा। इसके अलावा चिकित्सा उत्पादों और पक्षकारों के अधिकार क्षेत्र के भीतर प्रासंगिक प्रशासनिक और विनियामक मामलों से संबंधित क्षेत्रों में सूचना के आदान-प्रदान और सहयोग को बढ़ावा देंगे। अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में चल रही घटिया, नकली दवाओं से निपटने के लिए विनियामक एजेंसियों के बीच बातचीत की सुविधा होगी। ये समझौते दोनों पक्षों के बीच नियामक पहलुओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेंगे तथा चिकित्सा उत्पादों के विनियमन के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बेहतर समन्वय में मदद करेंगे।

# कानून की नजर में ईडी की चारों नोटिस गैरकानूनी: केजरीवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी के चौथे समन को गैरकानूनी और अमान्य बताते हुए कहा कि भाजपा किसी भी तरह उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना चाहती है।

श्री केजरीवाल ने पत्रकारों से आज कहा कि ईडी ने उन्हें चौथा नोटिस भेजा है। ईडी ने नोटिस में कहा है कि आप 18 या 19 जनवरी में से किसी भी तारीख को आ जाइए। ईडी द्वारा भेजे गए चारों नोटिस कानून की नजर में गैरकानूनी और अमान्य हैं। इस संबंध में कई बार ईडी को लिखकर भेज चुका हूं लेकिन ईडी इसका कोई जवाब नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि यह नोटिस एक राजनीतिक षड़यंत्र के तहत भेजे जा रहे हैं। तथाकथित आबकारी मामले की जांच पिछले दो साल से चल रही है। इन दो सालों में इनको कुछ भी नहीं मिला। कई कोर्ट भी इनसे कई बार सवाल पूछ चुकी हैं कि कितने पैसों की रिकवरी हुई, क्या कहीं कोई सोना, जमीन के कागजात मिले या कहीं पैसे की रिकवरी हुई। लेकिन इनको कहीं कुछ नहीं मिला है। लोगों को मार-मार कर झूठे बयान लिए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दो साल से जांच चल रही है। लोकसभा चुनाव से दो माह पहले अचानक नोटिस देकर क्यों बुलाया जा रहा है। भाजपा वाले चारों तरफ घूम-घूमकर कह रहे हैं कि अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करेंगे। भाजपा वालों को कैसे पता है कि ईडी उन्हें गिरफ्तार करेगी। भाजपा गिरफ्तार करने की बात इसलिए कह रही है क्योंकि भाजपा ही ईडी को चला रही है। वहीं आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता व दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि भाजपा अपने कामों के दम पर नहीं, बल्कि सीबीआई-ईडी का इस्तेमाल करते हुए चुनाव जीतना चाहती है और ईडी के समन की स्क्रिप्ट भाजपा के मुख्यालय में तैयार की जाती है।

## यूजीसी ने विश्वविद्यालयों से दीक्षांत समारोहों में हथकरघा से बने गाउन के उपयोग का आग्रह किया

नयी दिल्ली। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने दीक्षांत समारोह जैसे विशेष अवसरों पर हथकरघा से बने गाउन का उपयोग करने का एक बार फिर आग्रह किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

आयोग ने 2015 और 2019 में भी इस संबंध में विश्वविद्यालयों को पत्र भेजा था। यूजीसी ने कहा है कि हथकरघा से बने परिधान भारत की जलवायु के अनुसार अधिक आरामदायक होते हैं और व्यक्ति के भीतर गर्व की भावना भी पैदा करते हैं। यूजीसी के सचिव मनीष आर. जोशी ने एक पत्र में कहा, 'यूजीसी के सुझाव को मानते हुए, कई विश्वविद्यालय पहले ही अपने वार्षिक दीक्षांत समारोह के दौरान औपचारिक पोशाक के लिए हथकरघा से बने परिधान का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि, यह देखा गया है कि कुछ विश्वविद्यालयों ने अब भी दीक्षांत समारोह के दौरान अपने औपचारिक ड्रेस कोड में बदलाव नहीं किया है। उन्होंने कहा, फिर से यह अनुरोध किया जाता है कि विश्वविद्यालय हथकरघा से बने परिधान को औपचारिक पोशाक के रूप में अपनाने पर विचार करें। इससे न केवल भारतीय होने पर गर्व की भावना पैदा होगी बल्कि देश में हथकरघा उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा, जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले कई लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करता है। विश्वविद्यालयों से इस संबंध में किए गए बदलाव को तस्वीरों और वीडियो के साथ साझा करने का भी अनुरोध किया गया है।

# बिलकिस बानो : दोषियों के आत्मसमर्पण का समय बढ़ाने की याचिका पर आज सुनवाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि बिलकिस बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उसके परिवार के कई लोगों की हत्या मामले में तीन दोषियों को आत्मसमर्पण करने के लिए समय बढ़ाने की उसकी याचिका पर 19 जनवरी को सुनवाई करेगा।

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना की अगुवाई वाली पीठ ने उच्चतम न्यायालय रजिस्ट्री को निर्देश दिया कि वह इस मामले की सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां सहित एक पीठ गठित करने के लिए मुख्य न्यायाधीश से निर्देश ले। शीर्ष अदालत ने अपना यह आदेश तब पारित किया जब एक वकील ने समय बढ़ाने के लिए तीन दोषियों की ओर से दायर याचिकाओं का उल्लेख किया। वकील ने कहा कि अन्य दोषी भी दिन के दौरान समय बढ़ाने के लिए इसी तरह की याचिका दायर करेंगे। शीर्ष अदालत इस मामले के 11 दोषियों को गुजरात सरकार की माफी नीति के तहत दी गई सजा में छूट को 08 जनवरी को अवैध करार देते हुए उसे रद्द कर दिया था। इसके साथ ही, अदालत ने उन्हें जेल प्रशासन के समक्ष दो सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया था, जिसकी अवधि 21 जनवरी को समाप्त होने वाली है। याचिका के मुताबिक दोषी रमेश रूपाभाई चंदना ने पारिवारिक दायित्व निभाने के लिए छह सप्ताह की मोहलत मांगी, जबकि दोषी मितेश चिमनलाल भट ने सर्दियों की उपज की कटाई के लिए छह सप्ताह का और समय देने की गुहार लगाई। एक अन्य दोषी ने अपने बूढ़े और बीमार पिता की देखभाल के लिए छह सप्ताह का अतिरिक्त समय की विनती की है। उच्चतम न्यायालय 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या मामले में अजीवन कारावास की सजा काट रहे 11 दोषियों की 2022 में समयपूर्व रिहाई के गुजरात सरकार के फैसले को अवैध करार देते हुए आठ जनवरी को रद्द कर दिया था। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने अपने फैसले में कहा था कि इस मामले में सजामाफी के मुद्दे पर फैसला लेना गुजरात सरकार के अधिकारक्षेत्र में नहीं आता, इसलिए सजामाफी देने का सरकार का फैसला रद्द किया जाता है। पीठ ने कहा था कि मुकदमे की सुनवाई महाराष्ट्र की अदालत में हुई थी, इसलिए सजामाफी का फैसला लेना वहां की सरकार के अधिकारक्षेत्र में आता है। गुजरात सरकार की 1992 की माफी नीति के तहत बाकाभाई वोहानिया, जसवंत नाई, गोविंद नाई, शैलेश भट्ट, राधेश्याम शाह, विपिन चंद्र जोशी, केशरभाई वोहानिया, प्रदीप मोढ़वाडिया, राजूभाई सोनी, मितेश भट्ट और रमेश चांदना को 15 अगस्त 2022 को गोधरा उप कारागर से रिहा कर दिया गया था। रिहा करने के फैसले को बिलकिस और अन्य की ओर से अदालत में चुनौती दी गई थी। शीर्ष अदालत ने बिलकिस की याचिका और अन्य की याचिकाओं सुनवाई पूरी होने के बाद 12 अक्टूबर 2023 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# पेज एक का शेष

### गन्ना मूल्य में ...

पहले यह 42 पैसे प्रति किलोमीटर थी, जिसमें तीन पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोत्तरी की गई है। अभी तक 8 रुपये 35 पैसे प्रति कुंतल की दर से यह ढुलाई भाड़ा रियायत मिल रही थी, जिसमें 65 पैसे की वृद्धि कर चीनी मिलों को राहत दी गई है। कैबिनेट निर्णय के अनुसार गन्ना किसानों एवं सहकारी गन्ना विकास समितियों के हितों के मद्देनजर चालू पेराई सत्र के लिए गन्ना समितियों एवं गन्ना विकास परिषदों को देय अंशदान की दर 5.50 रुपये प्रति कुन्तल निर्धारित की जाए। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। उ.प्र. गन्ना (पूर्ति एवं खरीद विनियमन) नियमावली-1954 के नियम-49 में आवश्यक संशोधन कर दिए गए हैं। पेराई सत्र 2023-24 के लिए गन्ने का राज्य परामर्शित मूल्य (एसएपी) निर्धारित किए जाने के संबंध में मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में राज्य परामर्शित गन्ना मूल्य निर्धारण संस्तुति समिति गठित की गई थी। योगी कैबिनेट की बैठक में प्रदेश में तीन नये निजी विश्वविद्यालयों को भी मंजूरी दी गई है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि निजी क्षेत्र के अंतर्गत जे एस एस विश्वविद्यालय की स्थापना नोएडा में, सरोज विश्वविद्यालय की स्थापना लखनऊ में और शारदा विश्वविद्यालय की स्थापना आगरा में किये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि योगी सरकार में उच्च शिक्षा की क्वालिटी में काफी सुधार हुआ है। आज प्रदेश में पांच सरकारी और पांच निजी विश्वविद्यालय 'ए' डबल प्लस की रैंकिंग के हैं। इसके अलावा 'ए' प्लस रैंकिंग के तीन विश्वविद्यालय हैं। वहीं बड़ी संख्या में 'ए' रैंकिंग विश्वविद्यालय प्रदेश में हैं। जबकि योगी सरकार से पहले प्रदेश में मात्र तीन 'बी' प्लस रैंकिंग के ही विश्वविद्यालय मौजूद थे। प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने में निजी विश्वविद्यालयों की अहम भूमिका साबित होगी। साथ ही साथ शिक्षा की क्वालिटी में भी सुधार होगा। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में योगी कैबिनेट ने बहु प्रतीक्षित सेमी कंडक्टर नीति 2024 को मंजूरी प्रदान की है। भारत में ये उद्योग अभी शैशव अवस्था में है। अबतक केवल गुजरात, ओडिशा और तमिलनाडु ने इसे लेकर नीति बनाई थी। यूपी चौथा राज्य है, जहां सेमी कंडक्टर नीति 2024 बनाई है, जिसे विशेषज्ञों ने सर्वोत्तम नीति बताया है। इससे बड़े पैमाने पर निवेश प्रदेश में आएगा। यूपी सेमी कंडक्टर निर्माण सेक्टर में लीडर बने इसके लिए इस नीति को लाया गया है। कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि सेमी कंडक्टर निर्माण इकाई लगाने वाले उद्योग समूहों को भारत सरकार की ओर से 80 हजार करोड़ रुपये का फंड दिये जाने की व्यवस्था है। यूपी सरकार इसमें 75 प्रतिशत की भागीदारी करेगी। पॉलिसी में उद्योगों को वित्तीय प्रोत्साहन देने की भी व्यवस्था है। इसमें लैंड सब्सिडी के रूप में 200 एकड़ तक 75 फीसदी की सब्सिडी मिलेगी। अबतक 13 कंपनियों ने प्रदेश में सेमी कंडक्टर निर्माण इकाई लगाने के लिए अपनी इच्छा जाहिर की है। उद्योगों को पर्याप्त मात्रा में पानी और निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर पेटेंट कराने पर 10 लाख तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेटेंट कराने के लिए यूपी सरकार 20 लाख रुपये प्रदान करेगी। इंडस्ट्री को स्किल्ड मैनपॉवर उपलब्ध कराने के लिए इंडस्ट्री से सीएम इंटर्नशिप प्रोग्राम के तहत कोलैबरेशन किया जाएगा। साथ ही प्रदेश के तकनीकि इंस्टीट्यूटों में भी सेमी कंडक्टर निर्माण से संबंधित ट्रेनिंग की व्यवस्था की जाएगी।

### गर्भगृह में विराजमान...

पर पहुंचा था। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूलों से वर्षा कर अपने भगवान का स्वागत किया था और जय श्री राम के जयकारे लगाया था। यात्रा में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय सहित वैदिक आचार्यों की टीम शामिल रही। इस दौरान सुरक्षा के लिये एटीएस, पीएससी, सिविल पुलिस के कड़े पहरे भी देखे गये। विग्रह के परिसर में पहुंचने से पहले ड्रोन से निगरानी की गयी और जिन-जिन मार्गों से ड्रोन गुजरा उनको पूरी तरह खाली करा दिया गया था।

### मोदी ने राम मंदिर...

माध्यम से प्रभु श्रीराम के प्रति भक्ति व्यक्त की गई है और लोकप्रिय चौपाई 'मंगल भवन अमंगल हारी' के उल्लेख के साथ राष्ट्र के विकास की कामना की गई है। इन टिकटों पर सूर्यवंशी राम के प्रतीक सूर्य की छवि है, जो देश में नए प्रकाश का संदेश भी देता है। इनमें पुण्य नदी सरयू का चित्र भी है, जो राम के आशीर्वाद से देश को सदैव गतिमान रहने का संकेत करती है। मंदिर के आंतरिक वास्तु के सौंदर्य को बड़ी बारीकी से इन डाक टिकटों पर प्रिंट किया गया है। प्रधानमंत्री ने उन संतों की भी प्रशंसा की, जिन्होंने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ मिलकर स्मारक टिकट जारी करने में डाक विभाग का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम, माता सीता और रामायण से संबंधित शिक्षाएं समय, समाज, जाति, धर्म और क्षेत्र की सीमाओं से परे, हर एक व्यक्ति से जुड़ी हैं। सबसे मुश्किल कालखंड में भी त्याग, एकता और साहस दिखाने वाली रामायण, अनेक मुश्किलों में भी प्रेम की जीत सिखाने वाली रामायण पूरी मानवता को खुद से जोड़ती है। यही कारण है कि रामायण पूरे विश्व में आकर्षण का केंद्र रही है। आज जिन पुस्तकों का लोकार्पण हो रहा है, वो इन्हीं भावनाओं का प्रतिबिंब हैं कि कैसे पूरे विश्व में भगवान राम, माता सीता और रामायण को बहुत गौरव से देखा जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कंबोडिया, कनाडा, चेक गणराज्य, फिजी, इंडोनेशिया, श्रीलंका, न्यूजीलैंड, थाईलैंड, गुयाना और सिंगापुर उन कई देशों में से हैं, जिन्होंने भगवान राम के जीवन की घटनाओं पर बहुत रुचि के साथ डाक टिकट जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम और माता जानकी की कहानियों के बारे में सम्?पूर्ण जानकारी वाला जारी किया गया नया एलबम उनके जीवन के बारे में जानकारी देगा। यह बताएगा कि भगवान राम किस तरह भारत से बाहर भी उतने ही महान आदर्श हैं और कैसे विश्व की तमाम सभ्यताओं पर प्रभु श्रीराम का गहरा प्रभाव रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मिकी का वह आह्वान आज भी अमर है जिसमें उन्होंने कहा थाः यावत स्थास्यन्ति गिरयः, सरितश्च महीतले। तावत रामायणकथा, लोकेषु प्रचरिष्यति अर्थात, जब तक पृथ्वी पर पर्वत हैं, नदियां हैं, तब तक रामायण की कथा, श्रीराम का व्यक्तित्व लोक समूह में प्रचारित होता रहेगा।

### अभी और गहराएगी ठंड...

अयोध्या, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, आगरा, झांसी मंडलों में दिन का तापमान सामान्य से काफी कम रहा। मेरठ मण्डल में सामान्य से कम रहा। बुधवार की रात प्रदेश में सबसे कम रात का तापमान फतेहगढ़ और मुजफ़्फ़रनगर में पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### अमीर-गरीब...

अंदर सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं हैं। शिक्षकों को सम्मान मिलता है। शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए आईआईएम और विदेशों में भेजा जाता है। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि अमीर और गरीब के बच्चों एक जैसी शिक्षा मिलनी चाहिए, आज हमने यह उपलब्धि हासिल कर ली है। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में अमीर-गरीब दोनों के बच्चे पढ़ने जाते हैं। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा, हम अपने स्कूलों में जो देख रहे हैं, वह सिर्फ आज की तस्वीर नहीं है, बल्कि आने वाले सालों में हमारे देश की क्या तस्वीर होने वाली है, वह दिखाती है। आज हमारे स्कूलों में पढ़ाई का जो माहौल है. बच्चों में जिस एक्सीलेंस को देख रहे है. शिक्षकों के टीचिंग-लर्निंग के तरीकों में जो बदलाव देख रहे हैं, इन सब पर बहुत गर्व होता है।

### 'लाल सागर, अदन...

हमारी स्थिति कई मौकों पर स्पष्ट रूप से व्यक्त की गई है। हमने आतंकवाद की निंदा की है, बंधकों की रिहाई का आह्वान किया है, नागरिकों की सुरक्षा की मांग की है और मानवीय सहायता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। हम इज़रायल एवं फिलिस्तीन के दो देशों के दीर्घकालिक समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# चंडीगढ़ में स्थगित हुआ मेयर का चुनाव, अधिकारी के बीमार होने को बताया गया कारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। चंडीगढ़ नगर निगम में मेयर पद के लिए गुरुवार को होने वाले चुनाव को टाल दिया गया है। इसके पीछे चुनाव अधिकारी अनिल मसीह के बीमार होने का तर्क दिया गया। मतदान से पहले भाजपा का कोई भी पार्षद निगम में नहीं पहुंचा, जबकि आईएनडीआईए गठबंधन की तरफ से कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के सभी पार्षद यहां पहुंचे हुए थे। चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव को लेकर कई दिनों से राजनीति गरमाई हुई है। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी तथा कांग्रेस ने आईएनडीए का हवाला देकर गठबंधन किया था। कांग्रेस की तरफ से पूर्व मंत्री पवन बंसल तथा आप की तरफ से राघव चड्ढा यहां मोर्चा संभाले हुए हैं। चंडीगढ़ नगर निगम में कुल 35 पार्षद हैं, जिनमें भाजपा के 14, आप के 13, कांग्रेस के सात व शिरोमणि अकाली

## ■ आईएनडीए गठबंधन बोला, हाई कोर्ट में दायर करेंगे याचिका

दल का एक पार्षद है। एक वोट सांसद का भी गिना जाता है। भाजपा ने यहां मेयर पद के लिए मनोज सोनकर तथा आईएनडीए गठबंधन ने कुलदीप टीटा को उतारा हुआ है। सीनियर डिप्टी मेयर तथा डिप्टी मेयर पदों के लिए भी भाजपा व आईएनडीआईए गठबंधन के बीच सीधी टक्कर है। गुरुवार को चंडीगढ़ प्रशासन की तरफ से मेयर चुनाव को देखते हुए छह सौ से अधिक पुलिस के जवानों को तैनात किया गया था। इस चुनाव के लिए नामजद पार्षद अनिल मसीह को चुनाव अधिकारी बनाया गया था। तय समय पर कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के निगम पार्षद अपने-अपने समर्थकों



समेत निगम कार्यालय पहुंच गए। इस बीच नगर निगम के जॉइंट कमिश्नर की ओर से सभी पार्षदों को वॉट्सएप पर मैसेज भेजा दिया गया। इसमें लिखा है कि पीठासीन प्राधिकारी के रूप में नामित अनिल मसीह के खराब स्वास्थ्य के संबंध में एक टेलीफोन संदेश प्राप्त हुआ है, इसलिए कृपया अगले आदेश प्राप्त होने तक निगम कार्यालय न पहुंचें। यह मैसेज मिलते ही आप व कांग्रेस कार्यकर्ता भड़क गए और उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी। भारी हंगामे के बीच पुलिस ने कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर स्थिति को संभाला। आप सांसद राघव चड्ढा और पूर्व मंत्री पवन बंसल को भी निगम में घुसने नहीं दिया गया। दोनों नेताओं ने कहा कि इसको लेकर वह हाई कोर्ट जाएंगे। भाजपा पार्षदों ने कहा कि चुनाव अधिकारी पंजाब सरकार के अफसर हैं, हमें शक है कि पंजाब सरकार के इशारे पर चुनाव टाले गए हैं। चुनाव रद्द होने के बाद आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि भाजपा यह चुनाव रद्द करना चाहती है, क्योंकि भाजपा के पास बहुमत नहीं है। इस बार आईएनडीआईए गठबंधन का यह पहला चुनाव था। गठबंधन इस चुनाव को जीतने जा रहा था, लेकिन भाजपा गैर कानूनी हथकंडे अपना कर चुनाव को रद्द करवाना चाहती है। इन्होंने चुनाव अधिकारी को बीमार घोषित कर दिया है। राघव चड्ढा ने बताया कि अब हम पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट जाएंगे और कोर्ट से मेयर का चुनाव कराने की गुहार लगाएंगे।

# सीडीएस ने उत्तराखंड के राज्यपाल से की भेंट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। सीडीएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) जनरल अनिल चौहान ने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से उत्तराखंड सदन, नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश के राज्यपाल और सीडीएस ने राष्ट्रीय सुरक्षा, सैनिक कल्याण और विभिन्न सुरक्षा मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। उन्होंने कश्मीर और सेना मुख्यालय में सैन्य सेवाओं के दौरान एक साथ बिताए गए पुराने दिनों को याद किया। राज्यपाल ने उन्हें उत्तराखंड आने का निमंत्रण भी दिया। उन्होंने कहा कि हर उत्तराखंडी और भारतीय को उन पर बहुत गर्व है।

# गीता भवन में भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान



## ■ सांस्कृतिक उत्सव में जन-जन की भागीदारी के लिए मंडल अध्यक्ष चमोली ने किया प्रेरित


कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई टिहरी। अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में चलाये जा रहे सांस्कृतिक उत्सव के तहत भाजपाइयों ने नई टिहरी मंडल के अध्यक्ष गोपी राम चमोली अगुवाई में गुरुवार को गीता भवन में वृहत स्तर पर पूजा-अर्चना के बाद स्वच्छता अभियान चलाया। गीता भवन में भाजपाइयों ने एकत्र होकर सुबह के वक्त पूजा-अर्चना कार्यक्रम आयोजित करने के बाद स्वच्छता अभियान चलाया। जिसके तहत गीता भवन के परिसर सहित भवन के भीतर पूरी तन्मयता से साफ-सफाई की गई। इस मौके पर नई टिहरी भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपी राम चमोली ने कहा कि सांस्कृतिक उत्सव पूरे जनपद में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल के निर्देशन में धूमधाम मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में सांस्कृतिक उत्सव के लिए जोश बना हुआ है। चमोली ने कार्यकर्ताओं को सांस्कृतिक उत्सव में भागीदारी को लेकर प्रेरित करते हुए कहा कि श्रीराम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को जन-जन के मन में जगाने का काम कार्यकर्ता व पदाधिकारी करें। सांस्कृतिक उत्सव के तहत मंदिरों-मठों की सफाई, नगर पालिका व ग्राम सभाओं के सार्वजनिक स्थलों की सफाई सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कार्यक्रमों को पूरी तत्परता से सफल बनायें। मंदिरों की साज-सज्जा के साथ ही कीर्तन व भजनों का भी आयोजन भी किया जाये। सफाई अभियान में नई टिहरी के मंडल अध्यक्ष गोपी राम चमोली, भाजपा के जिला महामंत्री उदय रावत, विजय कठैत, उर्मिला राणा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य खेम सिंह चौहान, लीला मखलोगा, लक्ष्मी रावत, धर्मा भंडारी, हेमा विष्ट, पीताम्बर, सरला नेगी, अंबिका देवी, सरस्वती चौहान आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड में बर्फबारी से बढ़ी ठंड, मैदानी इलाकों में कोहरे को लेकर अलर्ट जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बदरी-केदारनाथ धामों में बर्फबारी के साथ निचले इलाकों में पाला पड़ने से ठंडी बढ़ गई है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान में आगामी दो दिनों में मैदानी इलाकों में कोहरा छाने का अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि आज गुरुवार सुबह 10 बजे के करीब सूर्यदेव के निकलने से लोगों को ठंड से राहत मिली। बुधवार को हुई बर्फबारी से पहाड़ के तापमान में एक बार फिर से कमी आई है। चोटियों से लेकर मैदानी इलाकों तक कड़ाके की ठंड से लोगों की कंपकपा छुटा रही है। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी से लोगों ने राहत की सांस ली है। इससे राज्य में पर्यटक यहां का रुख करेंगे, जिसका व्यापारियों का लंबे समय से इंतजार था। बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, औली और हर्षिल में साल का पहला



हिमपात हुआ है। बदरीनाथ के साथ ही हनुमानचट्टी, सतोपंथ, फूलों की घाटी, हेमकुंड, गौरसो बुग्याल समेत ऊंची पहाड़ियां बर्फ से ढकने लगी हैं। गंगोत्री धाम की पहाड़ियों पर हल्की बर्फ गिरी है। हर्षिल घाटी में भी बर्फबारी होने से ठंड बढ़ गई है। औली में दो इंच तक बर्फ जम चुकी है। ठंड से बचने को लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान में कहा गया है कि राज्य के पर्वतीय इलाकों में कहीं-कहीं पाला पड़ने और उधम सिंह नगर व हरिद्वार जनपद में में कहीं-कहीं शीत दिवस, कुछ जगह घना कोहरा ओर कुछ जगह घना कोहरा का प्रभाव आगामी दिनों तक देखने को मिल सकता है। उधम सिंह नगर और हरिद्वार में घना कोहरा से अधिक यात्रा समय ड्राइविंग की स्थिति मुश्किल होने के साथ ही कहीं-कहीं सड़क यातायात टकराव का खतरा बना रहेगा। कम तापमान से सर्द हवाएं और ठंड अधिक रहेगी। पर्वतीय क्षेत्रों में पाला फसलों की कोशिकाओं और फसलों को नुकसान पहुंचाता है, जिससे कीट और रोगों का फसल पर आक्रमण की संभावना होती है। बर्फ के जमाव के कारण फिसलन भरी सड़कें के अलावा रात और सुबह के समय ठंड बढ़ सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह का कहना है कि 19 जनवरी को उत्तराखंड का मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। देहरादून, पौड़ी और नैनीताल जनपदों में कहीं-कहीं कोहरा छाये रहने और हरिद्वार और उधम सिंह नगर जिले में घने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## नए रूप में दिखाई देंगे होलिका ग्राउंड और मिनी स्टेडियम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हल्द्वानी। शहर में होलिका ग्राउंड और मिनी स्टेडियम अब नए रूप में दिखाई देंगे। इनके सौंदर्यीकरण का डिजाइन निर्माण समिति ने तैयार किया है। डिजाइज मंजूरी के लिए डीएम को भेजा गया है। डीएम की मंजूरी भी मिल गई। अब निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। शहर की सड़कों को चौड़ाकर सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसके लिए प्रशासन शहर में सरकारी भवनों से लेकर व्यापारियों की अतिक्रमित दुकानों को भी तोड़ रहा है। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने बताया कि सौंदर्यीकरण की जद में आ रहे निजी भवनों को नोटिस जारी करने के साथ ही सरकारी संपत्तियों से अतिक्रमण लगातार हटाया जा रहा है। मिनी स्टेडियम की दीवार ही मंगलपड़ाव में मौजूद होलिका ग्राउंड को तोड़ दिया गया है। अब इन्हें नए रंग रूप में बनाए जाने की कार्रवाई प्रशासन ने शुरू कर दी है। डिजाइन की मंजूरी मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है।

# मसूरी टिहरी बाइपास के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटी, पांच लोग घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मसूरी टिहरी बाइपास आईडीएच बिल्डिंग के पास एक कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई, जिसमें सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से मसूरी उप जिला चिकित्सालय ले जाया गया है। दो लोगों की गंभीर हालत को देखते हुए उनको देहरादून हायर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। गुरुवार सुबह के समय उत्तरकाशी से देहरादून की ओर जा रही कार यूके02 टी 7954 टिहरी बायपास रोड आइडिया बिल्डिंग के पास अनियंत्रित होकर पहाड़ से टकराई और सड़क पर पलट गई जिसमें सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो



गए। घटना की सूचना मिलते ही मसूरी पुलिस 108 एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उप जिला चिकित्सालय ले जाया गया है। सीएमएस उप जिला चिकित्सालय मसूरी डा.यतेन्द्र सिंह ने बताया कि कार में सवार शांति प्रसाद पुत्र स्वर्गीय दयाराम (74), जानकी देवी पत्नी शांति प्रसाद(65) निवासी उत्तरकाशी निवासी उत्तरकाशी, सोनिका देवी पत्नी सुशांत(22) सुशांत पुत्र कृष्ण भट्ट(25) और भारत पुत्र बलराम उपाध्याय(27) निवासी बंजारा वाला पटेल नगर देहरादून घायल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि सुशांत और सुशांत की पत्नी की गंभीर चोट आई है, जिनको देहरादून हायर सेंटर रेफर किया गया है। मसूरी पुलिस ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

## स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत नड्डा ने दिल्ली के पशुपतिनाथ मंदिर में किया श्रमदान



नई दिल्ली। स्वच्छ तीर्थ अभियान के अंतर्गत गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने दिल्ली के विश्वास नगर में पशुपतिनाथ मंदिर में श्रमदान दिया। इस दौरान मंदिर में उन्होंने पूजा अर्चना भी की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' से पहले मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाने का आह्वान किया है। इस अभियान के अंतर्गत सभी भाजपा नेता और कार्यकर्ता देश भर के धार्मिक स्थलों में श्रमदान कर रहे हैं।

## सर्दी के चलते शुक्रवार को भी रहेगी कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों की छुट्टी

**हरिद्वार।** मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए जनपद के समस्त स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र शुक्रवार को भी बंद रहेंगे। जिलाधिकारी की ओर से बढ़ते कोहरे और ठंड को देखते हुए इसके आदेश दिए गए हैं। ठंड के चलते 16 जनवरी को जिलाधिकारी ने अवकाश घोषित कर दिया था। 17 जनवरी को सरकारी छुट्टी होने से 18 जनवरी से स्कूल खुलने की उम्मीद थी, लेकिन बुधवार शाम जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने कक्षा एक से आठ तक के सभी सरकारी, निजी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों को गुरुवार को बंद रखने के आदेश जारी कर दिए।

## दिव्यांग महिला से उधार लिए 20 हजार, चुकाने के नाम पर दी धमकी

हल्द्वानी। पुलिस थाने में सुनवाई न होने पर कोर्ट पहुंची दिव्यांग महिला ने न्याय की गुहार लगाई। न्यायालय के आदेश पर मुखानी पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। कुसुमखेड़ा स्थित गैस गोदाम रोड निवासी प्रभावती देवी उर्फ पार्वती देवी के मुताबिक वह कपड़ों की सिलाई करके परिवार का पालन-पोषण करती हैं। एक पैर से दिव्यांग हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में हरिपुर नायक निवासी नरेंद्र जाटव ने उनसे 20 हजार रुपये उधार लिए थे। बार-बार तकादा करने पर 20 हजार रुपये का चेक दिया गया। आरोप है जब उन्होंने चेक बैंक में लगाया तो पता चला कि आरोपित नरेंद्र ने चेक गलत नाम से भरा था। इसकी वजह से वह बाउंस हो गया। पीड़िता ने जब यह बाद आरोपित को बताई तो उसने धमकाना शुरू कर दिया। साथ ही उसे व उसके पति को मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़िता जब इसकी शिकायत लेकर मुखानी थाने पहुंची तो न मुकदमा दर्ज किया गया और न ही कोई कार्रवाई हुई।

# सरकारी आवास खाली करने के ताजा नोटिस पर महुआ मोइत्रा पहुंचीं दिल्ली हाई कोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा ने सरकारी आवास खाली करने के ताजा नोटिस के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हाई कोर्ट महुआ की याचिका पर आज ही सुनवाई करेगा। महुआ मोइत्रा को 16 जनवरी को सरकारी बंगला तुरंत खाली करने का नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि अगर बंगला खाली नहीं किया गया तो बल प्रयोग भी किया जा सकता है। इसके पहले भी महुआ मोइत्रा को बंगला खाली करने का आदेश दिया गया था, जिसमें 7 जनवरी तक बंगला खाली करने का आदेश दिया गया था। उस नोटिस को महुआ मोइत्रा ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। बाद में महुआ ने दिल्ली हाई कोर्ट से याचिका वापस ले ली थी और कहा था कि वो संपदा निदेशालय से संपर्क कर 2024 के लोकसभा चुनाव तक बंगला खाली नहीं करने का आग्रह करेंगी। अब महुआ को बंगला खाली करने का ताजा नोटिस जारी किया गया है,



जिसमें बल प्रयोग की भी बात कही गई है। महुआ मोइत्रा ने संसद से अपने निष्कासन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए लोकसभा सचिवालय को नोटिस जारी किया है। 8 दिसंबर, 2023 को लोकसभा ने महुआ मोइत्रा की लोकसभा सदस्यता खत्म कर दी थी। संसद की एथिक्स कमेटी ने महुआ मोइत्रा को पैसे लेकर सवाल पूछने के आरोप को सही मानते हुए संसद की सदस्यता खत्म करने की अनुशंसा की थी। महुआ मोइत्रा पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पैसे लेकर सवाल पूछने का आरोप लगाया था। मोइत्रा पर आरोप था कि उन्होंने एक कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से पैसे लेकर अडानी के बारे में सवाल पूछे थे और अपना लॉग-इन पासवर्ड भी हीरानंदानी से साझा किया था।

# 'बिल लाओ ईनाम पाओ' योजना के तहत 14वें लकी ड्रॉ की घोषणा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। वित्त मंत्री डॉ. प्रेम चन्द अग्रवाल की ओर से 'बिल लाओ इनाम पाओ' योजना के तहत गुरुवार को विधान सभा स्थित सभागार कक्ष में ऑनलाइन माध्यम से दिसम्बर 2023 में उपभोक्ताओं की ओर से अपलोड किये गये बिलों को 14वें लकी ड्रॉ की घोषणा की गई।

इस मौके पर मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने कहा कि आज 14 वें मासिक लकी ड्रॉ के ऐसे विजेताओं का चयन किये जाने के लिए आयोजित किया गया है, जिनके ओर से पंजीकृत व्यापारियों से की गयी खरीद पर प्राप्त बिल को अपलोड किया गया है। मासिक लकी ड्रॉ में 01 दिसम्बर, 2023 से 31 दिसम्बर, 2023 तक की अवधि में की गयी खरीद पर अपलोड किये गए कुल 78,106 बिलों को शामिल किया गया है। मंत्री ने कहा कि बिल लाओ इनाम पाओ योजना के अन्तर्गत अब तक लगभग 72,969 उपभोक्ता पंजीकृत हुए हैं,





जिनके ओर से लगभग 207.20 करोड़ मूल्य के 4,41,820 बिल अपलोड किये गये हैं। योजना की लोकप्रियता को देखते हुए योजना के अंतर्गत मासिक पुरस्कार दिए जाने की अवधि को दिनांक 30 नवम्बर, 2023 से बढ़ाकर दिनांक 31 मार्च, 2024 तक किया गया है। योजना की लोकप्रियता इतनी अधिक है कि अन्य राज्यों की ओर से भी इस योजना का अनुसरण किया जा रहा है। वहीं केन्द्र सरकार की ओर से इस तरह की योजना लांच की गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि ग्राहकों को मासिक पुरस्कार के अंतर्गत 1500 पुरस्कार दिए जा रहे हैं। आज के पश्चात भी प्रत्येक माह 31 मार्च, 2024 तक उपभोक्ताओं के पास बिल अपलोड करने पर मासिक पुरस्कार के रूप में 500 मोबाइल फोन, 500 स्मार्ट वॉच तथा 500 ईयर फोन को जीतने का अवसर होगा। मंत्री ने बताया कि गत वर्ष 2022-23 (माह दिसम्बर तक) 5596 करोड़ राजस्व की तुलना में संगत वर्ष 2023-24 (माह दिसम्बर तक) में 6122 करोड़ राजस्व प्राप्त किया गया है, जो कि लगभग 9 प्रतिशत अधिक है। माह दिसम्बर, 2022 में प्राप्त राजस्व 573 करोड़ की तुलना में माह दिसम्बर, 2023 में प्राप्त राजस्व 684 करोड़ है, जो कि लगभग 19 प्रतिशत अधिक है। इस अवसर पर डॉ.अहमद इकबाल, आयुक्त राज्य कर सहित अन्य विभागीय अधिकारियों के रूप में आई,एस.बृजवाल, अपर आयुक्त (विशेष वेतनमान) राज्य कर, अनिल सिंह, अपर आयुक्त राज्य कर, अमित गुप्ता, अपर आयुक्त राज्य कर, अनुराग मिश्रा, संयुक्त आयुक्त राज्य कर तथा एस.एस. तिरुवा, संयुक्त आयुक्त राज्य कर उपस्थित थे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063